CMYK

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 11°C
तापमान

सेंसेक्स 75,967.39
निफ्टी 22,945.30

सोना 88,120
चांदी 100,500

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

देहरादून, गुरुवार 20 फरवरी 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 200 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2081 21 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### सऊदी अरब में अमेरिका-रूस वार्ता बहुत अच्छी रही: ट्रम्प

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### गिल और तीक्षणा एकदिवसीय रैंकिंग में शीर्ष पर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## उत्तराखंड कैबिनेट की राज्य में भू-कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी

# राज्य की संस्कृति और मूल स्वरूप की रक्षक प्रदेश सरकार: धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार की मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में सशक्त भू-कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी मिल गई है। इस भू-कानून संशोधन विधेयक को विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में पेश किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में पहले से अस्तित्व में चल रहे भू-कानून में धामी कैबिनेट में कुछ संशोधन करके सख्त प्रावधान किए गए हैं। राज्य में देहरादून और विशेषतौर पर पर्वतीय इलाकों में कृषि भूमि की राज्य के बाहर के लोगों द्वारा खरीद-फरोख्त को देखते हुए एक सशक्त भू-कानून की मांग लगातार उठती रही है। पिछले दिनों भी इसको लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा आवाज उठाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए आज कैबिनेट ने सख्त भू-कानून को मंजूरी -शेष पृष्ठ दो पर...



### उत्तराखंड में राजकीय सम्मान से होगी पूर्व विधायकों की अंत्येष्टि

**देहरादून।** सीएम धामी ने कहा कि समाज में काम करने वालों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से हो, हमारा ये प्रयास होता है। सीएम ने सदन में घोषणा की कि जो भी पूर्व विधायक होंगे या समाज में उल्लेखनीय काम किया होगा, उनकी अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से की जाएगी। बुधवार को सदन में बसपा विधायक शहजाद की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में घोषणा की कि अब पूर्व विधायकों सहित समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

### नए भू-कानून के प्रमुख प्रावधान!

1- पूर्व सरकार द्वारा 2018 में लागू किए गए प्रावधानों को नए कानून में किया गया समाप्त।

2- हरिद्वार व उधमसिंह नगर को छोड़कर राज्य के 11 अन्य जिलों में राज्य के बाहर के व्यक्ति कृषि बागवानी की भूमि नहीं खरीद पाएंगे।

3- पहाड़ी इलाकों में भूमि का सही उपयोग सुनिश्चित करने और अतिक्रमण रोकने के लिए चकबंदी और बंदोबस्ती की जाएगी।

4- जिलाधिकारी व्यक्तिगत रूप से भूमि खरीद की अनुमति नहीं दे पाएंगे।

5- जमीन खरीद के लिए पोर्टल बनाया जाएगा, ऑनलाइन पोर्टल से होगी भूमि खरीद की निगरानी।

6- बाहरी लोगों को जमीन खरीदने के लिए शपथ पत्र देना -शेष पृष्ठ दो पर...

# सियासी स्वार्थ को सनातन व भारत को बदनाम न करे विपक्ष : योगी

लखनऊ, वार्ता



महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों पर मिथ्या प्रलाप का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि विपक्ष राजनीतिक स्वार्थ के लिए पुरातन सनातन संस्कृति और भारत को बदनाम न करे।

योगी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि आप भारत को क्यों बदनाम कर रहे हैं। मुझे अफसोस है कि आप भाजपा से लड़ते-लड़ते भारत से लड़ने लगे। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्य 'हमारा देश कभी विकसित भारत नहीं बन सकता' को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए अखबार में छपी एक खबर दिखाई और बोले कि एक राजनीतिक दल अपने देश के प्रति इतनी दुर्भावना रखता है। अब तो लोग भी कहने लगे कि राहुल गांधी की उपस्थिति देश और अखिलेश यादव की उपस्थिति उत्तर प्रदेश में भाजपा के जीत की गारंटी है। यह गारंटी उपचुनाव ने दे दी है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। शालीनता व मर्यादा से अपनी बात रखिए, लेकिन जीवित लोगों को मृतक न बताइए।

### बालाघाट में पुलिस मुठभेड़, चार महिला नक्सली ढेर

**बालाघाट/भोपाल।** मध्य प्रदेश के नक्सली प्रभावित बालाघाट जिले के जंगल में बुधवार को पुलिस ने मुठभेड़ में चार महिला नक्सलियों को मार गिराया। घटनास्थल से काफी मात्रा में हथियार और अन्य सामग्री मिली है। राज्य के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने बताया कि छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि चार महिला नक्सली मारी गई हैं। जंगल क्षेत्र में बुधवार को दिन में काफी देर तक मुठभेड़ चली। चार महिला नक्सलियों के शव बुधवार को दोपहर तक पुलिस को मिल चुके हैं। इस बीच सीएम डा. मोहन यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 तक देश से नक्सलियों के सफाए का संकल्प लिया है और इसके अनुरूप मध्य प्रदेश में भी कार्रवाई चल रही है। आज के मुठभेड़ स्थल बालाघाट जिले के जंगल से हथियार भी मिले हैं।

### आपदा प्रभावित पांच राज्यों के लिए 1554 करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1554.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को बुधवार को मंजूरी दी। गृह मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार का यह कदम प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है, जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। 1554.99 करोड़ रुपये की कुल राशि में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नागालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

### ज्ञानेश कुमार ने सीईसी का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली।** नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डा. विवेक जोशी ने बुधवार को यहां अपना कार्यभार संभाल लिया। ज्ञानेश कुमार भारत के 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं। उन्होंने राजीव कुमार का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल मंगलवार को सम्पन्न हुआ। ज्ञानेश कुमार का निर्वाचन आयोग के मुख्यालय पर निर्वाचन आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने स्वागत किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नई जिम्मेदारी संभालने के बाद एक संक्षिप्त संदेश में नागरिकों विशेषकर युवा नागरिकों के लिए कहा कि उन्हें मतदान की जिम्मेदारी जरूर निभानी चाहिए।

# बड़े वकील के नाम पर सुनवाई स्थगित नहीं करेंगे: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने अधिवक्ता को फटकार लगाते हुए दी नसीहत

नई दिल्ली, वार्ता

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान वकील ने पीठ से सुनवाई स्थगित करने की मांग की, क्योंकि एक वरिष्ठ वकील सुनवाई में शामिल होने वाले थे। इस पर पीठ ने वकील को फटकार लगाई और सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि किसी बड़े वकील का नाम लेकर आप मामले की सुनवाई स्थगित करा लेंगे, तो आपका ये सोचना गलत है।

जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान ये टिप्पणी की। दरअसल सुनवाई के दौरान पेश हुए एक वकील ने कोर्ट से अपील की कि सुनवाई को चार हफ्ते के लिए स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे इस मामले में आगे सुनवाई में शामिल होंगे। वकील ने बताया कि साल्वे अभी विदेश में हैं और जब वे वापस भारत लौटेंगे, तो सुनवाई में शामिल होंगे।

इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्या आपको ऐसा लगता है कि हम मामले की सुनवाई इसलिए स्थगित कर देंगे, क्योंकि आपने एक वरिष्ठ वकील का नाम लिया है? वकीलों को ये आदत छोड़नी होगी। हम इस आधार पर सुनवाई स्थगित नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि हम इस सोच को खत्म करना चाहते हैं। हालांकि बाद में पीठ ने वकील की अपील को स्वीकार कर लिया और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। हरीश साल्वे देश के जाने-माने वकील हैं और कई हाई प्रोफाइल मामलों से जुड़े रहे हैं।

इससे पहले जनवरी में भी अदालत ने एक वकील को फटकार लगाई थी, क्योंकि वकील अपनी कार से ही सुनवाई में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए थे। अदालत ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए वकील को फटकारा था और अदालत की गरिमा बनाए रखने का निर्देश दिया था।

दूसरी ओर सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था।इससे पहले कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि वह मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 19 फरवरी को प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई करेगा।



- शीर्ष अदालत ने एक व्यवसायिक विवाद के मामले में सुनवाई के दौरान की तल्ख टिप्पणी
- सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई टली

### श्रीशैलम मंदिर मामले में आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम मंदिर के बाहर गैर-हिंदुओं को दुकान खोलने व चलाने के आवेदन पर रोक के मामले पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। रोक लगाने के आंध्र प्रदेश सरकार के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने बाजार के नवीनीकरण और संचालन के लिए टेंडर करने की प्रक्रिया को जारी रखने की अनुमति को बहाल रखा। जस्टिस अभय एस. ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने श्रीशैलम मंदिर की दुकानों के मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हमें इस बात की गारंटी चाहिए कि आप इस सरकारी आदेश पर कोई कार्रवाई नहीं करेंगे? सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार का आदेश गैर-हिंदुओं को मंदिर के पास दुकानों के लिए आवेदन करने और किए गए आवेदनों पर विचार किए जाने से रोकता है। ऐसे में फिलहाल के लिए यह उचित होगा कि इस पर रोक लगाई जाए। सुनवाई के दौरान आंध्र प्रदेश सरकार के वकील ने कहा कि कोर्ट हमें अतिरिक्त हलफनामा दाखिल करने के लिए समय दें। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य को अतिरिक्त दस्तावेज दाखिल करने की अनुमति देते हुए कहा। अब मुख्य मामले की सुनवाई की अगली तारीख पर ही इस अर्जी पर भी सुनवाई होगी।

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की सीएम

## रामलीला मैदान में आज सुबह 11 बजे होगा शपथ ग्रहण

नई दिल्ली, वार्ता

दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। रेखा गुप्ता को राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया है। रामलीला मैदान में (आज) गुरुवार 20 फरवरी को सुबह करीब 11.00 बजे दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण कार्यक्रम शुरू होगा।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना दोपहर 12.35 बजे नए मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को शपथ दिलाएंगे। पहले यह कार्यक्रम शाम 4.30 बजे के लिए प्रस्तावित था। बुधवार शाम को दिल्ली में भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक हुई, जिसमें विधायक दल के नेता का चुनाव किया गया। इससे पहले बुधवार की दोपहर में भाजपा के संसदीय बोर्ड ने दिल्ली प्रदेश में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए। भाजपा ने रविशंकर प्रसाद, ओपी धनखड़ को पर्यवेक्षक बनाया था। इन्हीं की उपस्थिति में शाम को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा भाजपा- एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रहने की भी उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने सुरक्षा के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया है। चूंकि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मौजूद रहेंगे, इसलिए उनकी सुरक्षा में एसपीजी का घेरा मौजूद रहेगा। शपथ ग्रहण समारोह में नेताओं के अलावा बॉलीवुड के कुछ लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, इसके अलावा वहां पर साधु-संतों को भी न्योता दिया गया है।



- भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक में विधायक दल की नेता का चुनाव किया गया

### दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी रेखा गुप्ता, कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को चुन लिया। पार्टी ने दिल्ली में अभी कोई उपमुख्यमंत्री नहीं चुना है। दिल्ली विधानसभा चुनावों में दो तिहाई बहुमत से विजयी हुई भाजपा दिल्ली प्रदेश मुख्यालय में हुई नवनिर्वाचित विधायक दल की बैठक में केन्द्रीय पर्यवेक्षक रविशंकर प्रसाद, ओमप्रकाश धनखड़ एवं चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा की मौजूदगी में रेखा गुप्ता को नेता चुना गया। पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख ने बताया कि बैठक में प्रवेश वर्मा, विजयेन्द्र गुप्ता और सतीश उपाध्याय ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव किया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। बैठक में कोई भी उप मुख्यमंत्री के रूप में नहीं चुना गया। बाद में रेखा गुप्ता ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व, विधायकों एवं दिल्ली की जनता के प्रति आभार प्रकट किया।

### पढ़ाई-लिखाई के दौर में ही राजनीति से जुड़ गई थी शालीमार बाग से विधायक रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे मौजूदा समय में दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। 50 वर्षीय रेखा का जन्म हरियाणा के जींद जिले में स्थित नंदगढ़ गांव में 1974 में हुआ था। उनके पिता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी पद पर थे। 1976 में रेखा का परिवार दिल्ली में शिफ्ट हो गया था। तब उनकी उम्र महज दो साल थी। इसके बाद रेखा की प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक दिल्ली में हुई। रेखा गुप्ता बचपन में पढ़ाई-लिखाई के दौरान ही आरएसएस के स्टूडेंट विंग अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़ गई थीं। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान वह दौलत राम कालेज में सचिव का चुनाव जीतने में सफल रहीं। 1995-96 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ - शेष पृष्ठ दो पर...

# यौन उत्पीड़न मामले में पूर्व अफसर की सजा बरकरार

मुंबई, वार्ता

- बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- बच्ची बैड टच समझती थी, सैन्य अदालत ने सुनाई थी पांच साल की सजा

बॉम्बे हाईकोर्ट ने पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल की पांच साल की सजा को बरकरार रखा। कोर्ट के अनुसार पीड़ित को बैड टच की पूरी समझ थी। मामला 11 साल की बच्ची के यौन शोषण से जुड़ा है। इसमें सैन्य अदालत ने दोषी को 5 साल की सजा सुनाई थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार घटना फरवरी 2020 में हुई थी। अफसर ने एक हवलदार और बच्चों को मिलने बुलाया था। हवलदार अपनी बेटी और बेटे के साथ अधिकारी से मिलने उनके कमरे में गए थे। जैसे ही बच्ची के पिता कमरे से बाहर गए, तो अफसर ने बदसलूकी की। इसके बाद बच्ची ने तुरंत अपने पिता को फोन करके घटना के बारे में बताया। बच्ची के बयान पर शिकायत दर्ज कराई गई। नाबालिग ने अपने पिता को अफसर की बदसलूकी के बारे में जानकारी दी। मार्च 2021 में सेना के जनरल कोर्ट मार्शल ने पूर्व अधिकारी को नाबालिग लड़की पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत दोषी ठहराया था। आर्म्ड फोर्सेस ट्रिब्यूनल में पांच साल के कारावास की सजा सुनाई गई थी। दोषी ने जनवरी 2024 में एफटी के फैसले को चुनौती देते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। पूर्व अधिकारी ने अपनी दलील में कहा कि मेरा कोई गलत इरादा नहीं था।

# मुडा मामले में सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट

**बंगलूरू।** मुडा मामले में कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और उनकी पत्नी को क्लीन चिट मिल गई है।

लोकायुक्त पुलिस का कहना है कि सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी और अन्य के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले। कर्नाटक में मुडा जमीन आवंटन मामले में 25 सितम्बर को विशेष अदालत के आदेश के बाद 27 सितम्बर को लोकायुक्त पुलिस ने सीएम सिद्धारमैया, उनकी पत्नी पार्वती और पत्नी के भाई मल्लिकार्जुन स्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। लोकायुक्त पुलिस ने कहा कि मुडा जमीन आवंटन मामले में सबूतों के अभाव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उनकी पत्नी पार्वती के खिलाफ आरोप साबित नहीं किए जा सके।

# भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग रद्द

## ट्रम्प बोले- भारत एक समृद्ध देश है, इसे इस तरह की सहायता की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत को मतदान के लिए दी जाने वाली 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग को रद्द करने का फैसला किया है।

ट्रम्प ने इस फंडिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि भारत एक समृद्ध देश है और इसे इस तरह की सहायता की आवश्यकता नहीं है। हम भारत को 2.1 करोड़ डॉलर क्यों दे रहे हैं। उनके पास पहले से ही बहुत पैसा है। वे व्यापार में दुनिया के सबसे ज्यादा कर लगाने वाले देशों में से एक हैं और हमें वहां व्यापार करने में मुश्किल होती है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत अधिक हैं। मैं भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करता हूं, लेकिन मतदान के लिए इतनी बड़ी राशि क्यों देना। यह निर्णय ट्रम्प प्रशासन द्वारा स्थापित सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के हालिया फैसलों में से एक है, जिसने अपने बजट पुनर्गठन के तहत विदेशी सहायता में 72.3 करोड़ डॉलर की कटौती की घोषणा की है। अमेरिका ने भारत के अलावा बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता के लिए 2.9 करोड़ डॉलर का अनुदान और नेपाल में राजकोषीय संघवाद और जैव विविधता संरक्षण के लिए 3.9 करोड़ डॉलर के अनुदान को भी रद्द कर दिया है। एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई ने स्पष्ट किया कि इन सभी कटौतियों का उद्देश्य गैर-जरूरी खर्चों को कम करना और सरकारी बजट को अधिक कुशल बनाना है।

दूसरी ओर अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने कथित प्रतिभूति धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में अडानी समूह के संस्थापक गौतम अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ भारतीय अधिकारियों से सहयोग की मांग की है।



- अमेरिकी एसईसी ने गौतम अडानी रिश्वत मामले में भारत से मांगा सहयोग

حج عمرہ و زیارات
बिस्मिल्लाह टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेडू वाले)
IATA
CERTIFIED ISO 9001:2015 COMPANY
हज, उमराह, ज़ियारत
25 अप्रैल 2025 उमरा टूर
फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-
मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोद्दा सीमीलर
मदीना होटल: 800 मीटर पी०सी० अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर
डाइरेक्ट फ्लाइट RS. 75,000/- 20 दिन
होटल में रहना, खाना व ज़ियारत
मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।
हाजी आलम - 9756508234
एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।
मुजफ्फरनगर ऑफिस: निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, रूड़की रोड, मुजफ्फरनगर 0131-2644200, 7017145399, 8534039577
दिल्ली ऑफिस: 1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैन्डस कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 011-41251668, 9821106157
E-mail:bismillah786@gmail.com
www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com

# सऊदी अरब में अमेरिका व रूस की वार्ता अच्छी रही: ट्रम्प

वॉशिंगटन/न्यूयॉर्क, वार्ता

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि सऊदी अरब में अमेरिकी और रूसी प्रतिनिधिमंडलों के बीच बातचीत 'बहुत अच्छी' रही। श्री ट्रम्प ने संवाददाताओं से मंगलवार को कहा कि वे बहुत अच्छे थे। रूस कुछ करना चाहता है।

रूस 'जंगली बर्बरता' को रोकना चाहता है। श्री ट्रम्प ने युद्ध के मैदानों की तस्वीरों की तुलना गेटीसबर्ग की पुरानी तस्वीरों से की, जो अमेरिकी गृह युद्ध का अहम मोड़ बन गया था। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की संघीय कार्यबल के आकार को छोटा करने की योजना ने पिछले कुछ दिनों में हजारों सिविल सेवकों को झटका दिया है, लेकिन एक सदी में सबसे खराब सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट, कोरोनावायरस महामारी के

**■ युद्ध के मैदानों की तस्वीरों की तुलना गेटीसबर्ग की पुरानी तस्वीरों से की**

तुरंत बाद स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग में कटौती विशेष रूप से परेशान करने वाली है, मंगलवार को न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि विशेषज्ञों का कहना है कि बर्खास्तगी से देश में स्वास्थ्य कर्मियों की कमी का खतरा पैदा हो जाएगा। इस बर्खास्तगी के कारण रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, तथा विभाग द्वारा देखरेख की जाने वाली अन्य एजेंसियों के अगली पीढ़ी के नेताओं को भी बाहर कर दिया गया है। बर्खास्तगी ने स्वास्थ्य और जैव चिकित्सा विज्ञान में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले स्नातक छात्रों को परेशान कर दिया।

# बलूचिस्तान में सात यात्रियों की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात बंदूकधारियों ने एक बस में सवार कम से कम सात यात्रियों की हत्या कर दी है। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।

यह हमला मंगलवार का बरखान जिले में एक राजमार्ग पर मंगलवार देर रात हुआ जहां लगभग 11 हथियारबंद हमलावरों ने एक यात्री बस को रोका। जिले के पुलिस सूत्रों ने शिन्हुआ को यह जानकारी दी। यात्री प्रांतीय राजधानी क्वेटा से पूर्वी पंजाब प्रांत के फैसलाबाद जिले की यात्रा कर रहे थे। सूत्रों ने कहा कि बंदूकधारियों को अपने लक्ष्यों के बारे में विशेष जानकारी थी क्योंकि उन्होंने केवल इस विशेष वाहन को रोका और पीड़ितों को चुन-चुन कर मार डाला। सूत्रों ने कहा कि बरखान पंजाब और बलूचिस्तान के बीच एक सीमावर्ती जिला है जो दोनों प्रांतों के बीच यात्रियों के लिए एक प्रमुख पारगमन मार्ग है।

# भारत-मलेशिया रक्षा व समुद्री सुरक्षा क्षेत्र पर बढ़ाएंगे सहयोग

नई दिल्ली, वार्ता

**भारत** और मलेशिया ने रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, बहुपक्षीय संपर्क और नये क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। मलेशिया-भारत रक्षा सहयोग समिति की 13वीं बैठक मंगलवार को कुआलालम्पुर में हुई।

बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव राज.श कुमार सिंह और मलेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव लोकमान हकीम बिन अली ने की। दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में दोनों सशस्त्र बलों के बीच नियमित संपर्क के साथ बढ़ते द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों को बढ़ाने के लिए प्रभावी और व्यावहारिक पहलों पर व्यापक चर्चा की। दोनों अध्यक्षों ने साइबर सुरक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान की। उन्होंने विशेष रूप से रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय संपर्क के क्षेत्र में मौजूदा सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों की पहचान की। वे गैर-पारंपरिक समुद्री सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए एक



**■ सहयोग समिति की 13वीं बैठक कुआलालम्पुर में हुई द्विपक्षीय सहयोग पर जताई खुशी**

संयुक्त फोकस समूह बनाने पर भी सहमत हुए। दोनों देशों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के रक्षा स्तंभ के तहत नई पहलों को पूरी तरह से लागू करने की प्रतिब( ता की पुष्टि की। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मलेशियाई समकक्ष दातो सेरी अनवर इब्राहिम की पिछले वर्ष हुई बैठक में बनी सहमति के अनुरूप होगा। भारत और मलेशिया ने रणनीतिक मामलों के कार्य समूह की स्थापना पर अंतिम रूप से संदर्भ की शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह मंच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं को आगे बढ़ाने के लिए मिडकॉम और दो उप-समितियों के बीच एक परामर्श तंत्र के रूप में कार्य करेगा। दोनों पक्षों ने मिडकॉम के परिणामस्वरूप सुखोई-30 फोरम की स्थापना पर अंतिम रूप से शर्तों का भी आदान-प्रदान किया। यह फोरम लड़ाकू विमान के रखरखाव में विशेषज्ञता और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान में दोनों वायु सेनाओं के बीच घनिष्ठ सहयोग को सक्षम करेगा। रक्षा सचिव ने मलेशियाई कंपनियों और सशस्त्र बलों के साथ उनकी क्षमता वृद्धि और आधुनिकीकरण में सहयोग करने की इसकी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मलेशिया को आसियान और आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस की अध्यक्षता संभालने पर बधाई दी और इस वर्ष एडीएमएम प्लस और आसियान रक्षा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक के आयोजन के लिए मलेशिया के रक्षा मंत्रालय को शुभकामनाएं दीं।

### रक्षा सचिव ने मलेशिया के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया

रक्षा सचिव ने मजबूत, एकीकृत और समृद्ध आसियान को बढ़ावा देने में आसियान अध्यक्ष के रूप में मलेशिया के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया, जो हिन्द प्रशांत क्षेत्र की उभरती गतिशीलता को आकार देने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। भारत मलेशिया को हिन्द प्रशांत में एक महत्वपूर्ण भागीदार मानता है क्योंकि मलेशिया तीन प्रमुख विदेश नीति विजन यानी एक्ट ईस्ट पॉलिसी, सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास), और हिन्द प्रशांत महासागर पहल के केन्द्र में है।

## संक्षिप्त समाचार

### सनातन का अपमान करना विपक्ष का स्वभाव: शिवराज

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सनातन का अपमान करना विपक्ष का स्वभाव बन गया है। श्री चौहान ने बुधवार को यहां कहा कि सनातन पर अंगुली उठाना, लोगों की आस्था और भावनाओं पर इस तरह चोट करना अपराध है। श्री चौहान ने तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कुंभ को लेकर दिए विवादित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति हज़ारों सालों से गंगा की धारा की तरह प्रवाहित होती रही है।

### महाकुंभ स्नान करने आई युवती का बाथरूम में मिला शव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के झूंसी क्षेत्र में महाकुंभ में स्नान करने आई युवती का बाथरूम में शव मिलने से हड़ंकप मंच गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मंगलवार की रात दिल्ली निवासी एक युवक और युवती ने अपने को पति-पत्नी बताकर बता कर झूंसी क्षेत्र थाना के आजादनगर इलाके में रात बिताने के लिए एक कमरा किराए पर लिया था। उस मकान में और भी किराएदार थे और बाथरूम कॉमन है। बुधवार सुबह अन्य किराएदार बाथरूम में गए तो वहां शव देख कर चीख पड़े। युवती के साथ आया युवक रात को ही मौका देखकर फरार हो गया था। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि मकान मालिक वहां नहीं रहता है। सामने जनरल स्टोर वाला मकान की देखभाल करता है।

### नकवी की पत्नी सीमा ने किया संगम स्नान

**महाकुंभनगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुखतार अब्बास नकवी की पत्नी सीमा नकवी अपने परिवार के साथ बुधवार को महाकुंभ पहुंचीं और संगम में आस्था की डुबकी लगाने के बाद पूजा अर्चना की। सीमा नकवी ने महाकुंभ को भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह आयोजन अध्यात्म और श्रद्धा का भव्य संगम है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महाकुंभ के आयोजन के लिए की गई व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पार्टी पदाधिकारियों को दी नसीहत

# जिसकी जितनी जिम्मेदारी, उतनी जवाबदेही

नई दिल्ली, वार्ता

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित लोगों को आगे बढ़ने का काम करके जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करना है ताकि अगले पांच वर्ष में कांग्रेस देश की जनता की पहली पसंद बन सके।

श्री खड़गे ने पार्टी महासचिवों और प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए बुधवार को यहां कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े हैं। सबसे जरूरी बात जिम्मेदारी की है और इसमें यह स्पष्ट करना जरूरी है कि सभी प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और वहां होने वाले चुनाव तथा उसके परिणामों के लिए जिम्मेदारी होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा 'संविधान बचाओ अभियान' चल रहा है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम बेलगांव में हमने तय किया था। ये अगले एक वर्ष तक चलेगा। इसके तहत पदयात्रा, संवाद, कॉर्नर मीटिंग जैसी गतिविधियां चला



**■ पार्टी प्रभारियों व महासचितों की बैठक में बोले-जनता के मुद्दे उठाकर पांच साल में बनना है लोगों की पहली पसंद**

कर कार्यक्रम आयोजित हों लेकिन ऐसे हर कार्यक्रमका लक्ष्य होना चाहिए संगठन का सशक्तिकरण। श्री खड़गे ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए फिर कहा कि हमारे सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। इन दिनों चुनाव में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके बारे में लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सवाल उठाया। आप सभी को महसूस होगा कि आज कल हमारे समर्थकों के नाम मतदाता सूची से काट दिए जाते हैं। या नाम हटाकर बगल के बूथ से जोड़ दिया जाता है। भाजपा की तरफ़ से नए नाम चुनाव के ठीक पहले जोड़े जाते हैं। इस धांधली को हर हाल में रोकना होगा। उच्चतम न्यायालय के आदेश से मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति वाली समिति से मुख्य न्यायाधीश को भी जोड़ा गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने उन्हें भी बाहर कर दिया। सरकार को देश के मुख्य न्यायाधीश की निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है। आज इस मामले की सुनवाई होने वाली थी लेकिन सरकार ने पहले ही नये मुख्य चुनाव आयुक्त की घोषणा कर दी। राहुल जी ने कहा भी था कि ऐसे चयन समिति का क्या फायदा, जहां विपक्ष के नेता का इस्तेमाल आप सिर्फ़ प्रमाण पत्र के लिए कर रहे हैं। अमेरिका में भारतीय नागरिकों के साथ किए गए वार्ताओं पर उन्होंने कहा,ह प्रधानमंत्री की यात्रा के बावजूद अमेरिका पहले की ही तरह भारतीय नागरिकों को हथकड़ी लगा कर वापस भेजा जा रहा है। शाकाहारी यात्रियों को नॉन वेज खाना दिया गया। हमारी सरकार इस अपमान का ठीक तरीके से विरोध जताने में भी विफल रही। अमेरिका ने हम पर उलटा टैरिफ लगा दिया पर प्रधानमंत्री ने इसका विरोध तक नहीं किया। वे हम पर जबरदस्ती घाटे का सौदा थोप रहे हैं, जिसे हमारी सरकार चुपचाप मान ले रही है। ये साफ़-साफ़ हिंदुस्तान और हिंदुस्तान के लोगों का अपमान है। उन्होंने कहा कि आज महंगाई और बेरोज़गारी स्थायी मसला बना हुआ है। अगले पांच साल हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम जनता के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष और जन आंदोलन करके मुख्य विपक्ष की भूमिका में उभरने का प्रयास करें। इससे ही हम लोगों की पहली पसंद बनेंगे।

## नए सिरे से होगा आप का पुनर्गठन

**पार्टी की कार्यकारिणी बैठक के बाद बोले गोपाल राय**

**नई दिल्ली।** आप कार्यकारिणी का नए सिरे से पुनर्गठन किया जाएगा। आम आदमी पार्टी मुख्यालय में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में तय हुआ कि संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी 70 विधानसभाओं के पदाधिकारी अगले दस दिनों में चुनाव में अपनी भूमिका पर रिपोर्ट पेश करेंगे। गोपाल राय ने इस दौरान नए सीएम के चयन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया। बुधवार को अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हुई कार्यकारिणी की बैठक में दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के पर्यवेक्षक, अध्यक्ष और संगठन मंत्री शामिल हुए। इस दौरान सभी ने अपनी-अपनी विधानसभाओं की मौखिक रिपोर्ट सामने रखी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने बताया कि बैठक में तय हुआ कि संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी पदाधिकारी अगले दस दिनों में चुनाव में अपनी भूमिका पर रिपोर्ट पेश करेंगे। गोपाल राय ने पत्रकारों से बताया कि आज सभी 70 विधानसभाओं के पदाधिकारियों के साथ बैठक की है। संगठन के पुनर्गठन से पहले सभी पदाधिकारी से उनकी चुनाव में निभाई गई भूमिका की रिपोर्ट अगले दस दिनों में प्रदेश कार्यालय में सौंपने को कहा गया है।

# यूपी के प्राथमिक स्कूलों में लटके हैं ताले: अखिलेश

लखनऊ, वार्ता

**यूपी** के सीएम योगी आदित्यनाथ के बच्चों को मौलवी बनाने की कोशिश करने का आरोप वाले बयान के जवाब में बुधवार को अखिलेश यादव ने सीएम पर तंज कसा है और उर्दू के शेर पढ़कर वाहवाही लूटने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि कल कर रहे थे जो खिलाफत आगे बढ़कर, आज वाह-वाही लूट रहे। मंगलवार को योगी आदित्यनाथ ने भोजपुरी और अवधी भाषाओं का विरोध करने के लिए समाजवादी पार्टी पर हमला किया था और पार्टी पर बच्चों को मौलवी बनाने की को. शिश करने का आरोप लगाया था।

अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि राज्य में बड़ी संख्या में प्राथमिक विद्यालय बंद हैं। देश में सबसे ज्यादा बंद पड़े प्राथमिक विद्यालय अगर कहीं हैं, तो वो उत्तर प्रदेश में हैं। राज्य की प्रगति और शिक्षा को लेकर राज्य सरकार पूरी तरह से लापरवाह रही है। सपा प्रमुख ने कहा कि इस बारे में सरकार को विचार करना चाहिए कि 11 लाख प्राथमिक विद्यालय, जिनमें ताले लगे हैं, उनमें से अधिकतर उत्तर प्रदेश में हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत स्पष्ट है



**■ राज्य की प्रगति और शिक्षा को ले कर योगी सरकार लापरवाह**

कि सीएम का भाषा या प्रगति से कोई लेना-देना नहीं है। अगर आप रिकॉर्ड देखें, तो 11 लाख प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं। कितने इंटरमीडिएट स्कूल खोले गए हैं? चाहे वह पॉलिटेक्निक हो, आईटीआई हो या इंजीनियरिंग सरकार इनमें से कितने का ध्यान रख रही है? वहीं सपा नेता माता प्रसाद पांडे ने सीएम पर जानबूझकर इसे हिंदू-मुस्लिम का विषय बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उर्दू भी एक भाषा है। विस में उठाया गया मामला एक अलग परिप्रेक्ष्य में था, लेकिन सीएम योगी आदित्यनाथ ने हिंदू-मुस्लिम के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उर्दू की बात की।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से फिर फिसला शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

**विश्व** बाजार की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर टीसीएस, इंफोसिस, भारती एयरटेल, मारुति और अडानी पोर्ट्स समेत 17 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिर गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 28.21 अंक उतरकर 75,939.18 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 12. 40 अंक फिसलकर 22,932.90 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जबरदस्त लिवाली हुई, जिससे बाजार की गिरावट नियंत्रित रही। इस दौरान मिडकैप 1.30 प्रतिशत उछलकर 40,376.68 अंक और स्मॉलकैप 2.41 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,455.83 अंक पर पहुंच



गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4074 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2810 में लिवाली जबकि 1147 में बिकवाली हुई वहीं 117 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियां लाल जबकि अन्य 25 हरे निशान पर रही। बीएसई के चार समूहों में गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 180 अंक की गिरावट लेकर 75,787.27 अंक पर खुला और बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,581.38 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से यह दोपहर से पहले 76,338.58 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,967.39 अंक की तुलना में 0.04 प्रतिशत टूटकर 75,939.18 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 98 अंक टूटकर 22,847.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,814.85 अंक के निचले जबकि 23,049.95 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,945.30 अंक की तुलना में 0.05 प्रतिशत उतरकर 22,932.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में टीसीएस 2.28, इंफोसिस 2.20, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.98, सन फार्मा 1.38, भारती एयरटेल 1.35, पावरग्रिड 1.35, एचसीएल टेक 1. 03, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.02, टेक महिंद्रा 1.01, बजाज फिनसर्व 0.99, नेस्ले इंडिया 0.94, मारुति 0.86, बजाज फाइनेंस 0.51, अल्ट्रासिम्को 0.38, टाइटन 0.35, अडानी पोर्ट्स 0.28 और टाटा मोटर्स 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

### ट्रम्प का कर फरमान जीएसटी को भी चुनौती: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई कर नीति को संप्रभुता के लिए खतनाक बताते हुए कहा है कि यह जीएसटी के लिए भी चुनौती बन गया है इसलिए सरकार को जल्द इससे निपटने के उपाय करने चाहिए। पार्टी ने कहा कि श्री ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क लगाने की बात बहुत चिंता. जनक है और उनका यह फरमान जीएसटी की अवधारणा को भी चुनौती देने के साथ ही यह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर भी सवाल उठाता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है, जो जीएसटी को वास्तव में एक अच्छा और सरल टैक्स बनाएगा, जैसा कि इसे मूल रूप से बनाया गया था। कांग्रेस ने न्यूनतम दरों और व्यापक रूप से संशोधित अनुपालन नियमों की मांग की है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, चीनी हुई मंहगी

नई दिल्ली, वार्ता

**विदेशी** बाजारों में उबाल आने के बावजूद स्थानीय पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव स्थिर रहे जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा वहीं चीनी महंगी हो गई।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 175 रिंगिट उबलकर 4869 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.77 सेंट की तेजी के साथ 48.07 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी



20 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई जबकि गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई जबकि अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9300-9300, उड़द दाल 8900-9000, अरहर दाल 7750-7850 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राज्य की संस्कृति...**

दे दी है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्कृतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, साथ ही प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हम कभी भी उनके विश्वास को टूटने नहीं देंगे। इस निर्णय से यह स्पष्ट हो जाता है कि हम अपने राज्य और संस्कृति की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। निश्चित तौर पर यह कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।

**नए भू-कानून के...**

अनिवार्य, जिससे फर्जीवाड़ा-अनियमितताओं को रोका जा सके।

7- जिलाधिकारियों को राजस्व परिषद और शासन को नियमित रूप से भूमि खरीद से जुड़ी रिपोर्ट सौंपनी होगी।

8- नगर निकाय सीमा के अंतर्गत आने वाली भूमि का उपयोग केवल निर्धारित भू-उपयोग के अनुसार ही किया जा सकेगा।

9- यदि किसी व्यक्ति ने नियमों के खिलाफ जमीन का उपयोग किया, तो वह जमीन सरकार में निहित हो जाएगी।

**पढ़ाई-लिखाई के...**

का चुनाव लड़ा और अध्यक्ष बनीं। रेखा ने इसके बाद एलएलबी तक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई पूरी करने के बाद रेखा गुप्ता 2003-04 में भाजपा युवा मोर्चा की दिल्ली इकाई से जुड़ीं और यहां सचिव पद पर रहीं। इसके बाद 2004 से 2006 तक उन्होंने भारतीय जनता युवा मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव के तौर पर जिम्मेदारी निभाई। रेखा गुप्ता को 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से चुनाव में उतारा गया। जहां 2015 में उन्हें आम आदमी पार्टी की वंदना कुमारी ने करीब 11 हजार वोटों से हराया, तो वहीं 2020 में उनकी हार का अंतर 3400 वोट के करीब था। हालांकि 2025 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने वंदना कुमारी को बड़े अंतर से हरा दिया।

# संगम के पानी पर केंद्र-यूपी में टकराव

## पानी में प्रदूषण पर केंद्र से अलग राज्य की रिपोर्ट

**लखनऊ।** सीपीसीबी ने अपनी एक रिपोर्ट के जरिए एनजीटी को बताया कि महाकुंभ के दौरान कई स्थानों पर अपशिष्ट जल का स्तर नहाने के लिए शुरुआती जल गुणवत्ता के अनुरूप नहीं है। अपशिष्ट जल संदूषण के सूचक फेकल कोलीफॉर्म की स्वीकार्य सीमा 2,500 यूनिट प्रति 100 एमएल है।एनजीटी अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल की बेंच प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों में अपशिष्ट जल के बहाव को रोकने के मुद्दे पर सुनवाई कर रही थी। महाकुंभ के पानी को लेकर केंद्रीय और यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट एक-दूसरे से विपरीत आई है। मामले पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) में बुधवार को सुनवाई शुरू हुई, जिसमें यूपीपीसीबी ने सीपीसीबी रिपोर्ट का विश्लेषण करने के लिए समय मांगा है। एनजीटी में सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट पर अध्ययन के लिए अधिक समय की मांग की है। यूपी सरकार ने एनजीटी को बताया कि वो सीपीसीबी की रिपोर्ट की जांच करेगी। मामले पर अब अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। इससे पहले केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने अपनी रिपोर्ट में दावा करते हुए था कि नदियों का पानी नहाने योग्य नहीं है। हालांकि यूपीपीसीबी ने पलटवार करते हुए कहा कि दोनों नदियों (गंगा और यमुना) का जल प्रदूषण नियंत्रण मानकों के मुताबिक है। एनजीटी ने यूपीपीसीबी को केंद्रीय बोर्ड की रिपोर्ट पर गौर कर नई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

यूपीपीसीबी ने सीपीसीबी की रिपोर्ट के उलट अपनी रिपोर्ट में कहा कि संगम का पानी नहाने के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। नालों के माध्यम से कोई भी प्रदूषित सीवेज सीधे गंगा नदी या यमुना नदी में नहीं छोड़ा जा रहा है। यूपीपीसीबी ने कहा कि गंगा और यमुना नदी पर 6 प्वाइंटस पर नदी के पानी नहाने के लिए उपयुक्त है, जबकि शास्त्री ब्रिज के पास बायो केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और फिकल कालीफॉर्म के आंकड़ों में मामूली वृद्धि हुई है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सदन में गूंजा राशन कार्ड न बनने का मुद्दा

**प्रदेश में बने है 23 लाख, 93 हजार 809 राशन कार्ड: रेखा**
**सत्ता पक्ष के विधायकों ने भी उठाए सवाल**

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र की दूसरे दिन हंगामें के चलते प्रश्नकाल 11:15 बजे शुरू हुआ। प्रश्नकाल में सत्ता पक्ष व विपक्ष की और से राशन कार्ड न बनने, स्मार्ट मीटर व भू कानून के मुद्दों पर बहस हुई।

विपक्ष की तरफ से कांग्रेस विधायक भुवन चंद कापड़ी, निर्दलीय विधायक उमेश कुमार, भाजपा विधायक प्रीतम सिंह पंवार व बृजभूषण गैरोला सहित कई विधायकों ने स्वास्थ्य, युवा कल्याण, खेल, खाद्य आपूर्ति, महिला सशक्तिकरण मंत्री को को घेरा।

विधायक प्रीतम सिंह पंवार ने कहा कि गरीबी रेखा का आकलन न होने से हजारों गरीब परिवार खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित हैं। इस पर खाद्य आपूर्ति मंत्री ने कहा कि 2011 की जनगणना के आधार पर राज्य में 60.80 लाख लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिल रहा है। 36.33 लाख लोगों को राज्य खाद्य योजना का लाभ मिल रहा है। 5 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले परिवारों के राशन कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं।



## प्रश्नकाल

सदन में प्रश्नकाल के दौरान मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि प्रदेश में 1,76,000, अंत्योदय कार्ड की डिमांड है। वहीं, भाजपा विधायक बृजभूषण गैरोला के सवाल के जवाब में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश में 168 आंगनबाड़ी कम क्रेच केंद्रों को स्वीकृति मिली है। कामकाजी महिलाओं के 6 माह से 6 साल तक के बच्चे इन क्रेच (पालन) में रख सकते हैं। कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने सदन में नियम 310 का प्रश्न उठाया। स्मार्ट मीटर को लेकर उठाए प्रश्न पर सदन की कार्यवाही रोक चर्चा कराने की मांग की गयी, विपक्ष की मांग को नियम 58 में स्वीकार किया गया। वहीं, राशन कार्ड न बनाये जाने से उपभोक्ताओं को हो रही है भारी परेशानी पर खाद्य आपूर्ति मंत्री रेखा आर्य ने बताया की लगातार नए राशन कार्ड बनाए जा रहे है।

### नए बने और निरस्त किए गए राशन कार्डों का विवरण

| योजना का नाम | निरस्त किये गये कार्ड | निरस्त किये गये यूनिट | बनाये गये कार्ड | बनाये गये यूनिट |
|---|---|---|---|---|
| अन्त्योदय अन्न योजना | 920 | 1683 | 754 | 1825 |
| प्राथमिक परिवार | 3566 | 10741 | 3235 | 11487 |
| राज्य खाद्य योजना | 17717 | 63173 | 47922 | 156976 |
| योग | 22203 | 75597 | 51911 | 170288 |

### मंत्री रेखा आर्य व सुमित हृदयेश के बीच हुई तीखी बहस

**देहरादून।** हाल ही में सम्पन्न हुए 38 वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान देहरादून और हल्द्वानी के स्टेडियम के पूरे नाम न लिखने पर विपक्ष के विधायक सुमित हृदयेश ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि दो पूर्व प्रधानमंत्री का पूरा नाम निमंत्रण पत्र पर सम्मान से लिखने के बजाय सरकार ने शार्ट में क्यों लिखा। इस पर मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि उनका नाम लिखा गया है, लेकिन दोनों के बीच बहस शुरू हो गई।

### विधायक उमेश कुमार ने किए सवाल

विधायक उमेश कुमार ने कहा कि हरिद्वार में एक साल में 144 पीले, अंत्योदय 44 कार्ड ही बने हैं। नेशनल फूड सिक्योरिटी पोर्टल नहीं चलता। ये कब खुलेगा। प्राथमिक परिवार के कार्ड की संख्या कब बढ़ेगी। इसपर मंत्री रेखा आर्य ने जवाब दिया कि हरिद्वार को 37006 अंत्योदय, प्राथमिक परिवार के 9 लाख यूनिट आवंटित हैं। 41 अंत्योदय के कार्ड एक साल में बने, प्राथमिक परिवार के 374 निरस्त हुए थे और 144 बने हैं।

2 लाखा 66 हजार कार्मिकों ने कराया गोल्डन कार्ड से इलाज

देहरादून। कांग्रेस विधायक भुवन कापड़ी ने सवाल उठाया कि राज्य कार्मिकों को गोल्डन कार्ड की प्रतिपूर्ति नही मिल रही है। इसके जवाब में चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि अब तक 2 लाखा 66 हजार कार्मिकों ने गोल्डन कार्ड के तहत इलाज कराया है। प्रदेश के कुल 304 अस्पताल सूचीबद्ध किये गये है। 271 करोड़ की प्रतिपूर्ती के सापेक्ष 231 करोड़ जारी कर दिये गये हैं। अभी 4 करोड़ बाकी है।

# राज्य में विधायी परंपराओं का हो रहा उल्लंघन: आर्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि समाचार पत्रों से ये पता चला है कि, राज्य की कैबिनेट ने विधानसभा में भू-कानून से संबधित विधेयक लाने का निर्णय लिया है। उत्तराखण्ड में संसदीय परंपराओं का कहीं भी पालन नहीं हो रहा है। परम्परा यह थी कि, जब राज्य में विधानसभा का सत्र चल रहा हो तो कैबिनेट के फैसलों की ब्रीफिंग भी नहीं होती थी। यहां तो विधानसभा का सत्र चल रहा है। भू-कानून मामले में विधेयक आएगा या संशोधन विधेयक आएगा और उस विधेयक के महत्वपूर्ण अंश मीडिया को पहले ही लीक कर दिए हैं। पहले ऐसे मामलों को विधानसभा अध्यक्ष संज्ञान में लेते थे। पर अब इस राज्य में विधाई परंपराओं से कोई लेना देना नहीं था।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भू-कानून पर प्रतिक्रिया बिल के सदन में पेश होने के बाद देंगे लेकिन समाचार माध्यमों से पता चला है कि, 2018 में कि किए परिवर्तनों को सरकार वापस ले रही है। कांग्रेस ने तब भी परिवर्तनों का विरोध किया था।

**जमीनों की खरीद-फरोख्त पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार**

आर्य ने कहा कि 2018 में हुए इन परिवर्तनों के बाद राज्य की हजारों एकड़ भूमि बाहरी लोगों को बेच दी गई है। सरकार को श्वेत पत्र लाकर स्थिति साफ करनी चाहिए कि, 2018 से लेकर अब तक राज्य की कितनी जमीन लुटवाई है किसको लुटाई है सरकार सारी जानकारी सार्वजनिक करे जिससे प्रदेश की जनता को पता चले की कैसे विगत वर्षों में राज्य की जमीन कीं कितनी बंदरबाट हुई है और राज्य को उसका क्या लाभ मिला। उन्होंने कहा कि अन्य संशोधनों पर सदन में विधेयक पेश होने के बाद प्रतिक्रिया देंगे। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने कहा कि सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिये कि भू-कानून में किन-किन प्रावधानों को रखा गया है।

# नेशनल गेम्स आयोजन को पक्ष - विपक्ष सब ने सराहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** हाल ही में समाप्त हुए 38 वे राष्ट्रीय खेलों के मुद्दे पर सदन में बुधवार को खुशनुमा माहौल देखने को मिला। पक्ष और विपक्ष दोनों तरफ के विधायकों ने इस सफल आयोजन के लिए खेल मंत्री को बधाई दी। खेल मंत्री रेखा आर्या का कहना था कि यह पूरे सदन पूरे और पूरे प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है



प्रश्न काल के दौरान एक सवाल के जवाब में खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सरकार में सिर्फ 108 दिन के समय में सभी तैयारी करके इतना सफल आयोजन किया है। हमारे खिलाड़ियों ने पदकों का शतक लगाकर इस आयोजन में चार चांद लगा दिए। खेल मंत्री ने कहा कि अंत. रराष्ट्रीय स्तर के उपकरणों का प्रयोग किया गया, खेल अवस्थापनाओं को विश्व स्तर का बनाया गया और यह बात सिर्फ हमारे प्रदेश नहीं, बल्कि देश के सभी इलाकों से आए खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टाफ ने मानी है। खेल मंत्री ने कहा कि ग्रीन गेम्स आयोजित करके हमने पूरी दुनिया के लिए एक संदेश दिया है।

**विधायक गणों ने सफल आयोजन पर खेल मंत्री रेखा आर्या को दी बधाई, खेल मंत्री ने कहा - यह पूरे सदन और पूरे प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि**

प्रदेश में लड़कियों के लिए खेल सुविधाएं जुटाने के प्रश्न पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि लोहाघाट चंपावत में प्रदेश का पहला गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज प्रस्तावित है। इस कॉलेज में सभी जनपदों की लड़कियों को कक्षा 6 से 12वीं तक के लिए एडमिशन दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस कॉलेज में धीरे-धीरे खेलो की संख्या को बढ़ाया जाएगा, आगे चलकर प्रदेश के अन्य जनपदों में भी इस तरह के गर्ल्स स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना के लिए सरकार प्रयासरत रहेगी। खेल मंत्री का कहना था कि इसके अतिरिक्त बालिकाओं को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में कई जगह अलग-अलग खेलों के बालि. का छात्रावास भी संचालित हो रहे हैं।उन्होंने कहा कि उदीयमान खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार जो सहायता राशि दे रही है उसमें 50 फीसदी हिस्सा लड़कियों को मिल रहा है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए जो खेल अवस्थापना सुविधायें प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में विकसित की गई हैं। उनके रख-रखाव के लिये प्रोग्राम तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन खेल सुविधाओं का लाभ प्रदेश के खिलाडियों को मिले इसके प्रयास किये जायेंगे ताकि खिलाडी यहां अभ्यास कर सकें और उनके लिये कैम्प लागाये जा सकें।

### कहा -सिर्फ नाम में उलझा रहा विपक्ष

राष्ट्रीय खेलों की चर्चा होने पर विपक्ष सिर्फ इतना ही सवाल उठा पाया कि समापन समारोह के निमंत्रण कार्ड में इंदिरा गांधी के नाम की शॉर्ट फॉर्म इस्तेमाल क्यों की गई, उनका पूरा नाम क्यों नहीं था। इस पर खेल मंत्री ने कहा कि प्रश्नकर्ता विधायक ने खुद ही अपने सवाल का जवाब दे दिया है कि कार्ड में वह नाम था, जिसे वे चाहते हैं। मजेदार बात यह रही कि विपक्ष के विधायक आयोजन में किसी तरह की कमी या अभाव की बात नहीं उठा पाए। उनका सारा ध्यान गांधी परिवार से आने वाले प्रधानमंत्री के नाम पर ही केंद्रित रहा। हल्द्वानी के स्टेडियम का निर्माण कांग्रेस सरकार के समय में किए जाने के दावे पर खेल मंत्री का कहना था कि निर्माण कार्य को सही तरीके से करके स्टेडियम को हैंड ओवर लेने का काम भाजपा सरकार ने ही किया है। अगर पहले निर्माण कार्य स्तरीय किया गया होता तो, स्टेडियम पहले ही हैंड ओवर हो गया होता।

# सदन ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन व चंद्रशेखर को दी श्रद्धांजलि

## डॉ. मनमोहन सिंह जितने साधारण थे, उतना ही उनका असाधारण व्यक्तित्व भी था: धामी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल के बाद पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह व ज्वालापुर से विधायक रहे स्व. चंद्रशेखर भट्टे वाले को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने ज्वालापुर के पूर्व विधायक स्व. चंद्रशेखर भट्टे वाले को भी श्रद्धांजलि दी। सीएम ने कहा कि वह जो प्रेरणा समाज को देकर गए निश्चित रूप से लोग उससे आगे बढ़ेंगे। डॉ. मनमोहन सिंह जितने साधारण थे उतना ही उनका असाधारण व्यक्तित्व भी था। उनका योगदान बहुत बड़ा है। उनका निधन सबके लिए अपूरणीय क्षति है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन हम उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हैं।

सरलता और गंभीरता की प्रतिमूर्ति थे। उनका देश के लिए योगदान आने वाली पीढ़ियों तक याद किया जाएगा। वह आर्थिक सलाहकार, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, आरबीआई के गवर्नर रहे। देश को उन्होंने ऊँचाई पर ले जाने की दिशा में जो काम किया, उसकी छाप आज भी भारत की आर्थिक व्यवस्था में नजर आती है। वर्ष 1987 में उन्हें पद्मविभूषण की उपाधि से सुशोभित किया गया। इसके बाद तमाम राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुरुस्कारों से उन्हें सम्मानित किया गया। जाहिर होता है कि उनका कद कितना बड़ा था। इस सच को हम सबको स्वीकार करना चाहिए। पूर्व विधायक स्व. चंद्रशेखर को भी नेता प्रतिपक्ष ने श्रधांजलि दी। विधायक मोहम्मद शहजाद ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे देश को बहुत आर्थिक ऊंचाई पर ले गए हैं, मैं इस बात को स्वीकार करता हूं। उन्होंने पूर्व विधायक स्व. चंद्रशेखर को भी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह बहुत सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। पूर्व विधायक को अंत्येष्टि में जो राजकीय सम्मान मिलना चाहिए, वो नहीं मिल रहा है। मैं खुदा से दुआ करूंगा कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और भट्टे वाले जी को जन्नत में मुकाम मिले। मौहम्मद शहजाद ने पूर्व विधायकों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से कराए जाने की मांग की।

कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का जीवन परिचय हम सबको दिशा देने वाला है। हमने ऐसा व्यक्तित्व खोया है जिसकी देश को आवश्यकता थी। उन्होंने पूर्व विधायक चंद्रशेखर भट्टे वाले को भी याद किया। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने पूर्व पीएम स्व. डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वित्त मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल ऐतिहासिक माना जाता है। उन्होने देश की आर्थिकी को सुधारने के लिये बड़ा काम किया। पीएम रहते अनेक महत्वपूर्ण कार्य किये। संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि पूर्व पीएम स्व. डॉ. मनमोहन सिंह ने अपनी प्रतिभा को लोहा मनवाया। उन्होने मनमोहन सिंह के पीएम रहते उनकी पत्नी की और से गैस के दाम न बढ़ाने का अनुरोध करने का मुख्य रूप से उल्लेख किया। भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि कभी कभी पार्टी लाइन पर कुछ कहना पड़ता है, मनमोहन सिंह मास लीडर नही रहे, मगर एक सफल अर्थशास्त्री के रूप में पहचान स्थापित की। वह इतने सौम्य सवभाव के थे कि पीएम रहते हुए उत्तराखण्ड के तत्कालीन सीएम नारायण दत्त तिवारी को सर कह कर संबोधित करते थे। पूर्व पीएम स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के जीवन को पढ़ने की जरूरत है। भाजपा विधायक मदन कोशिक ने भी पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह व पूर्व विधायक स्व. चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा अनुपमा रावत, भुवन कापड़ी, अरविंद पाण्डेय आदि ने भी पूर्व पीएम स्व. डॉ. मनमोहन सिंह व पूर्व विधायक चंद्रशेखर भट्टे वाले को श्रद्धांजलि दी।

**मनमोहन सिंह का देश के लिए योगदान आने वाली पीढ़ियों तक याद किया जाएगा: आर्य**





### अब राजकीय सम्मान से होगी पूर्व विधायकों की अंत्येष्टि

सदन में सीएम धामी ने की घोषणा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समाज में काम करने वालों की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से हो, हमारा ये प्रयास होता है। सीएम ने सदन में घोषणा की कि जो भी पूर्व विधायक होंगे या समाज में उल्लेखनीय काम किया होगा, उनकी अंत्येष्टि राजकीय सम्मान से की जाएगी। बुधवार को सदन में बसपा विधायक शहजाद की मांग पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन में घोषणा की कि अब पूर्व विधायकों सहित समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया जाएगा। उत्तराखंड विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन भोजना वकाश के बाद चली कार्रवाई में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह और पूर्व विधायक चंद्रशेखर भट्टे वाले को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के देश हित में किए गए कार्यों को याद किया। विधायक विक्रम सिंह नेगी ने पूव प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते शिक्षा का अधिकार ,सूचना का अधिकार व मनरेगा जैसी योजनाएं संचालित की। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने अनेक कार्य किए। डॉ मनमोहन अपनी उदारवादी नीति के लिए जाने जाते हैं। विक्रम नेगी ने पूर्व विधायक चंद्रशेखर भट्टे वाले को श्रद्धांजलि अर्पित की और हास्य कलाकार घनानंद को भी याद किया। विधायक मनोज तिवारी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन को श्रद्धांजलि देते हुए राइट टू फूड सहित उनके कामों को याद किया। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदेश ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हल्द्वानी से उनका गहरा रिश्ता रहा। उन्होंने यहां शिक्षा भी ग्रहण की। उन्होंने दिवंगत पूर्व विधायक चंद्रशेखर को भी श्रद्धांजलि दी। कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत, जयपुर विधायक आदेश चौहान ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह और पूर्व विधायक चंद्रशेखर को श्रद्धांजलि दी और उनके कार्यों को याद किया। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने सदन में डॉ मनमोहन और पूर्व विधायक चंद्रशेखर के जीवन परिचय के बारे में बताया।

### मुख्यमंत्री धामी ने रेखा गुप्ता को दी बधाई



**देहरादून।**दिल्ली बीजेपी विधायक दल का नेता रेखा गुप्ता के चुने जाने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बधाई दी है। अपने संदेश में सीएम ने कहा है कि दिल्ली में भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर रेखा गुप्ता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में आपका नेतृत्व दिल्ली की प्रगति को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और दिल्ली का सर्वस्पर्शी व सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा।

# ...जब स्पीकर को बोलना पड़ा, नेता सदन मंत्री जी को चुप कराईये

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड बजट सत्र के पहले दिन संसदीय कार्यमंत्री और कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट के बीच हुई नोकझोंक का मामला शांत होने की बजाए तूल पकड़ गया है। सत्र के दूसरे दिन जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो भाजपा विधायक आशा नौटियाल और रेनु बिष्ट ने विधानसभा अध्यक्ष से सदन में लिखित शिकायत देकर कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट पर कार्रवाई की मांग की जिसके बाद फिर से हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष की और से भी संसदीय कार्य मंत्री अग्रवाल पर आरोप लगा कर माफी मांगने की आवाजे आने लगी।

मंत्री व विधायकों आपस में एक दूसरे पर हमलावर हो गये, सदन में जोरदार हंगामा देख स्पीकर अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने सबको चुप कराने की को. शिश की, मगर कोई भी पीठ की बात सुनने को तैयार नही दिखा, हर कोई अपने अंदाज में हंगामा करता दिखा। विधानसभा अध्यक्ष के बार बार समझाने पर भी मंत्री और विधायक नहीं माने। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और वरिष्ठ विधायक प्रीतम सिंह से संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की बहस हो गई। संसदीय कार्यमंत्री को स्पीकर बार-बार बैठ जाने को कहती रही, मगर उनकी बात को अनसुना किया गया, तब जाकर स्पीकर को नेता सदन से कहना पड़ा कि आप ही मंत्री जी को चुप कराईये। विधानसभा अध्यक्ष को अपने आसन पर खड़ हो कर सबको शांत कराना पड़ा। प्रीतम सिंह ने कहा कि संसदीय कार्य मंत्री को संयम रखना चाहिए और अपने पद की गरिमा के अनुसार व्यवहार करना चाहिए। दरअसल मंगलवार को बजट सत्र के पहले दिन सदन में कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट के व्यवहार को लेकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने संसदीय कार्यमंत्री से माफी मांगने की मांग की। इस पर सदन के भीतर संसदीय कार्यमंत्री विपक्ष पर आग बबूला हो गए। बार बार पीठ के निर्देश को मंत्री और विधायक नहीं मान रहे थे, सीएम धामी के हस्तक्षेप और पीठ के निर्देश के बाद विधायक और मंत्री शांत हुए। विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा की महिला विधायकों की मांग पर मदन बिष्ट के मामले को आदर्श आचार समिति को सौंपा।

**संसदीय कार्य मंत्री व विपक्षी विधायकों के बीच जमकर हुई बहस सीएम धामी के हस्तक्षेप और पीठ के निर्देश के बाद विधायक और मंत्री शांत हुए**



### मंत्री के खिलाफ मानहानि का दावा करूंगा: बिष्ट

देहरादून। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के बाद द्वाराहाट से कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट और संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई थी। संसदीय कार्यमंत्री ने विधायक पर सदन में शराब पीकर आने का आरोप लगाया था। संसदीय कार्यमंत्री की और से लगाए गए इन संगीन आरोपों को लेकर कल कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट को संज्ञान नहीं था, मगर जब उन्हें इस विषय में जानकारी हुई तो उन्होंने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि यह बेहद गलत हैं। उन्होंने कहा कि उनके साथ संसदीय कार्यमंत्री द्वारा बेहद अभद्र व्यवहार किया गया और ऐसे दुत्कारा गया जैसे उनकी कोई इज्जत ना हो। मदन बिष्ट ने कहा कि वह भी एक विधायक जनप्रतिनिधि हैं। मंत्री भी विधायक से ही बन कर जाते हैं, उन्होंने कहा कि वह इस पर मंत्री के खिलाफ मानहानि का दावा करेंगे।

# चौबटिया में बनेगा शीतोष्ण फलों के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** सूबे के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी द्वारा विभागीय अधिकारियों को दिए गए निर्देशों के क्रम में बुधवार को उद्यान विभाग में केन्द्रपोषित बागवानी मिशन योजनान्तर्गत भारत सरकार ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय उद्यान चौबटिया, अल्मोड़ा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर टैम्परेट फ्रूट की स्थापना के लिए रुपये 671.62 लाख की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में आधिकारिक आदेश भी जारी कर दिया गया है। इसके लिए कृषि मंत्री गणेश जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।

यह परियोजना इण्डो-डच नीदरलैण्ड वर्किंग ग्रुप के सहयोग के साथ फसलों पर नवीन तकनीक अपनाते हुए कियान्वित की जायेगी। यह परियोजना में मुख्यत: शीतोष्ण फलों की फसल पर केन्द्रित है जिसमें सेब, आडू, नाशपाती, प्लम एवं अखरोट को सम्मिलित किया गया है। इस प्रस्ताव में आधारभूत संरचना, ट्रेनिंग हॉस्टल, सिंचाई प्रणाली, पॉलीहाउस, सॉर्टिंग ग्रेडिंग यूनिट, प्रदर्शन प्रखण्ड के साथ-साथ कोल्ड रूम की मंजूरी प्रदान की गयी है। जिसमें राज्य सरकार द्वारा मृदा प्रयोगशाला तैयार किये जाने के लिए भी सहयोग प्रदान किया जायेगा। परियोजना का लक्ष्य फसल में नवीन तकनीक अपनाते हुए उत्पादन के साथ-साथ उत्पादकता में वृद्धि करना है। जिस हेतु फसलवार एवं नवीन तकनीक सहित प्रदर्शन प्रखण्ड स्थापित किये जायेंगें।



विदित है कि उत्कृष्ठता केन्द्र अनेक अच्छी कृषि पद्धतियों और किस्मों का मूल्याकन करेगा तथा किसानों को प्रर्दशनी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ताकि कृषक उपयुक्त पद्धति को अपनाकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सके।

कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य में शीतोष्ण फल उत्पादन की अपार सम्भावनायें है। यह सेंटर उत्तराखंड में शीतोष्ण फलों की उन्नत खेती, अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे प्रदेश के किसानों को नई तकनीकों और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी मिलेगी, जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय में सुधार होगा।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह परियोजना राज्य की बागवानी को एक नई दिशा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इससे स्थानीय किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले फल उत्पादन के लिए वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी मिलेगी और उन्हें बाजार में अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि राजकीय उद्यान चौबटिया, जो पहले से ही अपनी बागवानी प्रयोगशालाओं और अनुसंधान कार्यों के लिए प्रसिद्ध है, अब सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में और भी विकसित होगा। इससे प्रदेश में सेब, नाशपाती, आडू, खुबानी और अन्य समशीतोष्ण फलों के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश को भी इसका लाभ मिलेगा।

**■ राज्य सरकार के प्रस्ताव को मिली भारत सरकार की मंजूरी ■ कृषि मंत्री जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जताया आभार ■ प्रदेश में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कृषि मंत्री ने प्रदेश में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के दिए थे निर्देश**

# सीडीएस अनिल चौहान ने की सीएम धामी से मुलाकात



**मुख्यमंत्री और सीडीएस ने सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर की चर्चा**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को विधानसभा देहरादून में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और सीडीएस ने सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों एवं सेना द्वारा राज्य में आयोजित किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सैन्यभूमि है। राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को रक्षा क्षेत्र में अधिक अवसर देने और राज्य की सुरक्षा व विकास को सुदृढ़ करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# पीएम मोदी के दौरे की तैयारियां कमिश्नर ने परखी

**शीतकालीन पर्यटन को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से भव्य स्वरूप देने में जुटा शासन-प्रशासन**

**मंडलायुक्त विनय शंकर पांडेय सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में चार धाम शीतकालीन पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर्षिल-मुखवा की प्रस्तावित यात्रा को शासन प्रशासन अंतिम तैयारियों में जुटे हैं।

मंगलवार को सचिव मुख्यमंत्री एवं आयुक्त गढ़वाल मंडल विनय शंकर पांडेय, सचिव प्रोटोकॉल विनोद कुमार सुमन, आईजी गढ़वाल मंडल राजीव स्वरूप ने जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक श्रीमती सरिता डोबाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हर्षिल से लेकर मुखवा तक चल रही सभी तैयारियों का बारीकी से जायजा लेने के साथ ही इस दौरे की तमाम व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के संबंध में विचार-विमर्श किया।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान सचिव एवं मंडलायुक्त श्री पांडेय ने प्रधानमंत्री के स्वागत से लेकर प्रस्थान तक के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम हेतु सभी प्रबंध तय प्रोटोकॉल और सुरक्षा मानकों का ध्यान रख सुनिश्चित करने की अपेक्षा की।

इस मौके पर मुखवा में गंगा मंदिर के दर्शन-पूजन तथा हर्षिल में प्रस्तावित कार्यक्रम के दूरदर्शन के माध्यम से लाईव प्रसारण और मीडिया कर्मियों हेतु व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर अनेक निर्णय लिए गए। हर्षिल में कार्यक्रम स्थल की विभिन्न व्यवस्थाओं के निरीक्षण के दौरान सीटिंग प्लान, यातायात प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था, बिजली एवं पेयजल आपूर्ति के साथ ही टॉयलेट एवं सफाई व्यवस्था को भी चुस्त-दुरस्त बनाए रखने के संबंध में विचार-विमर्श किया। उत्तराखंड के स्थानीय उत्पादों और शिल्प कला पर आधारित प्रदर्शनी के ले-आउट प्लान तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस अवसर पर सचिव प्रोटोकॉल विनोद कुमार सुमन ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम हेतु तय प्रोटोकॉल के पालन एवं ब्लूबुक में निर्धारित व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श किया। श्री सुमन ने कहा कि प्रधानमंत्री के आगमन पर हेलीपैड से लेकर मुखवा एवं हर्षिल तक सभी व्यवस्थाओं में तय प्रक्रिया व मानकों का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने पर विशेष ध्यान दिया जाय।निरीक्षण के दौरान आईजी राजीव स्वरूप ने सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था, मूवमेंट एवं यातायात प्लान, पार्किंग व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि हर्षिल स्थित कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश व निकास की उपयुक्त व्यवस्थाएं रखी जाय। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती सरिता डोबाल ने सुरक्षा व्यवस्था के लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी दी।इस दौरान एसडीएम भटवाड़ी मुकेश चंद रमोला, एसडीएम पुरोला गोपाल सिंह चौहान, सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### बीस दिनों में हेलीपैड के लिए सड़क और मुखबा में पार्किंग तैयार

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने हर्षिल में महज बीस दिनों में वो कार्य करके दिखाया जो पिछले 65 वर्षों से नहीं हुआ। यहां सेना के हेली पैड तक सड़क मार्ग से नहीं जुड़ा था। मंगलवार को आयुक्त सहित उच्चाधिकारियों की टीम ने इन तमाम कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर लगभग बीस दिनों के अल्पावधि में यह कार्य संपन्न कराए जाने की व्यापक सराहना की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने विभिन्न व्यवस्थाओं व कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशासन के द्वारा दशकों पूर्व स्थापित बगोरी हेलीपैड को सड़ष्क से जोड़ दिया गया है। लगभग बीस दिन की अवधि में वनभूमि सहित अन्य सभी जरूरी स्वीकृतियां प्राप्त कर लोक निर्माण विभाग द्वारा इस सड़ष्क का निर्माण पूरा किया गया है। सामरिक महत्व के इस हेलीपैड के सड़ष्क से जुड़ने से सेना को काफी सहूलियत होगी और अतिविशिष्ट व्यक्तियों के इस क्षेत्र में आवागमन की व्यवस्था के लिए नागरिक प्रशासन को भी सुविधा मिलेगी। क्षेत्र की सड़कों का सुधार किए जाने के साथ ही हेलीपैड, बगोरी मार्ग तथा गंगोत्री राजमार्ग के किनारे भी पार्किंग की व्यवस्थाएं की गई हैं। गंगा जी के शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा में भी अल्प समय में ही कई महत्वपूर्ण काम पूरे कराए गए हैं। यहां पर लगभग 120 हल्के वाहनों की क्षमता की पार्किंग का निर्माण कार्य फिनिशिंग के चरण में है। मुखवा में गंगा मंदिर परिसर तक पैदल मार्ग के निर्माण करने के साथ ही मंदिर की सीढियों को सुधारा और संवारा गया है।

# पुलिस ने ऋषिकेश से किया आरोपी को गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने गत दिनों पहले बाइक सवार युवक की हुई मौत का मामला सुलझा दिया है। दरसल ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर श्रीनगर के डैम कॉलोनी से कुछ दूरी पर बीते 13 जनवरी को एक बाइक सवार युवक हाइवे पर मृत पड़ा मिला था। जबकि युवक की बाइक भी जली हुई मिली। जिसके बाद पुलिस ने शव को परि. जनों को सुपुर्द कर दिया था। परिजनों ने हत्या की आंशका को देखते हुए कोतवाली श्रीनगर में अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच कर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना कलियासौड़ थाना प्रभारी विजय सैलानी को सुपुर्द की गई। प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस ने शहर के चप्पे-चप्पों की सीसीटीवी फुटेजों की छानबीन की। साथ ही शमैनुअल पुलिसिंग से इस दुर्घटना का खुलासा किया गया। कलियासौड़ थाना प्रभारी विजय सैलानी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की जांच में पाया कि एक ट्रक रुद्रप्रयाग से ऋषिकेश की तरफ जा रहा था, लेकिन ट्रक सवार वहां पर ढाबे में खाना खाने रूका हुआ था। जिसके बाद वाहन सवार ट्रक पर सो गया। करीब 3 बजे मोटरसाइकिल सवार ट्रक से टकराया था। ट्रक में हलचल होने के बाद ट्रक सवार वहां से भाग निकला। बताया कि पुलिस टीम द्वारा होटल, ढाबा स्वामियों से पूछताछ करने के अलावा मुखबिरों से भी सुरागरसी पतारसी कर इस वाहन के बारे में जानकारी जुटाई गयी। बताया कि जांच में पता चला कि वाहन का किसी गैराज में वाहन की मरम्मत कराना भी प्रकाश में आया। बताया कि आरोपी कुंवर सिंह (52) पुत्र घूरा सिंह, निवासी-पठालीधार डांगी, अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग को ऋषिकेश से वाहन के साथ गिरफ्तार किया है। बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव, विजय सैलानी, संदीप चौहान, मुकेश आर्य शामिल थे।

## एक नजर .......

### नवनियुक्त जिला सूचना अधिकारी ने पत्रकारों से की शिष्टाचार भेंट

नई टिहरी। नवनियुक्त जिला सूचना अधिकारी द्रवनीता शर्मा ने जिले के पत्रकारों से शिष्टाचार भेंट कर विकास कार्यों में मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सूचनाओं के आदान-प्रदान और सरकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में पत्रकारों का सहयोग आवश्यक है, ताकि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। जिला सूचना अधिकारी ने पत्रकारों से परिचय प्राप्त कर जिले की भौगोलिक और समसामयिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रशासन एवं मीडिया के बीच समन्वय स्थापित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी और सूचना विभाग को और प्रभावी बनाने के लिए कार्य करेंगी। उन्होंने पत्रकारों से जिले में हो रहे सकारात्मक कार्यों को भी प्रमुखता से प्रकाशित करने का आग्रह किया, ताकि समाज में प्रेरणादायक संदेश पहुंचे। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी भजनी भंडारी और सूचना विभाग के कर्मियों ने नवनियुक्त अधिकारी का स्वागत किया। प्रेस क्लब के महासचिव गोविंद पुंडीर, पूर्व अध्यक्ष गंगादत्त थपलियाल, जयप्रकाश पांडेय, मुकेश रतूड़ी, मधुसूदन बहुगुणा, रजत प्रताप सिंह, विजयदास, मुनेंद्र नेगी, अरविंद नौटियाल, जोत सिंह बगियाल, विजयपाल राणा, ज्योति डोभाल, धनपाल गुनसोला, रोशन थपलियाल, धीरेंद्र सकलानी सहित कई पत्रकार इस मौके पर मौजूद रहे।

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने घायल महिला के लिए उपलब्ध कराया वाहन

**नई टिहरी।** नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन रांगड़ ने जनप्रतिनिधि होने का दायित्व निभाते हुए घायल महिला को हायर सेंटर पहुंचाने के लिए अपना निजी वाहन उपलब्ध कराया। गुलदार के हमले में घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय बौराड़ी रेफर किया गया, लेकिन आपातकालीन 108 सेवा तत्समय उपलब्ध न होने पर अध्यक्ष ने मानवीय पहल करते हुए अपने वाहन से महिला को अस्पताल भिजवाया। गौरतलब है कि पुलिस थाना लंबगांव के पास घास काटने गई महिला पर गुलदार ने हमला कर दिया था, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन रांगड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौंड पहुंचे और डॉक्टरों से महिला का हालचाल जाना। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, लेकिन 108 सेवा न मिलने के कारण नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपना निजी वाहन उपलब्ध करवाकर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। स्थानीय लोगों ने उनकी इस पहल की सराहना की।

### भारत- चीन सीमा के दो अनछुए ट्रैक रूटों के फ्लैग-ऑफ की तैयारियां पूरी

जिलाधिकारी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण के मौके पर नेलांग, जादुंग, सोनम एवं पीडीए घाटी के अद्भुत और अनछुए पर्यटन गंतव्यों में साहसिक पर्यटन की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के नजरिए से मोटर बाईक रैली, एटीवी-आरटीवी रैली, तथा दो ट्रैकिंग अभियानों को भी हर्षिल से फ्लैग ऑफ किए जाने की तैयारी की जा रही है। भारतीय सेना के दल द्वारा हर्षिल से पीडीए मोटर बाईक-एटीवी-आरटीवी रैली, यूटीडीबी के तत्वावधान में हर्षिल से जादुंग तक मोटर बाईक रैली निक. ाली जायेगी। जबकि आई.टी.बी.पी. के द्वारा नीला पानी से मुलिंग ला बेस तक और एन.आई.एम. द्वारा जादुंग से जनकताल तक के लिए ट्रैकिंग अभियान चलाया जाएगा।

# गुलदार के हमले में महिला घायल हायर सेंटर रेफर

**नई टिहरी।** पुलिस थाना लंबगांव के पास घास काटने गई एक महिला पर दिनदहाड़े गुलदार ने जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर बौराड़ी रेफर किया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पट्टी भदूरा के बौंसाड़ी गांव की मीना देवी और शारदा देवी नामक महिलाएं मजियाली तोक क्षेत्र में घास काटने गई थीं।सुबह करीब 11: 45 बजे पहाड़ी के पास घात लगाए बैठे गुलदार ने 55 वर्षीय मीना देवी पर हमला कर दिया। हमले के दौरान मीना देवी की चीख-पुकार सुनकर पास में घास काट रही शारदा देवी ने हिम्मत दिखाते हुए शोर मचाया और किसी तरह अपनी साथी को गुलदार के चंगुल से छुड़ाया। घबराई महिलाएं पुलिस थाने की ओर भाग गईं। घायल महिला को परिजन तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौंड ले गए

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व मामलों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सभागार नई टिहरी में बुधवार को राजस्व मामलों की मासिक स्टाफ बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागीय मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व वाद, फौजदारी वाद, पीपी एक्ट वाद, दाखिल खारिज, वसूली, खाता-खतौनी, ऑडिट आपत्ति, मजिस्ट्रियल जांच, भूमि खरीद, कचरा प्रबंधन, गौशाला निर्माण, चारधाम यात्रा और आपदा विस्थापन सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने चारधाम यात्रा और सड़क सुरक्षा को लेकर संबंधित उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हर माह एक नियमित प्रणाली बनाकर अपनी टीम के साथ सड़कों की जांच करें। हाईवे पर अतिक्रमण हटाने, वाहनों के ठहराव के लिए होल्डिंग स्थल चिह्नित करने और मार्च माह में पुलिस, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए गए। अधिशासी अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में शौचालय और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। पेट्रोल पंपों पर शौचालय, पेयजल और हवा जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश जिला पूर्ति अधिकारी को दिए गए, जबकि आबकारी अधिकारी को शराब की दुकानों पर निर्धारित दरों की जांच करने को कहा गया।

बैठक में बोर्ड परीक्षाओं और चारधाम यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि वे थाना स्तर पर लंबित मामलों को बैठक में प्रस्तुत करें और सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मजिस्ट्रियल जांच के लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्थल का निरीक्षण कर तुरंत आवश्यक कार्रवाई करें।

राजस्व प्रबंधन प्रणाली के तहत सभी राजस्व मामलों को ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने और कोर्ट से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने वसूली अभियान को तेज करने के लिए मुख्य देयकों और विविध देयकों की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने को कहा। अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने और बकायेदारों की सूची तहसील कार्यालयों में चस्पा करने के निर्देश दिए गए। तहसीलों में स्टाफ, वाहन, कंप्यूटर और अन्य सुविधाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने मरम्मत से जुड़े प्रस्ताव जिला कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए। इसके साथ ही लंबित बिजली और जल बिलों का तुरंत भुगतान करने को कहा गया। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर तहसीलदारों और नायब तहस. ीलदारों को निर्देश दिया गया कि वे ग्राम विकास अधिकारियों और नगरपालिका अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर एसडीएम के सहयोग से लंबित प्रकरणों का निस्तारण करें और सीएससी के माध्यम से इस विषय पर प्रचार-प्रसार करें। भूमि खरीद से संबंधित मामलों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी ने पटवारियों को स्थल निरीक्षण कर सही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कचरा प्रबंधन को लेकर नगर निकाय अधिकारियों को स्वच्छता सर्वेक्षण के लक्ष्यों को पूरा करने पर जोर दिया गया। गौशाला निर्माण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गजा और घनसाली में बनी नई गौशालाओं को मार्च तक संचालित किया जाए और चमियाला गौशाला निर्माण की प्रक्रिया को पूरा कर वहां भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण कराया जाए।

आपदा प्रभावितों के विस्थापन पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को मानसून से पहले ग्राम विकास अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर नियमित निगरानी करने और आवश्यक कदम उठाने को कहा। वन पंचायतों के कार्यकाल समाप्त होने वाले क्षेत्रों में नियमानुसार समय से चुनाव कराने के भी निर्देश दिए गए।

इस बैठक में अपर जिलाधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विभिन्न उपजिलाधिकारी, एआरटीओ, जिला पूर्ति अधिकारी, खाद्य अभिहित अधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी और जिला कलेक्ट्रेट के पटल सहायक समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# खाली कुर्सी कर रही एसडीएम का इन्तजार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** उत्तराखंड राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे नही हुएं इस दौरान ही थराली परगना में 31 परगना मजिस्ट्रेटों आ एवं जा चुके हैं। वर्तमान में पिछले ढाई माह से थराली तहसील प्रभारी एसडीएम के भरोसे चल रहा है। जिससे इस तहसील क्षेत्र के लोगों को अपने छोटे, छोटे कार्यों, ज्ञापनों को भेजने के लिए भटकना पड़ रहा हैं।

अभाज्य उत्तर प्रदेश के दौरान 1990 में कर्णप्रयाग तहसील से अलग कर थराली,देवाल व नारायणबगड़ विकास खंडों,तीन राजस्व निरीक्षक क्षेत्रों एवं 18 उप राजस्व निरीक्षक क्षेत्रों को मिला कर थराली तहसील का नवसृजन किया गया था। इसके बाद थराली परगना क्षेत्र से 2014 में अलग कर नारायणबगड़ एवं देवाल को नई तहसील का दर्जा दिया गया। हालांकि नारायणबगड़ तहसील से तो कुछ कार्यों का संचालन हो रहा हैं, किंतु देवाल तहसील 11 वर्षों के बाद भी अस्तित्व में नही आ पाई हैं। थराली परगना क्षेत्र में तैनात परगना मजिस्ट्रेटों की तैनाती के इतिहास पर प्रकाश डाले तों उत्तराखंड राज्य गठन के बाद से आज तक 25 वर्षों के दौरान 31 उपजिलाधिकारियों को यहां पर तैनात किया जा चुका हैं। तीन तहसीलों के विकट भौगौलिक प्रस्थिति वाले परगना थराली में जब एसडीएमों की तैनाती होती हैं, उसके बाद जबतक वें यहां की भौगौलिक प्रस्थिति, समस्याओं, लोगों, यहां की संस्कृति बोली भाषा को जानने व समझने का प्रयास करते हैं, तब तक उनका स्थानांतरण कर दिया जाता है। जिसका सीधा प्रभाव परगना क्षेत्र के विकास पर पड़ रहा हैं।

यहां पर तैनात एसडीएमों की तैनाती के इतिहास पर नजर डालें तो सबसे अधिक लंबे समय 20-9-2007 से 31-3-2011 बीएल फिरमाल यहां तैनात रहे, उसके अलावा 18-8-2004 से 19-9-2007 तक दीपक सिंह नेगी एवं 6-4-2013 से 5-2-2015 तक वर्तमान में चमोली जिले के अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश बतौर थराली में एसडीएम तैनात रहे।इन मजिस्ट्रेटों के अलावा अन्य अधिकारी एक साल से अधिक समय तक थराली में तैनात नही रहें पाएं । इसके अलावा केएस नेगी को अल्प,अल्प समय के 4 बार बतौर एसडीएम थराली भेजा गया।

अल्प,अल्प समय के बीच एसडीएमों का स्थानांतरण कर दिए जाने के कारण उसका विपरीत प्रभाव परगना क्षेत्र के विकास पर पड़ रहा हैं। पिछले ढाई महीनों से थराली में एसडीएम का पद रिक्त पड़ा हुआ हैं। क्षेत्र के लोगों के आवश्यक प्रार्थना पत्रों पर कार्यवाही नही हो पा रही हैं। इसके अलावा शासन, प्रशासन को भेजें जाने वाले ज्ञापन किसे सौंपे लोगों की समझ में नही आ रहा है जिले की सबसे बड़ी तहसील थराली में सरकार को तत्काल एसडीएम की तैनाती करनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

# अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

**भाजपा ने कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट की टिप्पणी को बताया अनुचित**

**विधानसभा अध्यक्ष से विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने द्वाराहाट से कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट पर सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए उनका पुतला फूंका। भाजपा नेताओं का कहना है कि संवैधानिक पद पर बैठे जनप्रति. निधि के लिए इस तरह की भाषा का प्रयोग करना अनुचित है और लो. कतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत है। बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने हनुमान चौक पर विधायक मदन बिष्ट का पुतला दहन कर विरोध जताया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि मदन बिष्ट जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि हैं और उन्हें अपनी भाषा और आचरण की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर विधायक ने विधानसभा सत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की कि विधायक मदन बिष्ट के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। इस विरोध प्रदर्शन में जिला महामंत्री राजेंद्र जुयाल, मंडल अध्यक्ष गोपीराम चमोली, देवेंद्र बेलवाल, शीशराम थपलियाल, रामलाल नौटियाल, जयेंद्र पंवार, राजेश डिंयूडी, हीरा नेगी, सभासद विनीत सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आक्समिक चेकिंग करते हुए तीन वाहनों को किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** परिवहन विभाग चमोली ने पिंडर घाटी की सड़कों पर वाहनों की आक्समिक चौकिंग करते हुए तीन वाहनों को सीज कर दिया, जबकि 20 वाहनों का चालान काटा गया। परिवहन विभाग की छापें मारी के चलते वाहन स्वामियों एवं चालकों में हड़कंप मच गया हैं। बुधवार को एआरटीओ कार्यालय कालेश्वर कर्णप्रयाग से परिवहन कर अधिकारी दीपक कुमार आक्समिक चौकिंग पर कर्णप्रयाग -ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग केबाद थराली-देवाल-वांण राजमार्ग पर आएं इस दौरान फिटनेस नही होने,टैक्स जमा नही करनें,परमिट खत्म होने, इंश्योरेन्स नही होने, प्रदूषण नही होने पर तीन वाहनों को सीज कर दिया गया। जबकि अलग-अलग कागजों के अभाव में 20 वाहनों का चालान काटा गया। परिवहन कर अधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि पिंडर घाटी के तीनों ब्लाकों नारायणबगड़, थराली व देवाल में काफी संख्या में बिना दस्तावेजों के वाहनों का संचालन हो रहा हैं इसे देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाइवे के अलावा ब्रांच सड़कों पर नियमित जांच निकट भविष्य में परिवहन विभाग द्वारा की जाती रहेगी। परिवहन विभाग के आक्समिक चौकिंग की सूचना मिलते ही आज क्षेत्र की सड़कों पर वाहनों का काफी कम संचालन देखने को मिला।कई वहान स्वामियों एवं चालकों ने अपने वाहनों को मुख्य सड़कों से हटा कर ग्रामीण सड़कों पर खड़ी कर दी।

# जिला प्रशासन ने की परिषदीय परीक्षा 2025 की सुचारू संचालन की रूपरेखा तैयार

**परीक्षा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डीएम ने दिए कड़े निर्देश**

**सुरक्षा और गोपनीयता पर विशेष जोर, परीक्षा केंद्रों की कड़ी निगरानी होगी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनपद टिहरी गढ़वाल में उत्तराखंड परिषदीय परीक्षा 2025 को पारदर्शी और निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) नई टिहरी में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों की तैयारियों और व्यवस्थापकों की भूमिका की समीक्षा की। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि प्रश्नपत्रों की सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखने की जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएं।

बैठक में परीक्षा नियंत्रण कक्ष को पूर्णत: कार्यात्मक बनाए रखने, मोबा. इल फोन खुले रखने, परीक्षार्थियों की पहचान सघन रूप से सत्यापित करने और नकल की किसी भी घटना पर परीक्षा गाइडलाइन के अनुसार तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपनी-अपनी टीम को पूरी तरह से ब्रीफ करें और परीक्षा प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित करें।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिलाधिकारी ने एएसपी को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। डीओ पीआरडी को परीक्षा केंद्रों पर जरूरत के अनुसार पीआरडी जवानों की तैनाती करने को कहा गया। साथ ही, यदि किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न होती है, तो उसे तत्काल प्रशासन को अवगत कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने परीक्षा कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को नैतिकता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान करते हुए सफल परीक्षा संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्य शिक्षा अधिकारी एस.पी. सेमवाल ने जानकारी दी कि परिषदीय परीक्षाएं 21 फरवरी से 11 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा के लिए जनपद में कुल 135 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 134 मिश्रित और एक एकल केंद्र शामिल है। इस परीक्षा में कुल 15,881 परीक्षार्थी भाग लेंगे, जिनमें 8,084 छात्र और 7,797 छात्राएं शामिल हैं। हाईस्कूल परीक्षा में 7,864 परीक्षार्थी (4,021 छात्र, 3,843 छात्राएं) जबकि इंटरमीडिएट में 8,017 परीक्षार्थी (4,063 छात्र, 3,954 छात्राएं) शामिल होंगे।

परीक्षा के दौरान किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 9410554775 रहेगा। बैठक में एएसपी जे.आर. जोशी, डीईओ (मा. शि.) वी.पी. सिंह, प्रभारी प्राचार्य डायट दीपक रतूड़ी, बीईओ घनसाली सुमेर सिंह, देवप्रयाग भास्कर बेबनी, चंबा नरेश कुमार हल्दयानी सहित सभी परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# देवलसारी रेंज में 20 फरवरी को लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**थत्यूड़।** मसूरी वन प्रभाग के अंतर्गत लखवाड़ कैट परियोजना के तहत देवलसारी रेंज में ग्राम बंगसील स्थित स्वास्थ्य केंद्र में 20 फरवरी 2025 को एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में क्षेत्र के सभी निवासियों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वास्थ्य शिविर में फिजीशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट), नेत्र विशेषज्ञ और डेंटल विशेषज्ञों द्वारा जांच की जाएगी। साथ ही, अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच की भी सुविधा उपलब्ध होगी। वन क्षेत्राधिकारी लतिका उनियाल ने बताया कि यह शिविर स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ष्वन विभाग केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समुदाय के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना

# जनता से किए वादे पूरा करने वाला है सरकार का भू कानून: भट्ट

## भ्रम फैलाने की अपेक्षा कांग्रेस को सुझाव और चर्चा में शिरकत की जरूरत

■ **भाजपा राज्य निर्माण से लेकर उसके चौमुंखी विकास के प्रति रही कटिबद्ध**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भाजपा ने कैबिनेट से भू कानून संशोधन विधेयक की मंजूरी पर खुशी जताते हुए इसे जनता से किया गया एक और वायदा पूर्ण करने वाला बताया है।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मीडिया को दी प्रतिक्रिया मे मुख्यमंत्री धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ठोस कदम राज्य के भू संसाधनों और मूल स्वरूप के संरक्षण को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने सख्त भू कानून निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। भट्ट ने कहा कि भाजपा राज्य निर्माण से लेकर उसके चौमुखी विकास के प्रति कटिबद्ध रही है। जिसमें प्रदेश की संस्कृति और उसके मूल स्वरूप को बरकरार रखना सर्वोपरी है। उसमें भी राज्य के सीमित भू संपदा और संसाधनों के संरक्षण को लेकर हमारी सरकारें हमेशा प्रयास करती रही हैं।



जनसामान्य की भावना और प्रदेश की जरूरत समझते हुए भाजपा ने विधानसभा चुनावों में कठोर भू कानून लाने का संकल्प लिया था। जिसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सरकार में आते ही इस मुद्दे पर उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया था। जिसने इस कानून से जुड़े प्रदेश के सभी हितधारकों से विचार विमर्श कर अपनी रिपोर्ट तैयार की। जिसके कानूनी, प्रशासनिक एवं व्यवहारिक सभी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके बाद सीएम ने जनता से बजट सत्र में सदन के पटल पर इसको प्रस्तुत करने का संकल्प किया। इसी क्रम में बुधवार को कैबिनेट ने भू कानून संशोधन विधेयक को मंजूरी दी है और इसे अब सदन में चर्चा के लिए रखा जाएगा।

बतौर पार्टी कार्यकर्ता हम सबके लिए बेहद प्रसन्नता और गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री ने पार्टी के चुनावी संकल्प पत्र के एक और अहम वादे की पूर्ति दिशा में निर्णायक कदम बढ़ाए हैं।

उन्होंने उम्मीद जताई कि सदन में चर्चा के बाद जब यह कठोर भू कानून अस्तित्व में आएगा तो यह राज्य के संसाधनों, सांस्कृतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा में अहम भूमिका निभाएगा।

### कहा -राज्य के प्राकृतिक भू संसाधनों की दुर्गति करने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने भू कानून को लेकर भ्रामक दुष्प्रचार के लिए कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के प्राकृतिक भू संसाधनों की दुर्गति करने के लिए वह सर्वाधिक जिम्मेदार है। कांग्रेस जब सरकार में आयी तो उसने संसाधनों को लूट कर राज्य के मूल स्वरूप को बिगड़ने का पाप किया। लिहाजा जब हम इस समस्या के निदान हेतु संशोधन कानून लेकर आए हैं तो वह अड़ंगा डालने की मंशा से झूठ और भ्रम फैला रहे हैं। उन्होंने विपक्ष के सभी विधायकों से अपील की कि सदन के अंदर उनके पास इस मुद्दे को लेकर सकारात्मक चर्चा करने का अवसर हैं। लिहाजा बाहर राजनीतिक बयानबाजी करने के बजाय उन्हें अपने ठोस तथ्यों और उचित तर्कों के साथ चर्चा में शामिल होना चाहिए। ताकि अंतिम स्वरूप में जब यह कानून सामने आए तो जनसामान्य की भावनाओं और राज्य के संरक्षण की संतुष्टि करने वाला हो।

### सशक्त भू कानून के लिए कैबिनेट की मंजूरी ऐतिहासिक कदम: महाराज

**देहरादून।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रदेश में सशक्त भू-कानून लागू करने के लिए संशोधित भू-कानून को कैबिनेट की मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश हित में लिया गया महत्वपूर्ण ऐतिहासिक निर्णय बताया है।

## कैबिनेट से पास हुआ भू-कानून का मसौदा सार्वजनिक करे सरकार: धस्माना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड सरकार की और से कैबिनेट से पास किए गए नए भू-कानून के मसौदे को सरकार सार्वजनिक करके जनता को यह बताए कि वास्तव में प्रस्तावित नए कानून के प्रावधन क्या है। यह मांग बुधवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने अपने कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में की। उन्होंने कहा कि धामी सरकार यह भी स्पष्ट करे कि इस कानून में आखिर एनडी तिवारी की सरकार के बनाए भू कानून से अलग क्या है यह। धस्माना ने कहा कि कैबिनेट ने भू-कानून के नाम पर जो कुछ भी पारित किया उसे ऐसा प्रचारित किया जा रहा है जैसे धामी सरकार ने कोई क्रांतिकारी काम कर दिया हो राज्य के हित में जबकि वास्तविकता यह है कि कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए भू कानून को पूरी तरह से नष्ट भ्रष्ट करने वाली भाजपा की त्रिवेंद्र व धामी सरकारें हीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में त्रिवेंद्र सरकार ने बाहरी व्यक्तियों के लिए साढ़े बारह एकड़ भूमि से ज्यादा की सीलिंग समाप्त कर दी व भू उपयोग की बाध्यता भी समाप्त कर दी व बाद में धामी सरकार ने बाहरी लोगों द्वारा खरीदी गई भूमि के उपयोग के प्रयोजन की शर्त भी समाप्त कर उत्तराखंड के भू कानून को पूर्ण रूप से नष्ट भ्रष्ट कर दिया।

## यह अधिनियम व लेखा विवरण हुए पटल

- उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2024 को सदन के पटल पर रखा गया।
- उत्तराखण्ड नगर निकायों एवं प्राधिकरणों हेतु विशेष प्राविधान (संशोधन) अध्यादेश, 2024 को सदन के पटल पर रखा गया।
- उत्तराखंड राज्य राज्य कीड़ा विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2024 को सदन के पटल पर रखा गया।
- उत्तराखण्ड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अधिनियम, 2003 की धारा-9(2) के प्राविधानानुसार आयोग का वार्षिक प्रतिवेदन (1) अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 तक) तथा (1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक) को सदन के पटल पर रखा गया।
- केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा-104(1) के अधीन उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक लेखा विवरण को सदन के पटल पर रखा गया।
- केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा-105 के अधीन उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग की वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा गया।
- उत्तराखंड विद्युत नियामक आयोग द्वारा केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा-181 के अन्तर्गत दिनांक 21 अगस्त, 2022 से 13 जनवरी, 2024 तक अधिसूचित विनियमों का संकलन को सदन के पटल पर रखा गया।
- भू-सम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 के अध्याय-IX के अन्तर्गत धारा-78 के प्राविधानों के अनुसार उत्तराखंड भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (रेरा) के वार्षिक प्रतिवेदन (वित्तीय वर्ष 2022-23) को सदन के पटल पर रखा गया।
- सेवा का अधिकार आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन 2022-23 (ATR सहित) को सदन के पटल पर रखा गया।
- कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा-395 (बी) के अनुपालन में पॉवर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि के वित्तीय वर्ष, 2023-24 के वार्षिक लेखा विवरण को सदन के पटल पर रखा गया
- उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम 152(2) के अन्तर्गत राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार हेतु लौटाये गये उत्तराखण्ड राज्य कीडा विश्वविद्यालय विधेयक, 2024 को सदन के पटल पर रखा गया।

## महाराज ने यूसीसी में एक साल की समय सीमा के प्रावधान को किया स्पष्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने यूसीसी सेवाओं के लिए एक साल की समय सीमा के प्रावधान को लेकर स्पष्ट किया है कि उक्त समय सीमा का संबंध सिर्फ उच्च के तहत होने वाली शादी, विवाह, तलाक, लिव इन रिलेशन जैसे पंजीकरण से है।

महाराज ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी देश या राज्य में किसी भी स्थान पर सामान्य निवास के दौरान वहां के पते पर अपना वोटर कार्ड, डीएल या अन्य दस्तावेज बनवा लेता है तो इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि वहा का मूल या स्थाई निवासी बन जाएगा। उत्तराखंड में मूल एवं स्थाई निवासी बनने के लिए अलग नियम है जो कि पहले से



ही चले आ रहे हैं उसमें किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है।

उन्होंने यूसीसी सेवाओं के लिए एक साल की समय सीमा के प्रावधान को स्पष्ट करते हुए कहा कि यूसीसी के तहत किया गया कोई भी पंजीकरण उत्तराखंड का स्थाई निवास या मूल निवासी प्रमाण पत्र प्रधान नहीं करेगा। स्थाई निवास या मूल निवास का दर्जा केवल संबंधित प्रावधानों के तहत ही दिया जा सकता है ना कि यूसीसी के तहत।

## भूमि की बंदरबांट का रास्ता खुला रखा: माहरा

**मैदानी जनपदों में ही भू-कानून का सबसे अधिक दुरुपयोग हुआ: पीसीसी अध्यक्ष**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने आज देहरादून में बयान जारी करते हुए कहा कि धामी सरकार ने बहुत विलंब से भू-कानून पर आधी-अधूरी तैयारी के साथ कदम आगे बढ़ाए हैं।

जब भू-कानून का मसौदा सदन के पटल पर रखा जाएगा, तब उसके अध्ययन के बाद ही विस्तृत टिप्पणी की जा सकेगी। लेकिन, अभी जो जानकारी मिल रही है, उसके अनुसार कांग्रेस पार्टी और राज्य की जनता



जिस कड़े भू-कानून की मांग कर रही थी, उसे लाने में सरकार ने कोई जिज्ञासा या रुचि नहीं दिखाई है।

माहरा ने कहा कि कैबिनेट से पारित भू-कानून केवल प्रदेश के 11 जिलों पर लागू होगा। इन 11 जिलों में कृषि और वानिकी के लिए भूमि खरीद पर रोक होगी, जबकि अन्य प्रयोजनों के लिए शासन की अनुमति से भूमि खरीदी जा सकेगी। कुल मिलाकर, सरकार ने घुमा-फिराकर भूमि की बंदरबांट का रास्ता खुला रखा है। मैदानी जनपदों में ही भू-कानून का सबसे अधिक दुरुपयोग हुआ है, और वहाँ अब भी कृषि और बागवानी (हॉर्टिकल्चर) के नाम पर भूमि खरीदी जा सकेगी। इसके दुरुपयोग की पूरी संभावना बनी हुई है, क्योंकि पहले भी भू-माफिया कृषि और बागवानी के नाम पर जमीन खरीदकर उसे व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के लिए उपयोग करते रहे हैं। इससे राज्य के भू-कानून की धज्जियाँ उड़ाई जाती रही हैं।

यूनिफॉर्म सिविल कोड के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति उत्तराखंड में एक वर्ष तक निवास करता है, तो उत्तराखंड सरकार उसे स्थायी निवासी के रूप में स्वीकार करने की बात कह रही है। इसमें यह भी महत्वपूर्ण है कि क्या उसे उत्तराखंड में भूमि खरीदने का अधिकार मिलेगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है। साथ ही, राज्य सरकार ने हरिद्वार और उधम सिंह नगर को इस प्रावधान से छूट दी है, जिससे भू-माफियाओं को लाभ मिलने की संभावना बढ़ सकती है।

इस कानून के तहत, जिला अधिकारी के अधिकारों को सीमित कर दिया गया है, जबकि किसी भी क्षेत्र की संपूर्ण जानकारी केवल जिलाधिकारी के पास ही उपलब्ध होती है।

वहीं दूसरी ओर, सरकार ने यूसीसी को प्रदेश में लागू करने से पहले दो वर्षों का समय लिया और करोड़ों रुपये खर्च किए। ऐसे में, भू-कानून को जल्दबाजी में लागू करना कितना उचित होगा, यह विचारणीय है।

## यह विधेयक बने अधिनियम

- उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947) विधेयक, 2020 जो विधान सभा ने 23 सितम्बर, 2020 को पारित किया गया था, पर राष्ट्रपति की अनुमति 26 फरवरी, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का दसवां अधिनियम बन गया।
- उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के चिन्हित आन्दोलनकारियों या उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक, 2023 प्रवर समिति द्वारा यथा संशोधित, जो विधानसभा द्वारा 07 फरवरी, 2024 को पारित किया गया या, पर राज्यपाल की अनुमति 17 अगस्त, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का ग्यारहवां अधिनियम बन गया।
- उत्तराखण्ड विनियोग (2024-2025 का अनुपूरक) विधेयक, 2024 जो विधान सभा से 23 अगस्त, 2024 को पारित किया गया था, पर राज्यपाल की अनुमति 6 सितम्बर, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का बारहवां अधिनियम बन गया।
- उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश जमीदारी विनाश और भूमि व्यवस्था अधिनियम, 1950) (संशोधन) विधेयक, 2024 जो विधान सभा से 23 अगस्त, 2024 को पारित किया गया था, पर राज्यपाल की अनुमति 10 सितम्बर, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का तेरहवां अधिनियम बन गया।
- उत्तराखण्ड लोक तथा निजी सम्पत्ति क्षति वसूली विधेयक, 2024 जो विधान सभा से 23 अगस्त, 2024 को पारित किया गया था, पर राज्यपाल की अनुमति17 सितम्बर, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का चौदहवां अधिनियम बन गया।
- उत्तराखण्ड (उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916) (संशोधन) विधेयक, 2024, जो विधान सभा से 23 अगस्त, 2024 को पारित किया गया था, पर राज्यपाल की अनुमति 17 सितम्बर, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का पन्द्रहवां अधिनियम बन गया।
- उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा विविध (संशोधन) विधेयक, 2024, जो विधान सभा से 23 अगस्त, 2024 को पारित किया गया था, पर राज्यपाल की अनुमति 21 अक्टूबर, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का सोलहवां अधिनियम बन गया।
- उत्तराखण्ड कारागार एवं सुधारात्मक सेवाएं विधेयक, 2024, जो विधान सभा से 23 अगस्त, 2024 को पारित किया गया था, पर राज्यपाल की अनुमति 19 दिसम्बर, 2024 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष, 2024 का सत्रहवां अधिनियम बन गया।

## कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय में वार्षिकोत्सव एलुनमी मीट का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** कस्तूरबा गांधी बालि. का विद्यालय कोरवा में वार्षिकोत्सव एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा जौनसारी नृत्य व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।




महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आत्मरक्षा से संबंधित नाट्य प्रस्तुति एवं साहसिक खेलों की प्रस्तुति की गई। कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया, छात्रावास में कार्य करने वाले कार्मिकों को उत्तम कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। छात्रावास से अध्ययन करके जाने वाली कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की बालिकाओं के फिंगर प्रिंट अमूल्य यादों के रूप में संजोकर रखे गए। जिनको फ्रेम कराकर छात्रावास की दीवारों पर लगाया जाएगा।

मुख्य अतिथि के रूप में जसवंत सिंह बंगारी प्रधानाचार्य अटल उत्कृष्ट जौनसार बावर राजकीय इण्टर कॉलेज सहिया, विशिष्ट अतिथि के रूप मे केएल अनुरागी राजकीय इण्टर कॉलेज कोरवा, प्रधानाचार्या दीपमाला रावत छात्रावास में कार्यरत सभी कार्मिक एवं कोरवा इण्टर कॉलेज का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## रियलमी पी तीन व एक्स 5जी लॉन्च

**देहरादून।** रियलमी पी3 सीरीज 5जी पेश किया है। यह खासतौर से भारत के हिसाब से डिजाइन किया गया है। रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3एक्स 5जी के साथ यह सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इनोवेशन पेश करने की अवधारणा का प्रदर्शन करती है। बेहतरीन परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और स्टाइल पर केंद्रित रहते हुए ये स्मार्टफोन मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे, जिससे अपने यूजर्स को सेगमेंट-फर्स्ट इना. वेशन पेश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3एक्स 5जी की परफॉर्मेंस को एक नया आयाम देते हुए इसके डिजाइन को भी आकर्षक बनाया गया है, जो उन्हें आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में अलग बनाता है। दोनों डिवाइस शानदार कारीगरी, अत्याधुनिक फीचर्स और बेजोड़ मजबूती के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी प्रेमियों की जरूरतों को पूरा करती हैं।

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर में 16 शिकायतें दर्ज

**पांच का मौके पर समाधान, उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विधुत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, देहरादून के तत्वावधान में ब्लॉक चकराता व ग्राम मेंद्रथ में आयोजित शिविरों में कुल 16 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से पांच का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया।

बुधवार को कैंट इंटर कॉलेज, चकराता में आयोजित शिविर में 11 शिकायतें दर्ज हुईं, जबकि मंगलवार को मेंद्रथ में आयोजित शिविर में पांच शिकायतें आई थीं। इनमें से चार का समाधान तत्काल कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित कार्यालय व डिवीजन को भेजा गया है। शिविर में उपभोक्ताओं को



संबोधित करते हुए मंच के न्यायिक सदस्य त्रिभुवन सिंह ने बताया कि विधुत अधिनियम के तहत प्रत्येक जिले में छह उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच गठित किए जाते हैं। इन मंचों का उद्देश्य उपभोक्ताओं की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि बिजली कनेक्शन में देरी, अधिक बिलिंग, ट्रांसफार्मर न बदले जाने, सिक्योरिटी डिपॉजिट की वापसी जैसी समस्याओं के समाधान के लिए उपभोक्ता इस मंच से संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि शिकायतें केवल शिविरों के दौरान ही नहीं, बल्कि लिखित या ई-मेल के माध्यम से भी दर्ज कराई जा सकती हैं। लगातार निगरानी कर समाधान सुनिश्चित करते हैं और उपभोक्ताओं को सूचित करते हैं। इस अवसर पर मंच के तकनीकी सदस्य रजनीश माथुर, उपभोक्ता सदस्य दीपक फरस्वाण, अधिशासी अभियंता विकासनगर अमित सक्सेना, एसडीओ अशोक कुमार, सहायक अभियंता (राजस्व) मनोज कंडवाल, लेखाकार सतीश रावत, ग्राम मेंद्रथ के प्रशासक रमेश चंद्र डोभाल, छावनी परिषद सदस्य अनिल चांदना, रामलाल सेमवाल, मीना देवी, सपना, संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## राज्य के चयनित 500 विद्यालयों को कौशलम् व्यवसाय सहयोग निधि मिली

**देहरादून।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण उत्तराखंड एवं सहयोगी संस्था उद्यम लर्निंग फाउंडेशन ने कौशलम् कार्यक्रम के तहत चयनित 500 विद्यालयों को कौशलम् व्यवसाय सहयोग निधि ऑनलाइन वितरण करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बच्चों को चेक वितरित किये। राज्य में वर्ष 2022-23 से माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए कौशलम् पाठ्यचर्या का संचालन किया जा रहा है। इस पाठ्यचर्या का उद्देश्य छात्रों में उद्यमिता की मानसिकता का विकास करना एवं उन्हें 21वीं सदी के कौशलों में दक्ष बनाना है ताकि छात्र शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात् उद्यमिता के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए प्रेरित हो सके एवं राज्य में बेरोजगारी एवं पलायन की समस्या दूर करने में मदद मिल सके।सभी जनपदो में 500 विद्यालयों के लिए एक स्पष्ट संरचना, समावेशी जुड़ाव और समान अवसरों के साथ, इस कार्यक्रम में एक स्थायी उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की क्षमता है।

### पालिका हरबर्टपुर ने हरे व नीले डस्टबीनों का किया वितरण

**विकासनगर ।** नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर की अध्यक्षा नीरू देवी की अध्यक्षता में निकाय क्षेत्रान्तर्गत वार्ड नंबर 1 बंशीपुर में गीले व सूख कूड़े को सोर्स सेग्रीगेशन करने के लिए घरों में हरे व नीले डस्टबीनों का वितरण किया गया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## गर्भवती व धात्री महिलाओं की देखभाल के लिए आशा-एएनएम टीम बनकर करें कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चकराता ब्लॉक के विभिन्न उपकेंद्रों की आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) अश्विनी कुमार, ब्लॉक समन्वयक महावीर राणा और ब्लॉक लेखाकार अजय बुटोला की उपस्थिति में क्वानू उपकेंद्र में यह बैठक संपन्न हुई।

बैठक में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गर्भवती और धात्री महिलाओं के साथ-साथ नवजात शिशुओं की देखभाल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। नवजात शिशुओं की देखभाल में विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, जिसमें समय-समय पर शिशु का वजन, तापमान और विकास की जांच करना शामिल है। यदि कोई नवजात अस्वस्थ पाया जाता है या जन्मजात विकृतियां पाई जाती हैं, तो उसे



तत्काल चिकित्सा केंद्र ले जाने की सलाह दी गई।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने समुदाय को संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूक करने और नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार, स्वच्छता, समय पर चिकित्सकीय परामर्श और गर्भवती महिलाओं की देखभाल से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सकता है।

ब्लॉक समन्वयक महावीर राणा ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए गांव के मुखियाओं (सियाणा) और जागरूक नागरिकों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रचार-प्रसार और लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समुदाय की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने महिला समूहों, मंगल दलों और बीएचएसएनसी सदस्यों से भी आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग में आगे आने का आग्रह किया।

इस बैठक में उपकेंद्र क्वानू की एएनएम सनो रानी, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ज्योति कोरंगा, उपकेंद्र दसऊ की एएनएम राखी, बायला की एएनएम रीता रानी, फार्मेसी अधिकारी रजनी सजवाण सहित क्षेत्र की सभी आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## संस्कृत संभाषण से गूंजी विधानसभा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य की द्वितीय राजभाषा संस्कृत को सम्मान देने के नजरिये से उत्तराखंड की विधानसभा में संस्कृत संभाषण के तहत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन, विधानसभा के हाल में एक अद्वितीय और ऐतिहासिक दृश्य देखा गया, जब राज्य की द्वितीय राजभाषा संस्कृत में संवाद हुआ।

यह पहल विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विशेष दिशा-निर्देश पर शुरू की गई, जो संस्कृत को राज्य की द्वितीय राजभाषा के रूप में सम्मानित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मध्यान भोजन के बाद, जब सत्र प्रारंभ होने से पहले विधानसभा का हाल गूंज उठा, तो यह एक नई शुरुआत का प्रतीक था। संस्कृत शिक्षा विभाग द्वारा संस्कृत अकादमी के सहयोग से राज्य के सभी मंत्रियों, विधायकों को सरल संस्कृत संभाषण का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने संस्कृत की महत्ता पर जोर देते हुए कहा, "संस्कृत से ही भारत के विश्व गुरु बनने का रास्ता तय होता है, और इसलिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने संस्कृत को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिया है। हम सभी को संस्कृत का सम्मान करते हुए इसे अपने दैनिक संवाद का हिस्सा बनाना चाहिए।

इसके अलावा, शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, ष्राज्य सरकार ने 13 ग्रामों को संस्कृत ग्राम घोषित किया है, जहां प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है जो ग्रामीणों को सरल संस्कृत संभाषण सिखाएंगे। संस्कृत शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों को इस कार्य के लिए मेरी बधाई और शुभकामनाएं।

इस कार्यक्रम में संस्कृत उन्नयन समिति के अध्यक्ष और विधायक भरत चौधरी, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सौरभ बहुगुणा, विधायक बृजभूषण गैरोला, सविता कपूर, उमेश कुमार, रेनू बिष्ट, सचिव दीपक गैरोला, निदेशक आनंद भारद्वाज, उपनिदेशक डॉ. चंडी प्रसाद घिल्डियाल, संस्कृत अकादमी के सचिव बाजश्रवा आर्य, पंकज पाल. ेवाल समेत कई अन्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री डा. निशंक ने नए भू-कानून को बताया ऐतिहासिक फैसला

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने प्रदेश सरकार द्वारा बनाए गए नए भू कानून पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे एक ऐतिहासिक फैसला बताया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि नए भू-कानून से भू-माफियाओं पर नकेल कसी जाएगी। बाहरी प्रदेशों के लोगों को ठगी से भी निजात मिलेगी। उन्होंने कहा इस कानून से प्रदेश के लोगों में डर भय था वह दूर होगा और जमीनों का संरक्षण प्रदेश हित में होगा। गलत लोगों का प्रवेश बंद होगा। जरूरतमंद लोग जिला प्रशासन की समीक्षा के उपरांत ही भूमि खरीद सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य पर्यावरण की पहली पाठशाला है। देश दुनिया के लोग मां गंगा एवं हिमालय के दर्शन करने के लिए उत्तराखंड पहुंचते हैं। राज्य में नेशनल पार्क है। प्राकृतिक सौंदर्य से राज्य की पहचान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य से काफी लगाव रखते हैं। राज्य आस्था का प्रतीक है। बद्रीनाथ, केदारनाथ, कैलाश मानसरोवर जैसी यात्राएं उत्तराखंड में होती है। जिससे हजारों करोड़ों का निवेश प्रदेश में होता है। सिडकुल से रोजगार लोगों को प्राप्त होते हैं। यह कानून निश्चित रूप से राज्य हित में होगा। राज्य के सैनिक सीमाओं की रक्षा करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। राज्य आर्थिक रूप से मजबूत हो रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष की दौड़ में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा में आंतरिक लोकतंत्र है। चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया के पश्चात ही इस पर निर्णय होगा। उन्होंने कहा कि वह एक सामान्य कार्यकर्ता की भांति कार्य करते हुए भाजपा की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जमदग्नि भी मौजूद रहे।

# गांजे समेत तस्कर दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने गांजे समेत एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से डेढ़ किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ है। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान सिडकुल पुलिस ने इंद्रलोक कालोनी की तरफ आने वाले रास्ते पर एचआरडीए कालोनी के सामने से अक्षय उर्फ टाइगर पुत्र लालू राम निवासी ग्राम टांडा भागमल थाना लक्सर हाल निवासी सम्राट मार्केट रावली महदूद सिडकुल को दबोच लिया। उसके कब्जे से 1 किलो 736 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकद्मा दर्ज किया गया है। आरोपी पर थाना सिडकुल में कई मुकदमे दर्ज हैं और पूर्व में भी नशा तस्करी में कई बार जेल जा चुका है। पुलिस टीम में एसओ सिडकुल मनोहर भंडारी, एसआई इंद्र सिंह, कां. दीपक दानू, कां. अनिल कंडारी शामिल रहे।

# स्कूटी पर चरस की तस्करी करते दो तस्कर गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहादराबाद।** थाना पुलिस ने 127 ग्राम चरस के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी को चीज कर दिया है।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

बहादराबाद थाना अध्यक्ष नरेश राठौर ने बताया कि हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल के आदेश पर नशा मुक्त देवभूमि को सफल बनाने के लिए जनपद में पुलिस नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा हुआ है। मंगलवार देर रात शान्तशाह चौकी प्रभारी खेमेन्द्र गंगवार को खास मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक स्कूटी पर चरस लेकर आ रहे हैं। शान्तशाह चौकी प्रभारी खेमेन्द्र गंगवार ने चौकी पुलिस के साथ कोर कॉलेज के पास वाहन चेकिंग अभियान चला कर।

स्कूटी पर चरस को लेकर आ रहे दोनों युवकों को पकड़ लिया। मौके पर ही तलाशी लेने पर 127 ग्राम चरस बरामद हुई है। शान्तशाह चौकी प्रभारी खेमेन्द्र गंगवार ने बताया कि चौकी लाकर पुलिस पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना नाम शिवम कुमार पुत्र दीपक कुमार निवासी वार्ड नंबर 20 मिस्सर वाला कोतवाली डोईवाला जिला देहरादून, दीपक कुमार पुत्र घनश्याम निवासी ग्राम बुलावाला कोतवाली डोईवाला देहरादून बताया है। घटना में प्रयुक्त स्कूटी यूके07बीएच0266 सीज कर दिया गया है।पुलिस ने दानों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस टीम में शान्तशाह चौकी प्रभारी खेमेन्द्र गंगवार, अ.उ.नि. अरविंद कुमार, कां. अंकित, कां. अवनेश राणा शामिल रहे हैं।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में चिकित्सा कक्ष का उद्घाटन किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गुरूकुल कांगड़ी विवि के प्रोफेसर एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व. कमलकांत बुद्धकर के परिवार के सहयोग से भेल सेक्टर-2 स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में निर्मित चिकित्सा कक्ष का उद्घाटन स्व.बुद्धकर के पुत्र सौरव बुद्धकर, विद्यालय के अध्यक्ष डा.शिवशंकर जायसवाल, प्रबंधन समिति के सदस्य दीपक सिंघल, विद्यालय के प्रधनाचार्य लोकेंद्र दत्त अंथवाल ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया। विद्यालय के अध्यक्ष डा.शिव शंकर जायसवाल ने बुद्धकर परिवार का धन्यवाद तथा आभार प्रकट करते हुए बताया कि बुद्धकर परिवार के सहयोग से ही कालेज में चिकित्सा कक्ष का निर्माण हुआ है। आशा है कि भविष्य में भी बुद्धकर परिवार का सहयोग विद्यालय को मिलता रहेगा। सौरव बुद्धकर ने कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि वे संस्था के कुछ काम आ सके। प्रधानाचार्य लोकेंद्रदत्त अंथवाल ने कहा कि स्व.डा.कमलकांत बुद्धकर के संस्कार उनके पुत्र सौरभ में स्पष्ट दिखाई देते हैं। सहयोग के लिए उन्होंने विद्यालय की और सौरव बुद्धकर का आभार जताया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पौलेंड में भारत के राजदूत रहे सीएम भंडारी ने दिया मर्म चिकित्सा का प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** मृत्युंजय मिशन के तत्वाधान में विगत गैंडी खाता में आयोजित 6 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मर्म चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर में पोलैंड में भारत के राजदूत रहे चंद्रमोहन भंडारी ने प्रशिक्षणार्थियों को योग एवं प्राणायाम की दैनिक जीवन में महत्व की जानकारी दी और योग योगासनों का अभ्यास कराया। चंद्रमोहन भंडारी ने मर्म चिकित्सा के विषय में अपने अनुभव बताते हुए कहा कि बरसों पहले डा. सुनील जोशी के संपर्क में आने के पश्चात उन्हें इस प्राचीन चिकित्सा पद्धति का ज्ञान हुआ। जिसका उन्होंने देश-विदेश में प्रचार करते हुए स्वयं भी अनुभव किया कि यह एक चमत्कारिक दुष्प्रभाव रहित तथा तुरंत असर करने वाली चिकित्सा पद्धति है। सीएम भंडारी ने महाकुंभ मेले में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगाए गए निःशुल्क मर्म चिकित्सा शिविर का उल्लेख करते हुए बताया कि उत्तराखंड ही नहीं देश के कई राज्यों में विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थाएं मर्म चिकित्सा को अपना रही हैं। उन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न मर्म बिंदुओं को उत्प्रेरित करने एवं असाध्य रोगों में उनके प्रभाव के विषय में भी जानकारी दी।



उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डाा.सुनील जोशी ने मर्म प्राणायाम, मर्म आसनों के विषय में विस्तार से जानकरी तथा इसके उपयोग और लाभ भी बताए। उन्होंने कुछ विशेष आसानो अधिपति मर्म से लेकर शिप्र, इंद्र वस्ती, जानू, गुल्फ तथा कमर में स्थित मर्मों को जैसे अंश, अंश फलक कुकुंदर, अणी, उर्वी आदि मर्मों के बारे में विस्तार से बताया तथा किस मर्म बिन्दु को उत्प्रेरित करने पर कौन से रोग में लाभ होता है। इसकी जानकारी भी प्रशिक्षणार्थियों को दी। साथ ही मर्म, योग और प्राणायाम इन तीनों के पारस्परिक संबंध को भी विस्तार से बताया। डा.सुनील जोशी, डा. विपिनचंद्र, डा. संदीप सुमन, मयंक जोशी, विवेक चौधरी, शत्रुघ्न डबराल, विपिन चौधरी, चंद्रकांत आदि ने कर्नाटक बेंगलुरू, मध्य प्रदेश राजस्थान, महाराष्ट्र, असम, गुजरात, दिल्ली तथा ब्रिटेन से आए 67 प्रशिक्षणार्थियों को मर्म चिकित्सा के गुढ रहस्यो से अवगत कराया। साथ ही प्रैक्टिकल द्वारा शरीर में स्थित 107 मर्म बिंदुओं की पहचान और उनको उत्प्रेरित करने का तरीका भी बताया। प्रशिक्षण शिविर के संयोजक मयंक जोशी ने बताया कि 16 फरवरी से शुरू हुए 6 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मर्म चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर का समापन 21 फरवरी को प्रमाण पत्र वितरण के साथ होगा।

# संदिग्ध अवस्था में चाकू लेकर घूम रहे आरोपी को दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना सिडकुल पुलिस ने चाकू समेत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ अलग-अलग थानों में कई मुकदमें दर्ज हैं और पूर्व में भी जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था। बीती रात थाने के पुलिसकर्मी टैप इंडिया कंपनी से नेहरू कालोनी जाने वाले रास्ते पर चौकिंग कर रहे थे। इस दौरान संदिग्ध अवस्थाा में घूम रहे एक व्यक्ति को रोककर पुलिसकर्मियों ने उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम विक्की पुत्र बबलू निवासी बाल्मीकि बस्ती बहादराबाद बताया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी के पुनः निरंजनी अखाड़े का सचिव बनने पर संतों ने दी बधाई

## उच्च कोटि के संत और नेतृत्वकर्ता हैं श्रीमहंत रविंद्रपुरी : नारायण गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एव मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज को पुनःनिरंजनी अखाड़े का सचिव चुने जाने पर संतों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। जूना अखाड़े के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज ने कहा कि श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज उच्च कोटि के संत और नेतृत्वकर्ता हैं। उनके पुनः निरंजनी अखाड़े का सचिव बनने से अखाड़े और सनातन धर्म संस्कृति की परंपराओं को गति मिलेगी। दास धर्म पंथ के अध्यक्ष संत त्रिलोचन दास महाराज ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने अखाड़ों की व्यवस्थाओं को जिस प्रकार संभाला है। वह सराहनीय है। श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के मुखिया महंत दुर्गादास महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद महाराज एवं महंत राघवेंद्र दास महाराज ने कहा कि श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज के पुनः निरंजनी अखाड़े का सचिव बनने से संत परंपराएं और मजबूत होंगी। महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज, महंत गोविंददास, स्वामी अनंतानंद गिरी, महामंलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी, स्वामी चिदविलासानंद, स्वामी ऋषि रामकृष्ण, महंत जयेंद्र मुनि व महंत प्रेमदास महाराज ने भी श्रीमहंत रविन्द्रपुरी को शुभकामनाएं दी और कहा कि अखाड़ों के बीच एकता और समन्वय स्थापित करने में उनकी हमेशा अहम भूमिका रही है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी के अलावा पुनःनिरंजनी अखाड़े के सचिव चुने गए श्रीमहंत रामरतन गिरी, श्रीमहंत राजगिरी, श्रीमहंत नीलकंठ गिरी, श्रीमहंत रामसेवक गिरी, श्रीमहंत दिनेश गिरी को भी संतों ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# महाकुंभ को मृत्यु कुंभ बताए जाने पर माफी मांगे ममता बनर्जी : मधूसूदन गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रयागराज महाकुंभ को मृत्यु कुंभ बताए जाने पर कनखल सन्यास मार्ग स्थित बापेश्वर धाम के परमाध्यक्ष महंत मधूसूदन गिरी महाराज ने ममता बनर्जी से माफी मांगने की मांग की है। महंत मधूसूदन गिरी महाराज ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ को मृत्यु कुंभ कहकर ममता बनर्जी ने सनातन धर्म और करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाओं का अपमान किया है। महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व है। महाकुंभ में होने वाले श्रद्धालुओं और संतों के समागम में शामिल होने के लिए देश और विदेशों से करोड़ों श्रद्धालु पहुंचते हैं। आदि गुरू शंकराचार्य द्वारा स्थापित सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों के सानिध्य में श्रद्धालु गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित करते हैं। संत महापुरूषों की दिव्य वाणी से प्रसारित होने वाले आध्यात्मिक संदेशों को आत्मसात कर अपने जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं। महंत मधूसूदन गिरी महाराज ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में अखाड़ों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा बेहतर व्यवस्थाएं की गयी हैं। दिव्य और और भव्य रूप से संपन्न हो रहे महाकुंभ को मृत्यु कुंभ बताकर ममता बनर्जी ने ओछी मानसिकता का प्रदर्शन किया है। अपने इस शर्मनाक बयान के लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए। यदि वे माफी नहीं मांगती हैं तो अखाड़ों और संत समाज को उनका बहिष्कार करने का निर्णय लेना चाहिए।

# गंगा स्वच्छता एवं सरंक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एसएमसीजी) नमामि गंगे कार्यक्रम की आईईसी गतिविधियों के अंतर्गत गंगा एवं इसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए श्री चेतन ज्योति जूनियर हाई स्कूल भूपतवाला में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत राजकीय महाविद्यालय भूपतवाला के प्राचार्य प्रोफेसर संजीव मेहरोत्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को टी-शर्ट वितरित कर व नोडल अधिकारी डा.शकुंज राजपूत द्वारा गंगा की शपथ दिलाकर की गई। प्राचार्य डा.संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि गंगा की स्वच्छता हमारी सांस्कृतिक व आध्यात्मिक जिम्मेदारी है। जिसके लिए आम लोगों, सरकार व सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों के छात्र -छात्राओं को साथ में मिलकर काम होगा। साथ ही श्री चौतन ज्योति जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाचार्य हर्ष कालरा ने कहा की गंगा केवल जीवनदायिनी ही नहीं मोक्षदायिनी भी है। जिसे स्वच्छ रखना हम सबका कर्तव्य है। प्रतियोगिता में श्री चेतन ज्योति जूनियर हाई स्कूल के लगभग सौ छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर प्रोफेसर युवराज, नमामि गंगे कार्यक्रम के सदस्य डा.संजीव कुमार शर्मा, डा.प्रीतम सिंह, आदित्य गौड़, सन्नी व श्री चेतन जूनियर हाई स्कूल की अध्यापिका रितु, श्रुति अग्रवाल, प्रीति शर्मा, नीरू व नमामि गंगे के स्वयंसेवी खुशी निषाद, अंजली, अंतरा, तुषार, तनुज सती, शुभांगी आदि मौजूद रहे।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर लघु व्यापारी नगर आयुक्त का 21 को करेंगे घेराव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** लघु व्यापार एसोसिएशन के बैनर तले शुक्रवार को लघु व्यापारी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर नगर आयुक्त का घेराव करेंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा एक साल से अधिक समय से हरिद्वार नगर निगम प्रशासन द्वारा फेरी समिति की बैठक आयोजित नहीं की गई है। जो कि प्रधनमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना, उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा नगर निगम प्रशासन द्वारा तीन वेडिंग जोन विकसित किए गए हैं। लेकिन मूलभूत सुविधएं न होने के कारण स्थानीय लाभार्थी लघु व्यापारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जो कि अन्याय पूर्ण है। उन्होंने कहा 21 फरवरी को रेडी पटरी के लघु व्यापारियों की न्याय संगत मांगों को लेकर नगर आयुक्त का घेराव किया जाएगा।



बैठक में जय भगवान सिंह, रणवीर सिंह, बिजेंदर, मोहनलाल, जयसिंह, कालूराम, सुधीर, सुभाष सिंह, सचिन कुमार, आजम अंसारी, कामिल, कुर्बान, मुनेश, फैजल, वेदपाल सिंह, विजेंद्र चौधरी, चुन्नू चौधरी, विजयपाल सिंह आदि लघु व्यापारी प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री रणवीर सिंह ने किया।

# रक्तदान शरीर के लिए बहुत आवश्यक: डा. विशाल गर्ग

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** वरिष्ठ भाजपा नेता डा. विशाल गर्ग ने हरिद्वार ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर मैक्स हॉस्पिटल देहरादून के सहयोग से रक्तदान शिविर व निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। हरिद्वार ट्रांसपोर्टग् वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर कुमार जोशी, सेक्रेटरी नरेश कुमार, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, कोषाध्यक्ष सोनू शर्मा, नरेश स्वामी, सूरजभान शर्मा, उम्मीद चौधरी, निहाल सिंह, कमल शर्मा, देवेंद्र चौधरी, राजकुमार शर्मा, मनोज शर्मा, राखी सजवान, विपिन शर्मा आदि शिविर में मौजूद रहे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्द्धन किया। रक्तदान शिविर में 60 यूनिट ब्लड एकत्र हुआ और चिकित्सा शिविर में 150 मरीजों की निःशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गयी। डा.विशाल गर्ग ने कहा कि रक्तदान शरीर के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से न केवल दूसरों की जान बचाई जा सकती है। बल्कि यह हमारे अपने शरीर के लिए भी फायदेमंद है। डा.गर्ग ने कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर में नई रक्त कोशिकाएं बनती हैं। जो हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। इसके अलावा रक्तदान करने से हमारे शरीर में रक्त की कमी को पूरा करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक पुण्य कार्य है और इससे समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि रक्तदान करने के लिए आगे आएं और दूसरों की जान बचाने में मदद करें।

# भाजपा नेता सुनील सेठी ने जतायी विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील सेठी ने विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। सुनील सेठी ने कहा कि हरिद्वार सीट छोड़कर जहां से भी पार्टी मौका देगी। उस सीट पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। सुनील सेठी ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि मदन कौशिक उनके नेता हैं, उनके सामने वे टिकट नहीं मांग सकते। इसलिए हरिद्वार सीट छोड़कर किसी भी सीट से 2027 विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए वे तैयार हैं। लगातार जनता ओर व्यापारियों की आवाज उठाने। उनकी मूलभूत सुविधाओं को लेकर वे संघर्ष और प्रयास करते रहते हैं। जिसमें कुछ बेहतर जनहित के कार्यों को धरातल पर उतराने के लिए किसी संवैधानिक स्थान की आवश्यकता है। जहां जनता की आवाज को बुलंद कर उनकी सेवा का मौका मिले। जिसके लिए 2027 विधानसभा चुनाव में पार्टी से टिकट की प्रबल मांग करेंगी। पार्टी टिकट देगी तो चुनाव अन्यथा जिस प्रत्याशी को टिकट मिलेगा उसका उसी प्रकार समर्थन सहयोग करेंगे।

**171 फीट ऊंचा होगा भगवान कल्कि मंदिर**

# कल्किधाम निर्माण को भू-उत्खनन गौरवान्वित पल: आचार्य प्रमोद कृष्णम

**सम्भल।** कल्कि पीठाधीश्वर ने कहा कि कल्कि मंदिर निर्माण के प्रयास सार्थक होने ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शिलान्यास करने के लिए जब आमंत्रण दिया गया था तब पीएम को राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा उनके हाथों हुई है अब भगवान के अन्तिम अवतार भगवान कल्कि के धाम के निर्माण का शिलान्यस भी उन्ही के कर कमलों से होगा। उन्होने कहा कि कल्कि धाम का निर्माण और धार्मिक उददेश्य से कल्कि धाम का निर्माण आप सबके मन में हो चुका है। उन्होने कल्कि धाम ट 0स्ट की और से लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि कल्कि धाम निर्माण में उनके सहयोग की आवश्यकता है। इसके लिए एक बड़ा अस्पताल, णएक बड़ा विश्वविद्यालय की स्थापना और दुनिया के शोद्य संस्थानों में शरीर पर रिसर्च होती है लेकिन आत्मा पर कहीं शोद्य नहीं हो रहा है,लेकिन कल्किधाम में ऐंसा शोद्य बनेगा जो भौतिक जगत पर और आत्मा पर भी शोद्य करेगा। उन्होने कल्कि मंदिर के निर्माझा के समय की जानकारी देते हुए बताया कि चार साल में मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होगा। जिसकी ऊंचाइ 171 फीट होगी। जिसमें भगवान के दस अवतारों के अलग-अलग गर्भग्रह होंगे। इतना ही नहीं कल्किधाम एक ऐंसा धााम होगा जहां गुरू गोबिंद सिंह महाराज की स्थापना होगी। भगवान बुद्व को भी स्थापित किया जायेगा। भगवान महावीर की भी स्थापना होगा। भगवान के दस गर्भ ग्रह के साथ में दुनिया में प्रेम की अदभुत मिसाल कृष्ण प्रेम में दीवानी मीरा का मंदिर भी बनेगा।

# एकलव्य आदर्श विद्यालय के बच्चों ने बजट सत्र की कार्यवाही देखी, सीएम से मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मेहरावना (चकराता) के विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को विधानसभा देहरादून में भेंट की। इसके बाद छात्र - छात्राओं ने विधानसभा में विधानसभा सत्र में हो रही विभिन्न गतिविधियों को देखा। मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।



## पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का स्वास्थ खराब, हॉस्पीटल में भर्ती



**देहरादून।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीष रावत का स्वागत खराब है वो इलाज के लिए मैक्स हॉस्पीटल दूहरादून में भर्ती हैं। उनको सर्दी के मौसम के कारण कुछ दिक्कतें हो रही थी।

## भू-कानून ऐतिहासिक, मॉडल सीएम बनकर काम कर रहे धामी : दुष्यंत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने सख्त भू कानून पर धामी कैबिनेट के निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने तारीफ करते हुए कहा कि धामी, पार्टी के संकल्पों पूरा करने में मॉडल सीएम बनकर काम कर रहे हैं। उन्होंने जारी बयान में प्रदेश कैबिनेट के इस निर्णय पर देवभूमिवासियों को भावी सख्त भू कानून निर्माण के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस कानून के धरातल पर उतरने से राज्य के स्वरूप और भू संसाधनों को



लेकर हम सबकी चिंता दूर हो जाएगी। सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान करते हुए, इस विधेयक को लेकर लंबी और विस्तृत संवैधानिक प्रक्रिया को अपनाया है। इस संशोधन के तहत सरकार ने भू कानून में जो नए प्रावधान किए हैं उसके बाद कोई भी गलत मंशा से राज्य में जमीन नहीं खरीद सकेगा। इसको बनाते समय हमने विशेष रूप से पर्वतीय भूभाग वाले 11 जनपदों को इसमें शामिल किया है। वहीं उधमसिंह नगर और हरिद्वार को औद्योगिक क्षेत्रों के चलते इससे अलग रखा गया है। इस कानून को लेकर हमारी मंशा एकदम स्पष्ट है कि प्रदेशवासियों की एक इंच भूमि पर भी भूमाफियाओं का अवैध कब्जा नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि वादे पूरा करने को लेकर पुष्कर धामी का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार है। उन्होंने कुछ माह पूर्व ही जनता से वादा किया था कि राज्यहित में भू कानून शीघ्र सदन के पटल पर पाया जाएगा और आज उसे पूरा किया। आज हम विश्वासपूर्वक कह सकते हैं कि जो भी वादे हमारी सरकार ने उनके माध्यम से किया है वे सभी शत प्रतिशत पूरे किए गए हैं।

# बुजुर्ग का अपहरण, हत्या की साजिश में शामिल 2 गिरफ्तार

## पुलिस को गुमराह करने के लिए मृतक की मोटर साईकिल को किया था बस अड्डे के पास खड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** निधि राठौर पुत्री श्याम लाल निवासी पीठावाला, चंद्रमणी पटेलनगर देहरादून कोतवाली पटेलनगर पर गुमशुदगी अंकित करायी कि उनके पिताजी श्याम लाल गुरुजी अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल संख्याः यू0के0-07-डीटी-1685 से बिना बताए घर से कहीं निकल गये थे, जिन्हे उनके द्वारा अपने सभी रिश्तेदारो के यहाँ व संभावित स्थानों पर तलाश किया गया, पर उनके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। बुजुर्ग



व्यक्ति की गुमशुदगी की घटना गम्भीरता से लेते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राणा द्वारा तत्काल गुमशुदगी को अपहरण में तरमीम करते हुए कोतवाली पटेल नगर पर धारा 140 भा0न्या0सं0 का अभियोग पंजीकृत किया गया। कोतवाली पर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राणा ने बताया कि विवेचना के दौरान प्रकाश मे आया कि बुजुर्ग श्यामलाल गुरुजी द्वारा घर से निकलने से पूर्व किसी गीता नाम की महिला से फोन पर बात की थी, जिस पर सर्विलांस के माध्यम से जानकारी एकत्रित करने पर गुमशदा श्यामलाल व उक्त महिला के मध्य घर से निकलने के बाद तीन से बार और बात होना प्रकाश में आया, साथ ही गुमशुदा श्यामलाल गुरुजी व उक्त महिला तथा उसके पति की लोकेशन के भी एक ही स्थान पर होने की जानकारी मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अजय सिंह द्वारा गुमशुदा की तलाश हेतु पुलिस टीम गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। गठित टीम द्वारा गुमशुदा श्यामलाल की तलाश हेतु उनके घर व आस पास के मार्गों की सीसीटीवी फुटेजों का अवलोकन किया गया, तो गुमशुदा श्यामलाल का घर से निकलकर अपनी मोटरसाइकिल से किशन नगर चौक होते हुए उक्त महिला के घर के पास तक जाना प्रकाश में आया, लेकिन गुमशुदा श्यामलाल गुरु जी के वापस आने की कोई भी फुटेज पुलिस को प्राप्त नही हुयी, जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त सन्दिग्ध महिला गीता व उसके पति के सम्बंध में जानकारी की गई तो उक्त दोनों का अपने घर से फरार होना तथा दोनो के मोबाइल नंबरो का बंद होना पाया गया। सर्विलांस के माध्यम से जानकारी में कुछ अन्य सन्दिग्ध नम्बर प्रकाश मे आये, जिनसे दोनो संदिग्ध व्यक्तियो द्वारा श्याम लाल की गुमशुदगी के बाद संपर्क किया गया था। दोनों अभियुक्तो को आज माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर उनका 03 दिन का पुलिस कस्टडी रिमांड प्राप्त किया गया है।

## सख्त भू-कानून ऐतिहासिक कदम : निशंक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड कैबिनेट से प्रदेश में सख्त भू-कानून को मंजूरी दिए जाने पर पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रदेश सरकार और माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को हार्दिक बधाई और आभार व्यक्त किया। डॉ. निशंक ने कहा कि, उत्तराखंड की जनता की वर्षों पुरानी मांग और उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए लिया गया यह निर्णय प्रदेश के स्वाभिमान, संस्कृति और प्राकृतिक धरोहर की रक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यह केवल एक भू-कानून नहीं, बल्कि हमारी भावी पीढ़ियों के उज्जवल भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। उन्होंने आगे कहा कि डबल इंजन की सरकार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि उत्तराखंड के विकास, आत्मनिर्भरता और मूल पहचान को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए वह पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के सहयोग और मार्गदर्शन से यह सपना साकार हो सका है, जिसके लिए वह हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। डॉ. निशंक ने प्रदेशवासियों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, हम सब मिलकर अपने राज्य की संस्कृति, परंपरा और मूल स्वरूप की रक्षा के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे और उत्तराखंड को विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

# डीएम सविन की अदालत में 97 वर्षीय महिला को मिला न्याय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशन में जिला प्रशासन की टीम द्वारा रायपुर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित गैस गोदाम की भूमि पर भूमि के असली मालिक 97 वर्षीय बुर्जुग महिला एवं उनकी 80 वर्षीय पुत्री को कब्जा दिला दिया। डीएम के जनता दर्शन आई शिकायत के चलते जांच कराते हुए डीएम ने जिला प्रशासन की टीम को मौके पर भेज 3 जनवरी को गैस गोदाम सील करा कराया था। लीज समाप्त होने के बाद भी वर्षों से संचालित किया जा रहा था। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी ने जिला प्रशासन एवं जिला प्रशासन के इस त्वरित एक्शन से जहां एक शारीरिक रूप से अक्षम



97 वर्षीय बुर्जुग महिला लीला देवी, उनकी 80 वर्षीय पुत्री नीना गुरुंग को न्याय मिला। डीएम ने अवैध रूप से संचालित हो रहे गैस गोदाम का अविलम्ब लाईसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए।

# श्री महावीर जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज चुनाव में अनिल जैन चुने गए प्रबंधक

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** श्री महावीर जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में नौ वर्ष बाद समाज के लोगों के बीच संपन्न हुए चुनाव में संजय जैन अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। विभोर जैन उपाध्यक्ष पद पर और अनिल जैन प्रबंधक के पद पर निर्विरोध चुने गए। मतदान से पूर्व कॉलेज प्रांगण में नाम वापसी के आखिरी दिन विनय कुमार जैन ने प्रबंधक के रूप अपना नाम वापसी लेकर सबको हैरत में डाल दिया था। तिलक रोड स्थित श्री महावीर जैन कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में करीब नौ वर्ष बाद स्कूल प्रबंधक और अध्यक्ष पद के अलावा उपाध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के अलावा 6 सदस्यों को लेकर



चुनाव अधिकारी की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। दोपहर तक चली चुनावी प्रक्रिया के बाद मतदान पर रोक लग जाने के बाद मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ढौंडियाल की मौजूदगी में वोटों की गिनती प्रारंभ हुई। शाम होते-होते विजेता उम्मीदवारों के नाम की घोषणा चुनाव अधिकारी द्वारा कर दी गई। चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष पद पर संजय जैन के नाम की घोषणा की तो वहां पर उनके समर्थकों ने उन्हे फूल मालाओं से लाद दिया और उन्हे कंधे पर उठा लिया। इसके बाद उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए नीरज जैन के नाम की घोषणा की गई। वहीं प्रबंधक की रेस में सबसे आगे चल रहे अनिल कुमार जैन को भी निर्विरोध चुने जाने का एलान किया गया। उनके सामने चुनाव लड़ रहे विन कुमार जैन ने अपना नाम वापस ले लिया था। उपमंत्री के पद पर विभोर जैन को विजेता घोषित किया गया और पूनम जैन को कोषाध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में प्रीति जैन को 196 मत पड़े, सीमा जैन सिम्मी को 177 मत पड़े, पूनम जैन को 158 मत मिले, प्रशान्त कुमार जैन 119 मत, अमिता जैन को 131 मत, नरेश जैन को 116 मत, और राजकिशोर जैन को 80 वोट मिले। निर्वाचन अधिकारी ने सभी को सदस्य के रूप में निर्वाचित घोषित किया। नई कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह शीघ्र ही आयोजित किया जाएगा।

## यूसीसी समान अधिकार और महिलाओं को सुरक्षा देने वाला कानून : चौहान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि यूसीसी प्रदेश मे आम जन और महिलाओं को सुरक्षा देने वाला कानून है और इसे लेकर कांग्रेस कुतर्क कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने

- कहा - संस्कृति का रोना रो रही कांग्रेस लव जिहाद और लैंड जिहाद की रही है समर्थक

कहा कि महिलाओं के साथ फरेब और दूसरे बहाने से कई घटनाएं सामने आई हैं। जिससे उनके रजिस्ट्रेशन के बाद सुरक्षा कवच पहनाने के लिए यह कानून लाया गया है। इससे संस्कृति को कोई नुकसान नही, बल्कि महिलाएं कानूनी रूप से समृद्ध होंगी। देश की सर्वोच्च अदालत भी पहले कई बार यह निर्देश दे चुकी है कि देश में समान नागरिक सहिंता की जरूरत है, लेकिन कांग्रेस ने तुष्टिकरण की खातिर इस ओर जानबूझकर नजरें फेर ली। उन्होंने कहा कि देश मे समान नागरिक कानून को लेकर विरोध के सुर भी कांग्रेस से ही निकाले रहे हैं। चौहान ने कहा कि



एक वर्ष की अवधि उतराखंड मे बिताने वाले पर यह कानून कार्य करेगा, न कि उन्हें स्थायी निवास की सहूलियत दी जा रही है। ड्राफ्ट कमेटी भी इसे स्पष्ट कर चुकी है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने को लेकर लाये कानून को संस्कृति के खतरे के रूप में भ्रम फैला रही है, जबकि सच्चाई यह है कि उसे न संस्कृति से मतलब है और न ही डेमोग्राफी चेंज को लेकर कोई दिक्कत। वह लव जिहाद और लैंड जिहाद के समर्थक के रूप में सामने आती रही है। उन्होंने कहा कि धामी सरकार के द्वारा प्रदेश में सांस्कृतिक संरक्षण, महिलाओं को स्वरोजगार के संबंध में कई निर्णय लिए गए हैं। अब उन्हें सुरक्षा कवच देने की बात पर वह दुष्प्रचार कर रही है और जनता उसे इसका जवाब देगी।

# आईएसबीटी प्लाई ओवर पर लगे साइनेज रिफ्लेक्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** डीएम के निर्देशन के अनुपालन में सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत आईएसबीटी पर यातायात व्यवस्था सुचारू करने व छोटे वाहनो के लिये पार्किंग निर्माण कार्य तथा कारगी चौक की तरफ यूटर्न के किये फ्लाईओवर सुधारीकरण कार्य को पूर्ण कर लिया गयाम। साथ ही निर्माणधीन कार्यों का डीएम एवं एसएसपी कई बार निरीक्षण कर, कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के लिये संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आईएसबीटी में हो रही जनमानस को समस्या के चलते, डीएम बंसल ने आईएसबीटी पर यातायात प्लान के सुधारीकरण की दिशा में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में आईएसबीटी पर सुधारीकरण कार्य धरातल पर उतारे गए हैं। आईएसबीटी क्षेत्र के बाहर वाहनों द्वारा यात्रियों को बैठाने तथा उतारने से भी यातायात प्रभावित हो रहा था, जिसे अब बंद कर दिया गया है, वाहन में यात्रियों को बैठाने व उतारने हेतु स्थल निर्धारित कर दिया गया है। नियमों का पालन न करने वालों के वाहन सीज किये जा रहे तथा बार-बार ऐसा कृत्य करते पाए जाने पर लाईसेंस निलंबित की कार्यवाही की जा रही है। आईएसबीटी फ्लाई ओवर के नीचे जंक्शन प्वांईट पर निरंजनपुर मण्डी की तरफ आने वाले ट्रेफिक प्लान में सुधार करते हुए निरंजनपुर मण्डी से दुपहिया एवं चार पहिया हल्के वाहनों को निरंजनपुर मण्डी की तरफ से फ्लाई आवेर के माध्यम से जंक्शन आईएसलैण्ड से कारगी चौक की तरफ संचालित डायवर्ट कर, आईएसबीटी फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड़ एवं जंक्शन प्वांईट पर यातायात दबाव कम करने का प्रयास किया गया है।

## भू कानून को कैबिनेट से मंजूरी, सरकार का निर्णायक फैसला : खजान दास

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता और राजपुर विधायक खजान दास ने भू कानून संशोधन विधेयक की कैबिनेट मंजूरी को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने जनभावनाओं के अनुरूप, यह निर्णायक फैसला लेने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी समस्त कैबिनेट का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि सरकार के इस कदम से चुनावों में जनता से किए पार्टी के एक और संकल्प को पूरा करने की स्थिति में पहुंच गए हैं। हालांकि इस विषय को लेकर हमारी मंशा तो कानून के अस्तित्व में आने से पूर्व ही नजर आने लगी थी। जिसके क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में उन सभी जमीनी अवैध खरीदफरोख्त की जांच की जा रही है, जो विगत वर्ष में कानून का उल्लंघन कर खरीदी गई। हमारी सरकार का स्टैंड स्पष्ट है कि किसी भी तरह की गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# पीजी मेडिकल स्टूडेंट्स ने जानी एडवांस लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की बारीकियां

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के स्त्री एवम्प्रसूति विभाग की ओर से एक दिवसीय एडवांस लैप्रोस्कोपिक सर्जरी ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला

- श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में फोग्सी - आईएजीई के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन, विशेषज्ञों ने लाइव सर्जरी के दौरान साझा की महत्वपूर्ण जानकारियां

में स्त्री एवं प्रसूति विभाग के पोस्ट ग्रेजुएट डॉक्टर्स ने आधुनिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की विधाओं को जाना समझा। विशिषज्ञों ने ओपरेशन थियेटर से लाइव सर्जरी के द्वारा मिनिमली इनवेजिव गाइनी प्रोसिजर की जानकारियों को युवा डॉक्टरों के साथ सांझा किया।





बुधवार को श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल के स्त्री एवम्प्रसूति रोग विभाग में कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री गुरु राम राय इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल एण्ड हैल्थ साइंसेज के प्राचार्य डॉ अशोक नायक, श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ विनीता गुप्ता, डॉ आरती लूथरा, डॉ अनुपमा सेठी, डॉ रोबिना मक्कड़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया।

फोग्सी - आईएजीई द्वारा आयोजित इस कार्यशाला ईगल प्रोजेक्ट का उद्देश्य मेडिकल कॉलेजों में कार्यशालाओं का आयोजन कर पोस्ट ग्रेजुएट प्रशिक्षुओं के सर्जिकल कौशल को सैद्धांतिक ज्ञान व व्यावहारिक लैप्रोस्कोपिक तकनीकों से समन्वय बढ़ाना था। पोस्ट ग्रेजुएट छात्र-छात्राओं के लिए एंडोस्कोपिक सर्जरी में आत्मविश्वास और विशेषज्ञता विकसित करने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण बहुत महत्वपूर्ण है। देहरादून गाइनकॉलॉजी सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ रीना आहूजा भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। डॉ नम्रता सक्सैना ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# बिछड़ो को अपनो से मिलाकर राजपुर पुलिस ने लौटाई मुस्कान



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** वर्तमान में सम्पूर्ण राज्य मे पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "ऑपरेशन मिलाप" अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को अपने-अपने क्षेत्र में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश हेतु व्यापक स्तर पर अभियान चलाने के निर्देश दिए गए है। थानाध्यक्ष राजपुर परमेश्वरी दत्त भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि अपने ऊपर उक्त अभियान के तहत कुछ दिन पूर्व जनपद छपरा बिहार से आये एक व्यक्ति शमशाद द्वारा थाना राजपुर आकर बताया गया कि उनका बड़ा भाई नौशाद पिछले 15 साल से अपने गांव से लापता है, जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है तथा उनके द्वारा बिहार पुलिस को सूचित करने के साथ ही उसकी तलाश हेतु मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश की पुलिस को भी इस सम्बन्ध में सूचित किया गया है तथा कुछ दिन पूर्व ही उन्हें पता चला कि उसके भाई को किसी ने देहरादून में मसूरी रोड में घूमते हुए देखा है। थाना अध्यक्ष परमेश्वर दत्त भट्ट ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता देखते हुए थाना राजपुर पर गठित टीम द्वारा मोबाइल सर्विलांस व मुखबिर की सहायता से उक्त लापता व्यक्ति को डीआईटी कालेज मसूरी रोड के पास से सकुशल बरामद करते हुए उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। पिछले 15 साल से लापता अपने भाई के सकुशल मिलने पर परिजनों द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस की कार्यशैली की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए दून पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने 15 वर्षों से लापता व्यक्ति को खोजने में शामिल राजपुर थाना अध्यक्ष परमेश्वरी दत्त भट्ट समेत पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए उनको इनाम देने की घोषणा की।

# विदेशी लोगों से साइबर ठगी करने वाले कॉल सेंटर पर एसटीएफ का छापा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** विदेशी लोगों के साथ धोखाधड़ी कर लाखों की कमाई करने वाले अंतर्राज्जीय साइबर फ्राड गिरोह का खुलासा करते हुए एसटीएफ एवं पटेल नगर थाना पुलिस ने एक कॉल सेंटर पर छापेमारी कर कई के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की ओर कॉल सेंटर में उपयोग होने वाले संसाधनों को जप्त किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह द्वारा इस मामले में जानकारी देते हुए बताया पकड़े गए अभियुक्तो द्वारा स्वंय को माइक्रोसॉफ्ट एंव एप्पल जैसे प्रतिष्ठित कम्पनियों का अधिकारी बताकर यूएसए तथा कनाडा के नागरिको के सिस्टम में पॉप अप मैसेज भेज भेजकर पोर्न हब आदि वैबसाइट होने की बात कहक विदेशी नागरिकों को भ्रमित व



डराकर उनके सिस्टम के करप्ट होने का झांसा देकर मदद के नाम पर धोखाधडी से धनराशि प्राप्त करते थे।

धोखाधड़ी कर लोगों को अपने जाल में फंसने वाले गैंग को लेकर सूचना मिली थी कि सहारनपुर रोड स्थित इमारत कॉल सेंटर के नाम पर ब्लैक धंधा चल रहा है। जिस पर छापामारी की गयी तो मौके पर मिले आरोपियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि हम लोग अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर काफी समय से दून में ही कॉल सेन्टर संचालित कर रहे है। मौके से पुलिस टीम द्वारा 13 लैपटाप, 2 वाईफाई राउटर, 3 स्विच, 1 मीडिया कनर्वटर, 1 एक्सटेन्शन, 10 लैपटाप चार्जर, 5 माऊस, 10 हेड फोन, 4 मोबाईल फोन व अन्य उपकरण बरामद किये गये। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा।

# भू-कानून को कैबिनेट की मंजूरी ऐतिहासिक कदम : अशोक वर्मा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** धामी कैबिनेट द्वारा भू-कानून को मंजूरी दिए जाने पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा ने सराहना की है। अशोक वर्मा ने कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कैबिनेट में भू कानून लाकर उनके द्वारा उत्तराखंड के हित में उठाया गया ऐतिहासिक कदम, उनकी दृढ़ शक्ति को जहां एक ओर प्रदर्शित करता है, वहीं दूसरी ओर वे जो कहते हैं वह करते हैं, इस बात को चरितार्थ करता है। बयान जारी कर उन्होंने कहा कि,



भू कानून लाकर भूमाफियाओं पर लगाम लगाने का काम, उत्तराखंड की संस्कृति को बचाने का काम, उत्तराखंड के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने का काम, उत्तराखंड की ऐतिहासिक धरोहर संस्कृति को बचाने का काम, मुख्यमंत्री और उनकी कैबिनेट द्वारा किया जाना एक शानदार उपलब्धि है। अशोक वर्मा ने कहा कि यहां का जनमानस उत्तराखंड का वासी एक लम्बे समय से सख्त भू कानून की मांग को लेकर आवाज उठा रहा था। उसकी सुनवाई का यह दिन ऐतिहासिक है। उम्मीद है सख्त भू कानून आने से पहाड़ों से पलायन भी रुकेगा और यहां के क्षेत्रवासी, नौजवान स्वावलंबी होंगे। मुख्यमंत्री सहित पूरी कैबिनेट को भू-कानून के फैसले के लिए अशोक वर्मा ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# हल्द्वानी से हैड़ाखान तक पकड़े रोमियो

## एसपी सिटी व सीओ ने सड़क पर उतरकर संभाला मोर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में लगातार चल रहे ऑपरेशन रोमियो अभियान के तहत पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते मंगलवार की रात्रि शहर में चलाए गए ऑपरेशन रोमियों

### 250 लोगों की चेकिंग, 11 पर लगाया जुर्माना

अभियान में इस बार एसपी सिटी प्रकाश चन्द्र पूरी टीम के साथ सड़क पर उतरकर मोर्चा संभाला और शहर की सड़कों से लेकर जंगलों में पार्टी करने वालों पर पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए 250 लोगों की चेकिंग करते हुए 11 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 81 पुलिस अधि. नियम के तहत चालानी कार्यवाही की गई और 5500 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। एसपी सिटी



प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में बीते मंगलवार को पुलिस टीम ने हल्द्वानी, ठंडी सड़क, रेलवे स्टेशन काठगोदाम, नारीमन और हैड़ाखान क्षेत्रों में ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस ऑपरेशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति हिंसा, हुड़दंग, और अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना था। बता दें कि एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर यह अभियान पूरे जिले में लगातार चलाया जा रहा है। जिसमें पुलिस कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के कार्रवाई करती है। मंगलवार को एसपी सिटी के नेतृत्व में सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी, हल्द्वानी कोतवाल राजेश कुमार यादव और काठगोदाम थानाध्यक्ष दीपक बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम और पीएसी ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग करने, महिलाओं से छेड़छाड़ करने और बिना किसी वजह से बाइकों पर हंगामा करने वालों की सख्ती से पहचान की गई। इस अभियान के दौरान पुलिस ने लगभग 250 लोगों की चेकिंग की। इनमें से 11 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 81 पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही की गई और 5500 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। पुलिस ने इन लोगों को चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा हुई तो और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में पुलिस टीम के अलावा बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता, एसआई अनिल कुमार, एसआई कृपाल सिंह, एसआई देवेन्द्र सिंह राणा, और महिला चीता कर्मी व पीएसी के जवान शामिल थे।

## सड़कों का काम है गतिमान: नगर आयुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर आयुक्त हल्द्वानी नगर निगम ऋचा सिंह ने अवगत कराया की हल्द्वानी नगर क्षेत्रन्तर्गत सड़क मार्गो में गड्ढों में पैचवर्क का कार्य, डामरीकरण, सीसी मार्ग निर्माण, सड़क पुनर्निर्माण, सड़कों की मरम्मत का कार्य लगातार गतिमान है। यह कार्य नगर निगम हल्द्वानी के साथ ही लोक निर्माण विभाग के माध्यम से भी यह कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें से अधिकांश स्थानों में कार्य पूर्ण हो गए हैं। उन्होंने अवगत कराया कि विगत दिसंबर 2023 से जनवरी 2025 तक हल्द्वानी नगर निगम द्वारा नगर अंतर्गत 4 करोड़ 71 लाख 16 हजार रुपए की लागत से 28 जॉब में सड़क मरम्मत, सड़क निर्माण, सुधारीकरण गढ्ढा भरान सीसी मार्ग निर्माण के कुल कार्य 28 कार्य कराए गए। जिनमें से वर्तमान तक अधिकांश कार्य पूर्ण हो गए हैं शेष में कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने अवगत कराया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा भी विभिन्न स्थानों में सड़क सुधारीकरण का कार्य किया जा रहा है। मौसम अनुकूल होने पर डामरीकरण एवं हॉटमिक्स का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

# यूओयू को एनसीवीईटी से मिली मान्यता

### कौशल-आधारित शिक्षा के लिए बड़ा कदम: प्रो. नेगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण परिषद (एनसीवीईटी) से मान्यता मिल गई है। विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह मान्यता उत्तराखंड के युवाओं के लिए रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्राप्त हुई है। यह मान्यता विश्वविद्यालय को पुरस्कार देने वाली संस्था-दोहरी मान्यता के रूप में मिली है। जिससे विश्वविद्यालय को कौशल-आधारित कार्यक्रमों की शुरुआत करने का रास्ता मिलेगा। खास बात यह है कि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय राज्य का पहला विश्वविद्यालय और भारत का पहला राज्य मुक्त विश्वविद्यालय है जिसे यह मान्यता मिली है। प्रो. नेगी ने बताया कि विश्वविद्यालय अब राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा के तहत कौशल-आधारित कार्यक्रम शुरू करेगा। इस दिशा में जुलाई 2024 में विश्वविद्यालय हल्द्वानी में राज्य मुक्त विश्वविद्यालयों के लिए एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम भी आयोजित करेगा। कुलपति प्रो.



ओपीएस नेगी ने कहा कि अब विश्वविद्यालय राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा के दिशानिर्देशों के अनुसार कौशल-आधारित कार्यक्रमों को शुरू करेगा। जिससे व्यावसायिक शिक्षा को मजबूती मिलेगी। उन्होंने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय पिछले नौ महीनों से इस मान्यता के लिए प्रयासरत था। प्रो. श्री नेगी ने इस उपलब्धि को संभव बनाने के लिए विश्वविद्यालय की पूरी टीम व विशेषकर प्रो. जितेन्द्र पांडेय, प्रो. पीडी पंत को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के सफल परिणाम के लिए बधाई दी।

## लायन्स क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी ने मेयर से की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लायन्स क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी व उपाध्यक्ष मधुकर श्रोतीय, महासचिव मुकेश गुप्ता और अन्य पदा. धिकारियों ने नवनिर्वाचित मेयर गजराज सिंह बिष्ट से मुलाकात की। इस दौरान



लायन्स क्लब के सदस्यों और व्यापारी नेताओं ने मेयर द्वारा शुरू किए ग ए अतिक्रमण हटाओ अभियान की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इसके अलावा उन्होंने नगर की सड़कों, बिजली और पानी की समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग भी की। डा. अग्रवाल ने बाजारों में अतिक्रमण के मुद्दे पर भी अपनी चिंता व्यक्त की और कहा कि व्यापारी अपनी दुकानों के सामने तखत लगाकर भारी भरकम किराए पर बेच रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। उन्होंने मेयर से ऐसे व्यापारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, मुकेश गुप्ता, मधुकर श्रोतीय, निशुल अग्रवाल, अनुज कांत अग्रवाल, संजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

# अतिक्रमण हटवाते रहो मेयर साहब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के एक शिष्टमंडल ने नगर निगम के नवनियुक्त मेयर गजराज सिंह बिष्ट से मुलाकात की और

### व्यापारियों के शिष्टमंडल ने गजराज बिष्ट को सौंपा ज्ञापन

जनहित से संबंधित कई प्रमुख समस्याओं को उनके समक्ष रखते हुए ज्ञापन सौंपा।

जिसमें व्यापारियों ने नगर निगम प्रशासन से बाजारों को ठेला फड़ मुक्त करने और दुकानों के आगे अतिक्रमण विरोधी अभियान को



निरंतर जारी रखने की मांग की है, ताकि बाजार सुव्यवस्थित हो सके। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र में ठेलों पर कारोबार करने वालों का नगर निगम द्वारा सत्यापन अनिवार्य करने, ठेलों को केवल नगरनिगम द्वारा चयनित वेंडिंग जॉन में ही स्थापित करने, बाजार क्षेत्र और अन्य खाली पड़ी जगहों में दुपहिया पार्किंग और महिलाओं के लिए हाईटेक शौचालय निर्माण की मांग की है। इसके साथ ही शहर में आवारा जानवरों, विशेष रूप से कुत्तों, के बढ़ते खतरों को लेकर मेयर से त्वरित धर-पकड़ अभियान चलाने का अनुरोध किया। मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने व्यापार मंडल को आश्वस्त किया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान में किसी भी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी और आवारा जानवरों को रखने के लिए चिन्हित की गई जमीन पर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा जनहित के कार्यों में व्यापार मंडल से सहयोग लिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालो में प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण, प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता, सह संयोजक देवेश अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पंकज कपूर, पूरन लाल साह, नरेंद्र साहनी, प्रब्जोत चन्डोक, प्रज्ञान भारद्वाज, अशोक वार्ष्णेय, पार्षद राजेन्द्र मुन्ना, अस्मित गुजराल, राकेश दुआ, नुसरत सिद्दिकी, मुनेश अग्रवाल, जीसान अहमद, कुंदन रावत, संजय वर्मा, चमन गुप्ता, महबूब अली, रामप्रसाद कश्यप, नितिन दुआ, अंशुल गुप्ता मौजूद रहे।

## पार्षद ने बढ़े हुए पानी के बिल पर अधिकारियों से की वार्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड पेयजल निगम कार्यालय में बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें वार्ड-59 के पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने पानी के बढ़े हुए बिल के संदर्भ में अधिकारियों से चर्चा की। पार्षद ने अधिकारियों से



इन बिलों में कमी की मांग की। इस मौके पर एई यतेन्द्र सिंह रावत और जेई महेश चंद्र ने बताया कि मार्च माह में पानी के बिलों में संशोधन किया जाएगा और मार्च तक सभी उपभोक्ताओं के बिल कम कर दिए जाएंगे। बैठक में पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने वार्ड में पानी की लाइनों में हो रही लीकेज की समस्या को भी उठाया और अधिकारियों से शीघ्र समाधान की मांग की। इस बैठक में खालिद हुसैन, त्रिलोक सिंह, फिरोज खान, शहीद समेत जल निगम के अधिक. ारी व कर्मचारी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# दयानिधि मारन के बयान की निंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्री महादेव गिरि संस्कृत महाविद्यालय और श्री महादेव गिरि संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय देवलचौड़ में छात्रों और आचार्यों ने डीएमके सांसद दयानिधि मारन द्वारा संसद में संस्कृत भाषा को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा करते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने सांसद से लिखित रूप से माफी मांगने की मांग की। इस दौरान संस्कृत विद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री डा. नवीन चंद्र जोशी ने कहा कि दयानिधि मारन ने संस्कृत जैसी प्राचीन और गौरवमयी भाषा का अपमान किया है, जो भारत की आत्मा मानी जाती है, और यह कत्तई स्वीकार्य नहीं है। डा. राजेश जोशी ने



भी बयान की निंदा करते हुए कहा कि सांसद को लिखित रूप में माफी मांग. नी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में संस्कृत का अपमान किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। संस्कृत विद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डा. कृष्ण चंद्र जोशी ने कहा कि दयानिधि मारन के बयान से पूरे देश में संस्कृत प्रेमियों में आक्रोश है और जब तक वह माफी नहीं मांगते, विरोध जारी रहेगा। विरोध प्रदर्शन में डा. चंद्र बल्लभ बेलवाल, डा. राकेश चंद्र गुणवन्त, डा. कैलाश चंद्र सनवाल, महेश चंद्र जोशी, राक. ेश पंत, राजकुमार पांडेय, कंचन जोशी, भवानी दत्त सहित सैकड़ों छात्र शामिल थे।

## पति व बच्चे छोड़ महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** एक महिला अपने दो छोटे बच्चों और पति को छोड़कर घर से लापता हो गई है। पीड़ित पति ने काठगोदाम थाने पहुंचकर महिला की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित पति की तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए महिला की तलाश शुरू कर दी। हल्दीखाल जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी एक व्यक्ति ने काठगोदाम थाने में तहरीर सौंपते हुए कहा कि 11 दिसंबर 2024 को उनकी 24 वर्षीय सीमा घर से बिना बताए घर से अचानक चली गईं और तब से उनका कोई पता नहीं चल पाया है। उसने बताया कि हर जगह खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला की गुमशुदगी दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है।

# स्मैक, चरस व शराब के साथ चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 4 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके

### लालकुआं व भीमताल पुलिस ने पकड़े तस्कर

खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

पकड़े गए नशा तस्करों के पास से नशा तस्करी में प्रयुक्त दो वाहन को भी सीज किया। जानकारी के अनुसार लालकुआं कोतवाली पुलिस कोतवाल दिनेश फर्त्याल के नेतृत्व में एसआई सोमेन्द्र सिंह व



एसआई शंकर नयाल अलग-अलग स्थानों पर बीती रात्रि मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तभी पुलिस टीम ने के दौरान ऋषिपाल कश्यप पुत्र सुरेश कश्यप निवासी कादरगंज थाना फतेहगंज जिला बरेली को बेरीपड़ाव मन्नू की झोपड़ी के पास से 51 पव्वे देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। शराब तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी संख्या यूके06जेड-0205 को भी सीज किया। जबकि वीआईपी गेट लाल. कुआं सुभाषनगर निवासी धीरज पुत्र सर्वेश को सुभाषनगर बैरियर जंगल से 106 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं एसआई सोमेन्द्र सिंह ने सुभाषनगर बैरियर के पास ही चैकिंग के दौरान हिमांशु शुक्ला पुत्र स्व. रामचन्द्र शुक्ला निवासी पश्चिम राजीवनगर को 280 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। टीम ने चरस तस्कर के पास से तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी सीज किया। जबकि भीमताल थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के नेतृत्व में एसआई गगनदीप मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी टीम ने बईपास तिराहा प्रतीक्षालय भीमताल के पास से अर्जुन कुमार निवासी वार्ड नंबर-6, कुआंताल, भीमताल को 4.15 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी चारों तस्करों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

## एक नजर

### सातवें दिन भी धरने पर रहे वन आरक्षी

**नैनीताल।** प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर विभिन्न मांगों को लेकर वन विभाग के दक्षिणी कुमाऊं वृत्त से जुड़े वन आरक्षियों ने बुधवार को लगातार सातवें दिन वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊं वृत्त के दफ्तर के प्रांगण में धरना प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने कहा कि जब तक सभी मांगें पूरी नहीं हो जाती आंदोलन जारी रहेगा। धरना स्थल पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन चलाने के बाद भी उनकी मांगों पर कोई कार्रवाई न होना गंभीर चिंता का विषय है। कहा कि जल्द ही मांगों के पूरा नहीं होने पर आंदोलन तेज करना उनकी विवशता होगी। इस दौरान नंदा प्रसाद अध्यक्ष नैनीताल वन प्रभाग, नितिन पाण्डेय अध्यक्ष भूमि संरक्षण वन प्रभाग समेत दीपक बिष्ट, मनप्रीत सिंह, कमलेश तिवारी, संदीप सिंह, बबिता आर्या, चित्रा जोशी, ज्योति जोशी, गोविंद बिष्ट, मुन्नी दानू, गोधन सिंह, महेंद्र चम्याल, सोनू बिष्ट, भुवन आर्य, ठाकुर सिंह, सुख देव, नारायण तथा ज्योति आदि वन आरक्षी मौजूद थे।

### हल्द्वानी में सरस मेला एक मार्च से

**नैनीताल।** जिले के विकास भवन भीमताल सभागार में बुधवार को जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी की अध्यक्षता में सरस मेले के आयोजन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मेले के आयोजन की विभिन्न तैयारियों के संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में बताया कि आगामी 1 मार्च शनिवार से 10 मार्च सोमवार तक एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी में सरस मेले का आयोजन किया जाएगा जिसमें उत्तराखंड समेत देश के अन्य राज्यों के एसएचजी समूह प्रतिभाग कर अपने उत्पादों से संबंधित स्टाल आदि लगाएंगे। सरस मेले के दौरान विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में विभिन्न व्यवस्थाओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु कमेटी का गठन भी किया गया है। बैठक में एपीडी चंद्रा फर्त्याल ने बताया कि मेले में कुल 250 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे, जिसमें उत्तराखंड से 117 एनआरएलएम महिला समूह सहित 74 स्टॉल अन्य राज्यों के लगाए जाएंगे। बैठक में सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### सरोवर नगरी में पश्चिमी विक्षोभ का असर

**नैनीताल।** सरोवर नगरी में पश्चिमी विक्षोभ का असर बुधवार देर शाम से नजर आने लगा है। मौसम विभाग की माने तो गुरुवार (आज) को हल्की वर्षा के साथ ओलावृष्टि होगी। राज्य मौसम विभाग देहरादून के विज्ञानी डा. रोहित थपलियाल के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो चला है, जिसका असर शुक्रवार तक जारी रहेगा। 28 सौ मीटर से ऊंचाई वाले हिस्सों में हिमपात की संभावना रहेगी। कुछ हिस्सों में अंधड़ भी उठेंगे जबकि अधिकांश क्षेत्रों में हल्की बारिश अथवा बौछार की बारिश की संभावना रहेगी। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में इसका असर रहेगा। गुरुवार (आज) को सर्वाधिक असर देखने को मिल सकता है जबकि शुक्रवार को अधिकांश हिस्सों में असर नहीं रहेगा। इस बीच ठंडर स्टोर्म के साथ ओलावृष्टि की संभावना भी रहेगी। इधर नगर में सुबह के समय चटक धूप खिली हुई थी।

## हीरानगर योगा पार्क में औषधीय पौधों का वितरण



**हल्द्वानी।** योगा पार्क हीरानगर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण प्रेमी और जड़ी-बूटी विशेषज्ञ, रिटायर्ड रेंजर मदन सिंह बिष्ट ने निशुल्क औषधीय पौधों का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने इन पौधों की विशेषताओं और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में हरसिंगार, कासनी, अश्वगंधा, स्टीविया, आवला, तेजपत्ता, कागजी नींबू जैसे औषधीय पौधों का वितरण किया गया, जो प्राकृतिक उपचार और सेहत के लिए अत्यधिक लाभकारी माने जाते हैं। मदन सिंह बिष्ट ने इन पौधों के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि ये पौधे न केवल पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में मदद करते हैं, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी कई लाभ भी प्रदान करते हैं। पार्षद शैलेन्द्र सिंह दानू ने इस अवसर पर कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रकृति को संरक्षित रखना और लोगों की सेहत को सुधारना है। उन्होंने इस कार्यक्रम को एक सकारात्मक कदम बताया, जो स्थानीय समुदाय को पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेगा। इस कार्यक्रम में कृति तिवारी, रजत बिष्ट, रवीन्द्र बिष्ट, धीरज तिवारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

# बौद्धिक सम्पदा पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित जैव प्रौद्योगिकी विभाग में बुधवार को बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ कुमाऊं विश्वविद्यालय के द्वारा उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से बौद्धिक संपदा अधिकार विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत ने विद्यार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकार पर प्रकाश डालते हुए अपने शोध आविष्कारों का पेटेंट करने हेतु प्रोत्साहित किया एवं कुलपति प्रो. रावत ने विश्वविद्यालय के ऐसे विद्यार्थी जो नवीन तकनीक और खोज की दिशा में कार्य करेंगे को विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय पोषण किए जाने की भी घोषणा की। विश्व. विद्यालय के आईक्यूएसी निदेशक प्रो. संतोष कुमार ने बौद्धिक संपदा के संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। विशिष्ट अतिथि और कार्यशाला के विषय विशेषज्ञ भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय के सह नियंत्रक डा. राजू तिवारी ने बौद्धिक संपदा अधिकार के क्षेत्र में पेटेंट प्रणाली की सरलीकरण की जानक. ारी दी गई। कार्यशाला की मुख्य संयोजक प्रो. वीना पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला का प्राथमिक मकसद युवा शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों को बौद्धिक संपदा अधिकार की बुनियादी सिद्धांतों के बारे में जानकारी प्रदान करना है, वर्तमान में अनुसंधानों को सुरक्षित करने हेतु भारत सरकार द्वारा प्रचलित नियमों के अनुसार पेटेंट की पद्धति के बारे में कार्यशाला में जानकारी दी गई। कार्यशाला में भीमताल परिसर निदेशक प्रो. एलके सिंह, विभागाध्यक्ष प्रबंध अध्ययन प्रो. अमित जोशी, विभागाध्यक्ष फार्मेसी प्रो. अनीता सिंह, डीन एक्सटर्नल अफेयर्स प्रो. अर्चना नेगी साह, विभागाध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी प्रो. तपन नैनवाल, डा. रिशेंद्र कुमार, डा. संतोष उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## सभासद ने जिलाधिकारी को बताई समस्याएं

**नैनीताल।** सूखाताल वार्ड की सभासद गजाला कमाल ने जिलाधिकारी वंदना सिंह से मुलाकात की। उन्होंने नैनीताल नगर की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के बारे में चर्चा कर उनके जल्द समाधान की गुजारिश की। उन्होंने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी सौंपे। सभासद गजाला कमाल के मुताबिक डीएम वंदना सिंह ने सभी समस्याओं को बेहद गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समाधान के निर्देश दिए हैं। सभासद गजाला कमाल ने नगर में दिव्यांग बच्चों के लिए स्कूल, थैरेपी सेंटर व मनोरंजन के लिए पार्क की मांग की। सुझाव दिया कि राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल के समीप स्थित दीन दयाल उपाध्याय पार्क में दिव्यांग बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन मुहैया हो सकते हैं।

**कार्यालय जिला पंचायत हरिद्वार**

पत्रांक :–1901 / जि0पं0हरि0 / 2024–25 दिनांक 17 / 02 / 2025

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस जिला पंचायत की जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत सम्पूर्ण तहसीलों में स्थित भूमि, भवन, मार्ग, पुलियाओं, दुकानों, विश्रामगृहो एवं अन्य समस्त प्रकार की चल–अचल सम्पातेयों का तहसीलवार जिला पंचायत द्वारा निर्धारित चल अचल सम्पत्तियों के अभिलेखों में खसरा–खतौनी नजरी नक्शे के साथ दर्ज करते हुये सम्बन्धित तहसीलों के सक्षम प्राधिकारियों से प्रमाणीकरण की कार्यवाही 10 माह के अन्तर्गत पूर्ण की जानी है, जिस हेतु राजस्व विभाग हरिद्वार से सेवानिवृत्त राजस्व उप निरीक्षक, रजिस्ट्रार कानूनगो, नायब तहसीलदार जो कि जनपद हरिद्वार की समस्त तहसीलों की जानकारी रखते हो अथवा उपरोक्त कार्यों को सम्पादित करने हेतु सक्षम हो, से उक्त कार्य को करने हेतु निर्धारित निविदा फॉर्म पर अपनी प्रतिमाह निविदा दरें सीलबन्द लिफाफे में पंजीकृत डाक से अथवा कार्यालय में स्वयं आकर अपर मुख्य अधिकारी के पदनाम प्रस्तुत करने हेतु निविदा फार्म विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 03.03.2025 तक कार्यालय समय में जिला पंचायत हरिद्वार से प्राप्त किये जा सकते हैं एवं निविदा दिनांक 04.03.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोले जायेंगे। निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का सम्पूर्ण अधिकार निविदा समिति की संस्तुति पर मा0 अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत हरिद्वार में निहित होगा। अन्य शर्तें किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में आकर ज्ञात की जा सकती हैं।

ह0/– राजेन्द सिंह (चौ0 किरण सिंह)
अध्यक्ष,
जिला पंचायत हरिद्वार

**ऋण वसूली अधिकरण, देहरादून**
पारस टॉवर, द्वितीय तल, माजरा निरंजनपुर, सहारनपुर रोड, देहरादून

टी.आर.सी. नं. 03/2019 (पुराना डीआरसी नं. 205/2015, डीआरटी, लखनऊ) दिनांक: 11.02.2025

पंजाब नेशनल बैंक — प्रमाणपत्र धारक

बनाम्

मैसर्स वेंदात स्टील प्रोसेसिंग सैन्टर एवं अन्य — प्रमाणपत्र देनदार

**डिमांड नोटिस**

सेवा में,

सीडी नं. 1. मैसर्स वेंदात स्टील प्रोसेसिंग सैन्टर (पार्टनरशिप फर्म), जिसका कार्यालय 26/2, शिव गंगा इण्डस्ट्रीयल एस्टेट, भगवानपुर, रूड़की, हरिद्वार उत्तराखण्ड।

सीडी नं. 2. श्री संजय पोदार पुत्र स्व. श्री पी.डी.पोदार पार्टनर, मैसर्स वेंदात स्टील प्रोसेसिंग सैन्टर 26/2, शिव गंगा इण्डस्ट्रीयल एस्टेट, भगवानपुर, रूड़की, हरिद्वार उत्तराखण्ड।
द्वितीय पता: 40 सिविल लाईन्स, प्रतिभा आर्य अरूनिमा पाठक, रूड़की, जिला हरिद्वार।

सीडी नं. 3. श्रीमती कौशल्या पोदार पत्नी स्व. श्री पी.डी.पोदार पार्टनर, मैसर्स वेंदात स्टील प्रोसेसिंग सैन्टर 26/2, शिव गंगा इण्डस्ट्रीयल एस्टेट, भगवानपुर, रूड़की, हरिद्वार उत्तराखण्ड।
द्वितीय पता: 40 सिविल लाईन्स, प्रतिभा आर्य अरूनिमा पाठक, रूड़की, जिला हरिद्वार।

सीडी नं. 4. श्रीमती मीनाक्षी पोदार पत्नी श्री संजय पोदार पार्टनर, मैसर्स वेंदात स्टील प्रोसेसिंग सैन्टर 26/2, शिव गंगा इण्डस्ट्रीयल एस्टेट, भगवानपुर, रूड़की, हरिद्वार उत्तराखण्ड।
द्वितीय पता: 40 सिविल लाईन्स, प्रतिभा आर्य अरूनिमा पाठक, रूड़की, जिला हरिद्वार।

यह सूचित करना है कि पीठासीन अधिकारी, डीआरटी, लखनऊ द्वारा पारित **ओ.ए. संख्या 110/2014** में जारी वसूली प्रमाण पत्र के मद्देनजर **रू0 14,83,21,693/- (रूपये चौदह करोड़ तैरासी लाख इक्कीस हजार छः सौ तिरानवें मात्र)** पेडेंटेलाइट और भविष्य के ब्याज के साथ @ 12.00% मूल आवेदन दाखिल करने की दिनांक से प्रतिवर्ष अर्थात् **03.02.2014** से वसूली तक और **रू0 1,50,000/-** की लागत आपके विरुद्ध (संयुक्त रूप से और अलग-अलग) बकाया हो गई है।

आपसे अनुरोध है कि नोटिस प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर उपरोक्त राशि जमा करायें अन्यथा नियमानुसार वसूली की जायेगी।

आपको आगे कि कार्यवाही के लिए **दिनांक 29.04.2025** को सुबह 10.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के सामने पेश होने का आदेश दिया जाता है।

उक्त धनराशि के अतिरिक्त आप निम्नलिखित के भुगतान के लिए भी उत्तरादायी होंगे।

(ए) इस प्रमाण निष्पादन प्रक्रिया की सूचना के तुरंत बाद की अवधि हेतु देय ब्याज राशि सभी लागत, प्रभार और खर्चे।

(बी) इस नोटिस की तामील तथा देय राशि वसूलने के लिए अपनाई जाने वाली अन्य प्रक्रिया के संबंध में किए गए सभी लागत, प्रभार और व्यय।

वसूली अधिकारी
ऋण वसूली अधिकरण, देहरादून

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दिल्ली कैपिटल्स ने जीता टॉस, पहले बल्लेबाजी करेगी

**वड़ोदरा, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को टॉस जीतकर वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के छठे मुकाबले में यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। यहां दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैलनग ने कहा कि टीम के यहां रिकॉर्ड को देखते हुए उन्होंने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि टीम मे एक बदलाव है राधा यादव की जगह निकी प्रसाद की टीम में वापसी हुई हैं। वहीं यूपी वॉरियर्ज की कप्तान दीप्ति शर्मा ने कहा कि वे पहले गें. दबाजी करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि टीम मे दो बदलाव है अलाना लकग और साइमा ठाकोर की जगह चिनले हेनरी और राज. ेश्वरी गायकवाड़ को टीम में जगह दी गयी है।

### मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे का निधन

**मुम्बई, वार्ता।** मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे को बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। रेगे को कुछ दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां और आज सुबह छह बजे उनका निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1966 से 1977-78 तक कुल 52 मैच खेलते हुए 126 विकेट लिए। कुल 23.56 की और औसत से 1532 रन भी बनाए। मुंबई के पूर्व कप्तान ने 1960 और 70 के दशक में एक दशक से अधिक समय तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। अपने खेल करियर के बाद रेगे मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) में विभिन्न पदों पर जुड़े रहे। उनके अलग-अलग कार्यकाल में चयनकर्ता और मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी कार्य किया। 1988 में जब युवा तेंदुलकर को रणजी ट्रॉफी टीम में शामिल किया।



# विल यंग-लेथम के शतक से न्यूजीलैंड तीन सौ पार पहुंची



### न्यूजीलैंड ने उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया

**कराची, वार्ता।** टॉम लेथम (नाबाद 118), विल यंग (107) की शतकीय और ग्लेन फिलिप्स (61) रनों की अर्धशतकीय पारियों की मदद से न्यूजीलैंड ने बुधवार को चैंपियंस ट्रॉफी के उद्घाटन मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 321 रनों का लक्ष्य दिया।

कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबा. जी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक समय 16.2 ओवर में 73 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। डेवन कॉन्वे (10), केन विलियमसन (एक) और डैरिल मिचेल (10) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि इस दौरान विल यंग एक छोर थामे हुए लगातार रन बनाते रहे। 38वें ओवर में नसीम शाह ने विल यंग को आउटकर पाकिस्तान को बड़ी सफलता दिलाई। विल यंग ने 113 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए (107) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये ग्लेन फिलिप्स ने टॉम लेथम के साथ पारी को सहारा दिया। टॉम लेथम ने 104 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। 50वें ओवर में हारिस रउफ ने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। फिलिप्स ने 39 गेंदों में तीन चौका और चार छक्के लगाते हुए (61) रन बनाए। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 320 रनों का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह और हारिस रउफ ने दो-दो विकेट लिये। अबरार अहमद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



शुभमन गिल



महीश तीक्षणा

# यश की फिफ्टी, विदर्भ को 260 रनों की बढ़त

**रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया**

**नागपुर, वार्ता।** विदर्भ ने यश राठौड़ (नाबाद 59) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 31) की पारियों के दम पर रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बुधवार को मुम्बई के खिलाफ 260 रनों की बढ़त बना ली हैं। यहां इससे पहले विदर्भ के पार्थ रेखड़े सहित अन्य गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुम्बई की पहली पारी को 270 के स्कोर पर समेट दिया था। पहली पारी के आधार पर 113 रनों की बढ़त के साथ दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 56 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिए थे। इसके बाद यश राठौड़ और अक्षय वड़कर ने पारी को संभाला और पांचवें विकेट के लिए 91 रन जोड़ लिए है। दिन का खेल समाप्त होने के समय विदर्भ ने चार विकेट पर 147 रन बना लिए और उसकी बढ़त 260 रनों की हो गई है। स्टंप के समय यश राठौड़ (नाबाद 59) और कप्तान अक्षय वड़कर (नाबाद 31) क्रीज पर मौजूद थे। मुम्बई की ओर से शम्स मुलानी ने दो विकेट लिए। शार्दुल ठाकुर और तनुष कोटियान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। मुम्बई ने कल के सात विकेट पर 188 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में आकाश आनंद और तनुष कोटियान की जोड़ी ने जूझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम को स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान 247 के स्कोर पर पार्थ रेखड़े ने तनुष कोटियान को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। तनुष कोटियान ने 75 गेंदों में चार चौक और एक छक्का लगाते हुए (33) रन बनाए। मुम्बई नौवां विकेट आकाश आनंद के रूप में गिरा। उन्हें नचिकेत भूटे ने आउट किया। आकाश आनंद ने 256 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (106) रनों की पारी खेली। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (10) को बोल्ड कर मुम्बई की पहली पारी का 270 के स्कोर पर अंत कर दिया। इसी के साथ विदर्भ को पहली पारी के आधार 113 रनों की बढ़ हासिल हो गई।

### आकाश का शतक, पार्थ ने मुंबई को 270 पर समेटा

**नागपुर, वार्ता।** रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बुधवार को आकाश आनंद (106) की शतकीय पारी के बीच विदर्भ के पार्थ रेखड़े सहित अन्य गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुम्बई की पहली पारी को 270 के स्कोर पर समेट दिया। मुम्बई ने कल के सात विकेट पर 188 रनों से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में आकाश आनंद और तनुष कोटियान की जोड़ी ने जूझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टीम को स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान 247 के स्कोर पर पार्थ रेखड़े ने तनुष कोटियान को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। तनुष कोटियान ने 75 गेंदों में चार चौक और एक छक्का लगाते हुए (33) रन बनाए। मुम्बई नौवां विकेट आकाश आनंद के रूप में गिरा। उन्हें नचिकेत भूटे ने आउट किया। आकाश आनंद ने 256 गेंदों में 11 चौकों की मदद से (106) रनों की पारी खेली। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (10) को बोल्ड कर मुम्बई की पहली पारी का 270 के स्कोर पर अंत कर दिया।

# गिल-तीक्षणा वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

**एक दिवसीय में शीर्ष-10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी है, रोहित, कोहली और अय्यर शामिल**

**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 796 रेटिंग अंक के साथ पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ कर दुनिया के नंबर वन एकदिवसीय बल्लेबाज बन गए हैं।

वहीं श्रीलंका के महीश तीक्षणा ने 11 अंकों की छलांग लगाकर गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये है। यहां जारी ताजा रैंकिंग के अनुसार एकदिवसीय में शीर्ष 10 बल्लेबाजों में भारत के चार खिलाड़ी हैं। इसमें गिल के अलावा रोहित शर्मा 761 अंके के साथ तीसरे स्थान पर, विराट कोहली 727 अंक के साथ छठे स्थान पर और श्रेयस अय्यर 679 अंक के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं। श्रेयस को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। गिल के रेटिंग अंक 796 हैं, जबकि बाबर का रेटिंग अंक 773 हैं। रोहित के रेटिंग अंक 761 हैं। दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन 756 रेटिंग अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल 740 रेटिंग अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया और भारत ने यह श्रृंखला 3-0 से जीती थी, जिसमें गिल ने 87, 60 और 112 रन बनाए। वह सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे उन्होंने 86-33 की औसत और 103-60 की स्ट्राइक रेट से 259 रन बनाए। अगले सर्वोच्च स्कोरर श्रेयस अय्यर 181 रन बनाकर गिल से 78 रन पीछे रहे। इंग्लैंड के खिलाफ दो एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला के बाद, श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलांका आठ स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर 713 अंकों के साथ सातवें स्थान पर और वेस्टइंडीज के शाई होप 672 अंक के साथ दसवें स्थान पर हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंका के महीश तीक्षणा 680 अंकों के साथ टॉप पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़ दिया है। राशिद खान के रेटिंग अंक 679 है। गेंदबाजी रैंकिंग में टॉप-10 में दो भारतीय कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज हैं। कुलदीप को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह 652 अंके साथ चौथे स्थान पर तथा मोहम्मद सिराज 624 अंके साथ 10वें स्थान पर बने हुए है। नाम. ीबिया के बर्नार्ड शोल्ज 662 अंके साथ तीसरे, पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी 646 अंके साथ पांचवें, दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज 642 अंके साथ छठे, न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर 639 अंक के साथ सातवें, न्यूजीलैंड मैट हेनरी 632 अंके साथ आठवें और वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती 632 रेटिंग अंक के साथ नौवें स्थान पर मौजूद हैं।

### शार्दुल ठाकुर काउंटी चैम्पियनशिप में एसेक्स के लिए खेलेंगे

**नागपुर, वार्ता।** भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर काउंटी चैम्पियनशिप के शुरुआती चरण में एसेक्स के लिए खेलेंगे। शार्दुल ने काउंटी में खेलने के लिए एसेक्स के साथ अनुबंध किया है। शार्दुल ठाकुर अप्रैल और मई के दौरान सात मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। वह पहली बार काउंटी किकेट में खेलेंगे। उन्होंने भारत के लिए तीनों प्रारूपों में 100 से अधिक विकेट लिए हैं और आखिरी बार 2023-24 के दक्षिण अफीका दौरे पर खेले थे। घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है। मौजूदा रणजी ट्रॉफी में मुंबई को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका रही है। उन्होंने 21-67 की औसत से 34 विकेट लेने के साथ-साथ 400 से अधिक रन बनाए हैं। एसेक्स की टीम के साथ हुए अनुबंध पर ठाकुर ने कहा कि मैं इस गर्मी में एसेक्स से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। व्यक्तिगत रूप से यह मेरे लिए नए अवसर और चुनौतियां लेकर आएगा, जिससे मैं अपनी प्रतिभा और कौशल को प्रदर्शित कर सकूं। काउंटी क्रिकेट खेलने की मेरी हमेशा से इच्छा थी और मैं खुश हूं कि मैं इस टीम का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। एसेक्स के क्रिकेट निदेशक क्रिस सिल्वरवुड ने कहा, हहम शार्दुल ठाकुर के साथ करार करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

### एफआईएच हॉकी प्रो लीग में जर्मनी ने भारत को 4-1 से हराया

**भुवनेश्वर, वार्ता।** मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी ने पुरुष एफआईएच हॉकी प्रो लीग के रोमांचक मुकाबले में भारत को 4-1 से हरा दिया। यहां भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में जर्मनी के लिए फ्लोरियन स्पर्लिंग ने (सातवें) मिनट, थिएस प्रिंज ने (14वें) मिनट, मिशेल स्ट्रुथॉफ ने (48वें) मिनट और राफेल हार्टकोफ ने (55वें) मिनट में गोल किए। वहीं भारत की ओर से एकमात्र गोल गुरजंत सिंह ने (13वें )मिनट में किया। पहले क्वार्टर में जर्मनी की ओर से फ्लो. रियन स्पर्लिंग ने सातवें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई।

# प्रियांक के नाबाद शतक से गुजरात की ठोस शुरुआत



**प्रियांक पांचाल ने नाबाद 117 रन और आर्य देसाई ने 73 रनों की शानदार पारी खेली**

**अहमदाबाद, वार्ता।** प्रियांक पांचाल (नाबाद 117) की शतकीय और आर्य देसाई (73) की अर्द्धशकीय पारियों की मदद से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी के पहले समीफाइनल मुकाबले के तीसरे दिन बुधवार को केरल के खिलाफ ठोस शुरुआत की। इससे पहले आज मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 177) की शतकीय की बदौलत केरल ने 457 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात के लिए प्रियांक पांचाल और आर्य देसाई की सलाीम जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 113 रन जोड़े। एनपी बासिल ने शतक की ओर बढ़ रहे आर्य देसाई को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आर्य देसाई ने 118 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए (78) रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय गुजरात ने एक विकेट पर 222 रन बना लिए थे। स्टंप के समय प्रियांक पांचाल (नाबाद 117) और मनन हिंगराजिया (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद थे। केरल की ओर से एनपी बासिल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। केरल ने कल के सात विकेट पर 418 रन आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र की शुरुआत में चिंतन गजा ने आदित्य सरवटे (11) को बोल्ड कर केरल को आठवां झटका दिया। इसके बाद एम डी निधीष (पांच) रनआउट हुए। हालांकि इस दौरान मोहम्मद जहरुद्दीन एक छोर थामे खड़े रहे। चिंता गजा ने एनपी बासिल (एक) को आर्य देसाई के हाथों कैच आउट कराकर केरल की पहली पारी का अंत कर दिया। आज केरल ने 39 रन जोड़ कर अपने तीन विकेट गवां दिए। केरल ने अपनी पहली पारी में 187 ओवर में 457 रन बनाए। गुजरात की ओर से अरजान नागवासवाला ने तीन विकेट लिए। चिंतन गजा को दो विकेट मिले।

# बेन कर्रन का शतक, जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया

**बेन कर्रन ने नाबाद 118 रनों की शतकीय पारी खेलकर टीम को जिताया**

**हरारे, वार्ता।** बेन कर्रन (नाबाद 118) की शतकीय और कप्तान क्रेग एर्विन (नाबाद 69) की अर्द्धशकीय पारियों की बदौलत जिम्बाब्वे ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 63 गेंदे शेष रहते आयरलैंड को नौ विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 124 रन जोड़े। 20वें ओवर में ग्रेम ह्यूम ने ब्रायन बेनेट (48) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान क्रेग एर्विन ने बेन कर्रन के पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। बेन कर्रन ने 130 गेंदों में 14 चौकों की मदद से (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। वही क्रेग एर्विन ने 59 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 69)रन बनाए। जिम्बाब्वे ने 39-3ओवर में 246 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। इससे पहले आज यहां जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान पॉल स्टर्लिंग (नौ) और कर्टिस कैमफर (11) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हैरी टेक्टर ने एंडी बैलबर्नी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 86 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में वेलिंग्टन मसाकाट्जा एंडी बैलबर्नी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एंडी बैलबर्नी ने 99 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (64) रनों की पारी खेली। इसके बाद 39वें ओवर में रिचर्ड एन्गरावा ने हैरी टेक्टर (51) को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

# स्पेन की महिला टीम ने भारत को 4-3 से रौंदा



**भारतीय टीम की ओर से बलजीत कौर, साक्षी राणा और रुताजा ने दागे गोल**

**भुवनेश्वर, वार्ता।** स्पेन की महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत को 4-3 से हराया। यहां भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से बलजीत कौर ने (19वें) मिनट में, साक्षी राणा ने (38वें) मिनट और रुताजा दादासो पिसल ने (45वें) मिनट में गोल किए। स्पेन की ओर से एस्टेल पेटचैम ने (25वें और 49वें) मिनट, सोफिया रोगोस्की ने (21वें) और कैप्टन लूसिया जिम. ेनेज ने (52वें) मिनट में गोल दागे। पहला क्वार्टर कड़े मुकाबले के बीच गोल राहित रहा। दूसरे क्वार्टर में मैच की शुरुआत हुई, जिसमें छह मिनट के अंतराल में तीन गोल हुए। 21वें मिनट में दीपिका ने बाईं ओर से रिवर्स हिट मारा, जिसे बिना निशान वाले बलजीत ने गोल में पहुंचा कर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय गोल किया। इसके दो मिनट बाद स्पेन ने रोगोस्की के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया। इसके बाद स्पेन की एस्टेल पेटचैम ने 25वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर के 38वें मिनट में साक्षा राणा ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत ने एक और स्पेन ने दो गोल किए। बराबरी का गोल करने की बेताबी में भारत ने मैच के आखिरी चार मिनट तक अपने गोलकीपर के बिना खेला।

### वाटिका बनाम सुदेवा मुकाबला रहा ड्रा



**नई दिल्ली, वार्ता।** डीएसए प्रीमियर लीग में आज यहाँ नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए रोमांचक मुकाबले में वाटिका एफसी ने सुदेवा एफसी को 1-1 की बराबरी पर रोक कर महत्वपूर्ण अंक झटक लिए। सुदेवा के लिए गोल संखिल डरपोल ने और वाटिका की ओर से जवाबी गोल कुशाग्र कक्कर ने जमाया। दिन के पहले मुकाबले में अंक तालिका में टॉप पर चल रहे सीआई एस एफ ने फिसढी यूनाइटेड भारत एफसी को बमुश्किल 2-1 से हराया। वाटिका के गोल कीपर यश कुलकर्णी औघ सी आई एस एफ के मोहम्मद खालिद को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। सी आई एस एफ के गोल मोहम्मद खालिद और शक्तिनाथ ने किए। पराजित यूनाइटेड भारत का गोल जहां ने किया। वाटिका और सुदेवा के बीच खेला गए मैच में लक्ष्यविहीन खेल ज्यादा हुआ। शुरुआत में दोनों टीमों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा, लेकिन अंतिम तीस मिनट में कुछ बेहतरीन मूव बने, जिन पर दो गोल पड़े। वाटिका के गोली यश की गलती का फायदा उठाते हुए संखिल डरपोल ने 68 वें मिनट में सुदेवा को बढ़त दिलाई।

# मुंबई ने गुजरात को पांच विकेट से दी मात



**वड़ोदरा, वार्ता।** नेट सायबर ब्रंट (दो विकेट/ 57रन) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत मुंबई इंडियंस ने वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पांचवें मुकाबले में 23 गेंदे शेष रहते गुजरात जायंट्स को पांच विकेट से हरा दिया।

गुजरात जायंट्स के 120 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपना पहला विकेट गवां दिया। हेली मैथ्यूज (17) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद सातवें ओवर में प्रिया मिश्रा ने यास्तिका भाटिया (आठ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (चार) रन बनाकर आउट हुई। एमेलिया केर (19) रन बनाकर आउट हुई। नेट सायबर ब्रंट ने 39 गें. दों में 11 चौके लगाते हुए (57) रनों की पारी खेली। संजीवन सजना (10) रन बनाकर नाबाद रही। मुम्बई इंडियंस ने 16-1 ओवर में 122 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात की ओर से काश्वी गौतम और प्रिया मिश्रा ने दो- दो विकेट लिए। तनुजा कंवर ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक अपने चार विकेट 28 के स्कोर पर गवां दिए। बेथ मूनी (एक), लॉरा वुलफार्ट (चार), दयालन हेमलता (नौ) और कप्तान एश्ली गार्डनर (10) रन बनाकर आउट हुई। हरलीन देओल और काश्वी गौतम ने पारी संभालने का प्रयास किया। 12वें ओवर में हैली मैथ्यूज ने काश्वी गौतम (20) को आउटकर मुंबई को पांचवी सफलता दिलाई। डिएंड्रा डॉटिन (सात) रन बनाकर आउट हुई। सिमरन (तीन), तनुजा (13) रन बनाकर आउट हुई।

# सम्पादकीय

गुरुवार , 20 फरवरी 2025

## सीईओ बनाम सीजेआई

केंद्र सरकार और विपक्ष खास तौर पर कांग्रेस के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर जारी राजनीतिक रस्साकसी के बीच सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित कर दी है, जिसमें चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया गया था। हालांकि नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डा.विवेक जोशी ने बुधवार को यहां अपना कार्यभार संभाल लिया है। बताते चलें कि सरकार दिसम्बर 2023 के अपने उस कानून द्वारा तय प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ी है, जो अभी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती का सामना कर रहा है। पिछले हफ्ते, शीर्ष अदालत ने सुनवाई 19 फरवरी तक टालते हुए टिप्पणी की थी कि अगर इस अंतराल में कुछ घटित होता है, तो वह अधिनियम की वैधता पर बाद में आने वाले निर्णय के परिणामों का सामना करेगा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अनुरोध की अनदेखी करते हुए, पैनल ने ज्ञानेश कुमार को बतौर सीईसी पदोन्नत किया और विवेक जोशी को तीसरे सदस्य के रूप में शामिल किया। सीईसी राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद यह कदम उठाया गया। सवाल है कि क्या 2023 का अधिनियम साल 2022 के संविधान पीठ के उस निर्णय के खिलाफ जाता है, जिसने भारत के चुनाव आयोग का नेतृत्व करने वाले व्यक्तियों के चयन के लिए एक कमेटी बनायी थी, जिसमें प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) शामिल थे। हालांकि, अधिनियम कमेटी में सीजेआई की जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल करता है। सरकार की दलील है कि सुप्रीम कोर्ट का पैनल संविधान की जरूरत के मुताबिक संसद द्वारा अपना कानून बनाए जाने तक केवल एक तदर्थ उपाय था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 2022 के फैसले का सार यह है कि नियुक्ति प्रक्रिया को कार्यपालिकीय दखलअंदाजी से बेअसर रहना चाहिए, ताकि उसका कामकाज सही मायनों में स्वतंत्र रहे। क्या सीजेआई को चयन कमेटी का हिस्सा होना चाहिए, यह बहस का विषय हो सकता है, लेकिन, इसमें कोई संदेह नहीं कि कार्यपालिका में निहित 2-1 का बहुमत किसी भी चयन को आसानी से इस आलोचना की जद में ले आता है कि इस ढंग से चुने गए लोगों को स्वतंत्र नहीं समझा जाएगा। भाजपा की अगुवाई वाली सरकार अदालती सुनवाई चलने के दरम्यान नियुक्तियां करती रही है। सुप्रीम कोर्ट समय रहते दखल देने से इन्कार करता रहा है, जिससे ऐसी नियुक्तियां एक संपन्न-हो-चुका कार्य बन रही हैं। सरकार ने साल 2022 में, संविधान पीठ की सुनवाई के दरम्यान, अरुण गोयल को बतौर चुनाव आयुक्त (ईसी) नियुक्त किया था। और, आम चुनाव से पहले मार्च 2024 में, उसने दो ईसी नियुक्त किए थे, इस्तीफा देने वाले गोयल और सेवानिवृत्त हुए एक अन्य ईसी की जगह लेने के लिए। शायद ही कोई इससे असहमत होगा कि एक निर्भीक और पूर्ण स्वतंत्र संस्था के रूप में ईसीआई को लेकर लोक धारणा में गिरावट आती जा रही है, अगर चाहते हैं कि चुनावों को केवल विजेताओं के समर्थक नहीं, बल्कि समस्त मतदाता स्वतंत्र और निष्पक्ष मानें, तो सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में अब और देर नहीं करनी चाहिए। उसे इस सवाल पर निर्णय देना होगा कि क्या उपरोक्त कानून द्वारा तय प्रक्रिया ईसीआई के सदस्यों के लिए संविधान पीठ के फैसले में परिकल्पित स्वतंत्रता का स्तर सुनिश्चित करने में विफल है।

## ट्रम्प का फरमान जीएसटी के लिए भी चुनौती



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नई कर नीति देश की संप्रभुता के लिए खतनाक है, यह जीएसटी के लिए भी चुनौती बन गई है, इसलिए सरकार को जल्द इससे निपटने के उपाय करने चाहिए, डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक शुल्क लगाने की बात बहुत चिंताजनक है और उनका यह फरमान जीएसटी की अवधारणा को भी चुनौती देने के साथ ही यह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर भी सवाल उठाता है, कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है, जो जीएसटी को वास्तव में एक अच्छा और सरल टैक्स बनाएगा, जैसा कि इसे मूल रूप से बनाया गया था, कांग्रेस ने न्यूनतम दरों और व्यापक रूप से संशोधित अनुपालन नियमों की मांग की है, अब राष्ट्रपति ट्रम्प जीएसटी के अस्तित्व पर ही खतरा पैदा कर रहे हैं।

**जयराम रमेश**
**प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग**

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक मजबूत विपक्ष जरूरी



**प्रियंका सौरभ**

इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि विपक्ष एक आवश्यक प्रहरी है जो एक समृद्ध लोकतंत्र में सरकार की शक्ति पर नियंत्रण और संतुलन सुनिश्चित करता है। यह विभिन्न दृष्टिकोणों को व्यक्त करने, समाज के विभिन्न पहलुओं का प्रतिनिधित्व करने तथा सरकार को उसके कार्यों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक है। सहिष्णुता, वास्तविक राजनीतिक विरोध, तथा विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने की नागरिकों की क्षमता में विश्वास, ये सभी लोकतंत्र के लिए पूर्वापेक्षाएं हैं। एक कमजोर और बिखरा हुआ विपक्ष चुपचाप खड़ा रह सकता है और बहुमत वाली पार्टी की तानाशाही और मनमर्जी को तानाशाही स्थापित करने की इजाजत दे सकता है।

यद्यपि सरकार के सुचारू संचालन के लिए एक स्वस्थ विपक्ष आवश्यक है, ताकि कभी-कभार होने वाली ज्यादतियों का प्रतिकार किया जा सके और अवरोधों को रोका जा सके, किन्तु विपक्ष की अनुपस्थिति समग्र रूप से लोगों की स्वतंत्रता और जीवन को खतरे में डाल देगी तथा कानून के शासन को भी ख़तरा पहुंचाएगी। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा। लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है। अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार और विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है। पक्षपातपूर्ण मुद्दों का उपयोग अक्सर उन महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करने के लिए किया जाता है, जिनके लिए व्यापक राष्ट्रीय सहमति की आवश्यकता होती है, जैसे विदेश नीति और तकनीकी विकास।

संसदीय चर्चाओं की प्रभावशीलता तब कम हो जाती है जब राजनीतिक दुश्मनी के कारण चर्चा के बजाय अशांति पैदा होती है। सरकार का विधायी एजेंडा और विपक्ष के साथ सार्थक तरीके से बातचीत करने की अनिच्छा यह दर्शाती है कि वह अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है। संसदीय प्रक्रियाओं द्वारा चर्चा और नीति सुधार को सुगम बनाया जाना चाहिए, लेकिन बढ़ती पक्षपातपूर्णता ने इन प्रक्रियाओं को कमजोर कर दिया है। महत्त्वपूर्ण नीतियों पर पूर्व-विधान परामर्श और चर्चाएं अधिक प्रयास से नहीं हो पा रही हैं। सरकार को नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए एक मजबूत विपक्ष की आवश्यकता है। इस बात को समझते हुए, अमेरिकी संस्थापकों ने सरकार के कई स्तर स्थापित किए। वे बड़ी सरकार को लेकर बहुत सतर्क थे, यही कारण है कि उन्हें लगता था कि इसे चलाना कठिन और जटिल है। वे अन्य सदस्यों द्वारा कानून पारित होने से रोकने के लिए वैध लेकिन अनैतिक साधनों के प्रयोग से अनभिज्ञ थे। 'विधेयक पर बात-चीत करते हुए उसे समाप्त कर देना' या 'विधेयक पर बात न करना' का तात्पर्य अनावश्यक भाषणबाजी और समय की बर्बादी से है जिसका उद्देश्य किसी सार्थक विधेयक या कानून को वास्तव में पारित होने से रोकना होता है। विपक्ष सरकार में तोड़फोड़ कर सकता है और कानूनों को पारित होने से रोक सकता है, जिससे वे अप्रभावी हो जाएंगे। मजबूत विपक्ष के अभाव में वर्तमान सरकार निरंकुश और गैर-जवाबदेह हो जाती है और वह ऐसे कानून बना सकती है जो कुछ लोगों या किसी विशिष्ट जनजाति या समूह को लाभ पहुंचाते हैं। जैसा कि कहा गया है, 'सत्ता भ्रष्ट करती है' और खेद की बात है कि ऐसा होता भी है। अतीत के कथित 'परोपकारी' राजा वास्तव में अधिकार के पदों पर नहीं थे। 1960 के दशक में पहली बार नाइजीरियाई सैन्य अधिग्रहण से पहले, देश में मजबूत विपक्ष था। हालांकि, फूट डालो और राज करो की रणनीति, तथा देशद्रोह के आरोप में नेता को जेल में डालकर इसे कुचलने में सफल रहे। परिणामस्वरूप, लोगों ने उन सभी लोगों को मार डाला जिन्हें वे भ्रष्ट मानते थे, क्योंकि उन्हें लगा कि उनकी शिकायतों पर सुनवाई नहीं हो रही है और सरकार गैर-जवाबदेह और भ्रष्ट हो गई है। इसके परिणामस्वरूप तख्तापलट हुआ। मुख्यत: एक विशिष्ट जनजाति से सम्बंधित राजनेताओं की हत्या के बाद गृहयुद्ध छिड़ गया। भले ही नेता को यह विश्वास हो कि वह लोगों के सर्वोत्तम हित में कार्य कर रहा है, लेकिन यदि मामले में उनकी कोई बात नहीं सुनी जाएगी तो लोग उत्पीड़ित महसूस करेंगे। किसी वर्तमान या भूतपूर्व नेता द्वारा जनता के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करने तथा अपने कार्यों के लिए उत्तरदाई ठहराए जाने की क्षमता अद्भुत है। सभी तानाशाह प्रेस में किसी भी प्रकार की असहमति को दबाने से शुरुआत करते हैं, जो एक अन्य महत्त्वपूर्ण तत्व है। इसके बाद उन्हें गैर-सरकारी संगठनों पर हमला करने का अवसर मिलता है। राजनीतिक बयानबाजी के बजाय नीति पर जोर देना संसदीय कार्यप्रणाली में सुधार का एक तरीका है। संसदीय चर्चाओं में पुराने जमाने के दोषारा.पण या चुनाव प्रचार की तुलना में शासन सम्बंधी मुद्दों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

> **लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सरकार और विपक्ष को मिलकर रचनात्मक रूप से काम करना होगा लेकिन भारत में संसदीय बहसों में बढ़ते ध्रुवीकरण, बार-बार व्यवधान तथा गहन चर्चाओं पर बयानबाजी के प्रभुत्व के कारण विधायी विचार-विमर्श की गुणवत्ता और भी खराब हो गई है, अपर्याप्त नीतिगत चर्चा सरकार व विपक्ष के बीच वास्तविक बातचीत में बाधा डालती है**

विपक्ष और सत्तारूढ़ पार्टी के बीच लगातार, संगठित संपर्क से मुद्दा-आधारित संवाद को बढ़ावा मिल सकता है और टकराव से बचने में मदद मिल सकती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि नीतिगत चर्चाएं फलदाई बनी रहें, संसदीय समितियों जैसे तंत्रों को मजबूत किया जाना चाहिए। तात्कालिक राष्ट्रीय मुद्दों पर नियमित चर्चा के माध्यम से सरकार की कार्यवाही को स्पष्ट करना कुछ ऐसा है जो प्रधानमंत्री और अन्य महत्त्वपूर्ण मंत्रियों को करना चाहिए। प्रश्नक.ाल और संगठित नीतिगत चर्चा जैसे मंचों को पुनर्जीवित करके जवाबदेही की गारंटी देना संभव है। राजनीतिक विभाजन पैदा करने के बजाय, विदेश नीति, विकास और आर्थिक परिवर्तन को दलीय मुद्दों के रूप में देखा जाना चाहिए, जिन पर दीर्घकालिक आम सहमति की आवश्यकता है। चर्चाओं के लिए अधिक कठोर नियम और नैतिक मानदंड स्थापित करके संसदीय व्यवधानों को कम किया जाना चाहिए। शिष्टाचार बनाए रखने और न्यायसंगत भागीदारी की गारंटी देने में अध्यक्ष और संसदीय समितियों की भूमिका को बढ़ाना आवश्यक है। रचनात्मक आलोचना विपक्षी दल की भूमिका होनी चाहिए। विपक्ष के कारण मुद्दों और विधेयकों पर अधिक बहस और चर्चा होती है, अन्यथा, उन्हें बिना किसी चर्चा या दूसरों की जरूरतों पर विचार किए पारित कर दिया जाएगा, जो लोकतंत्र के लिए घातक होगा और इसे निरंकुशता में बदल सकता है। किसी महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर, विपक्षी पार्टी ही युद्ध के लिए उतरेगी। प्रभावी शासन के लिए सरकार और विपक्ष के बीच रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता होती है। चूंकि सरकार ही मुख्य प्रभारी निकाय है, इसलिए यह उसका कर्तव्य है कि वह किसी समझौते पर पहुंचने के प्रयासों का नेतृत्व करे तथा यह सुनिश्चित करे कि संसद में चर्चा राजनीतिक दरार को बढ़ाने के बजाय भारत की समस्याओं के समाधान पर केंद्रित हो। किसी लोकतंत्र में विपक्ष की सक्रियता और ताकत अक्सर उसके स्वास्थ्य का सूचक होती है। भारत में विपक्ष को मजबूत करने के लिए सिर्फ़ राजनीतिक दलों को ही नहीं, बल्कि समग्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करना होगा।

# एवोकाडो को डाइट में करें शामिल कम होगा हार्ट डिजीज का खतरा

एवोकाडो को एक सुपरफूड माना जाता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। एवोकाडो आपकी ओवर ऑल हेल्थ का ख्याल रखते हैं, तो यह आपकी सेहत को काफी फायदा पहुंचाता है। लेकिन दिल के लिए एवोकाडो काफी लाभकारी माना जाता है। एवोकाडो में गुड फैट और पोटेशियम से भरपूर होने के कारण यह कोलेस्ट्रॉल को मैनेज करने में सहायता करता है। इसके साथ ही इसमें विटामिन ई जैसे एंटी-ऑक्सीडेंट भी मौजूद होते हैं। जिससे यह सूजन से लड़ने और दिल को नुकसान से बचाने में सहायता करता है। आमतौर पर हम सभी एवोकाडो को स्प्रेड के रूप में टोस्ट पर लगाना पसंद करते हैं।

हालांकि इसको अन्य तरीकों से भी खाया जा सकता है। आप इसको सलाद या फिर स्मूदी के तौर पर भी खा सकते हैं। यह दिल का ख्याल रखने का अच्छा तरीका है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि एवोकाडो आपकी हार्ट हेल्थ का ख्याल किस तरह रखते हैं।

### कम होगा बैड कॉलेस्ट्रॉल...

**हार्ट** से जुड़ी कई बीमारियों की जड़ शरीर में मौजूद बैड कोलेस्ट्रॉल होता है। अगर आप इसको नेचुरली तरीके से कम करना चाहते हैं, तो आपको एवोकाडो को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए। एवोकाडो मोनोअनसैचुरेटेड फैट से भरपूर होता है और शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने के साथ गुड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ाने में सहायता करते हैं। एवोकाडो खाने से बैड कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स को कम किया जा सकता है। इससे हार्ट डिजीज का रिस्क भी काफी कम होता है।

### पोटेशियम से भरपूर...

हार्ट हेल्थ के लिए एवोकाडो को इसलिए भी फायदेमंद माना गया है, क्योंकि इसमें पोटेशियम का भरपूर मात्रा में पाया जाता है। हालांकि इस बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है कि केले से ज्यादा पोटेशियम एवोकाडो में पाया जाता है। आपके शरीर से सोडियम के लेवल को बैलेंस करता है और जिससे ब्लड वेसल्स पर दबाव कम होता है। इससे हार्ट हेल्थ को भी फायदा मिलता है।

### फाइबर से भरपूर...

बता दें कि एवोकाडो में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। फाइबर सिर्फ आपके पाचन तंत्र का ख्याल नहीं रखता है, बल्कि यह हार्ट हेल्थ भी काफी अच्छा माना जाता है। एक एवोकाडो में सिर्फ 10 ग्राम फाइबर पाया जाता है। जिससे ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल लेवल मैनेज होता है।

**हेल्थ टिप्स**

### ब्लड फ्लो होगा बेहतर...

अगर आप एवोकाडो को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं, तो इससे शरीर में ब्लड फ्लो पर बेहतर असर पड़ता है। दरअसल, एवोकाडो में हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं, जो ब्लड वेसल्स को अधिाक फ्लेक्सिबल बनाते हैं। साथ ही ब्लॉकेज के रिस्क को भी कम करते हैं और यह हार्ट हेल्थ के लिए भी काफी अच्छा माना जाता है।



# बढ़ते तापमान से अदृश्य स्वास्थ्य संकट



2024 अब तक का सबसे गर्म वर्ष साबित हुआ, जिसमें वैश्विक तापमान औद्योगिक-पूर्व स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा पार कर चुका है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को अनदेखा करना मुश्किल हो गया है। इसमें लू लगने से मृत्यु जैसे तुरंत दिखने वाले प्रभावों का तो पता चल जाता है लेकिन दीर्घकालिक संचयी नुकसान पर कम ही ध्यान दिया जाता है। जलवायु में हो रहे तेजी से बदलाव को देखते हुए इस मुद्दे पर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है।

**स्रोत फीसर्च**

लंबे समय तक ग्रीष्म लहर और सूखे के प्रभाव से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। बार-बार डीहाइड्रेशन (निर्जलन) और इलेक्ट्रोलाइट असंत.ुलन से किडनी की जीर्ण बीमारियां हो सकती है। लगातार गर्म रातों के कारण नींद की कमी से मान.सिक क्षमता घटती है, रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजा.ेर होती है और शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है। यह खतरा गर्भ में पल रहे बच्चों को भी हो सकता है। गर्भावस्था के दौरान ग्रीष्म लहर जैसी पर्यावरणीय चुनौतियां गर्भस्थ शिशु के विकास को प्रभावित कर सकती हैं और लंबे समय के उनके स्वास्थ्य पर असर डाल सकती हैं। देखा जाए तो, जलवायु परिवर्तन के दबाव जीन अभिव्यक्ति तक को प्रभावित कर सकते हैं। शोध बताते हैं कि जो बच्चे गर्भ में गर्म और शुष्क परिस्थितियों के संपर्क में आते हैं, उनमें वयस्क होने पर उच्च रक्तचाप की संभावना अधिक होती है। कुल मिलाकर, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव गहरे और दूरगामी हो सकते हैं।

इन खतरों के बावजूद, वर्तमान जलवायु आकलन स्वास्थ्य पर पूरे प्रभाव को सही ढंग से मापने में असफल रहे हैं। वास्तव में वर्षों में विकसित होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को मापना मुश्किल होता है। असंगत स्वास्थ्य डैटा के कारण लंबे समय तक स्वास्थ्य जोखिमों को ट्रैक करना काफी जटिल कार्य है। उदाहरण के लिए, हम यह तो समझते हैं कि गर्मी शरीर को कैसे प्रभावित करती है, लेकिन यह अलग-अलग लोगों को दीर्घावधि में किस तरह प्रभावित करती है, इसे ट्रैक करना अब भी एक चुनौती बना हुआ है। इस अंतर को पाटने के लिए, शोधकर्ताओं और जन स्वास्थ्य अधिकारियों को जलवायु प्रभाव से जुड़े अध्ययनों का दायरा बढ़ाना होगा। उपलब्ध साक्ष्य बताते हैं कि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली बीमारियों और मौतों का बोझ मौजूदा अंदाजों से कहीं अधिक है। इसलिए, बेहतर स्वास्थ्य डैटा और दीर्घकालिक प्रभावों का अध्ययन करना बेहद जरूरी है।

# महाकुंभ: आयोजन का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की जिम्मेदारी





**निर्मल रानी**

भारतवर्ष में आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को 'कुंभ मेला' के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिए सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहां गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहां लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला 'महाकुंभ' है। हालांकि इस दावे पर उंगलियां उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुए सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था।

इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहां श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत, विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति, आधुनिकता, उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालांकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिए आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है। परन्तु राजनीति के वर्तमान दौर में जबकि बिना कुछ किए ही राजनेता श्रेय लेने को आतुर रहते हैं ऐसे में इतने बड़े आयोजन की भव्यता दिव्यता व सफलता का श्रेय डबल इंजन की सरकारें न लें यह आखिर कैसे हो सकता है।

इस महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार की गरज से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में 'महाकुंभ-2025' की विस्तृत चर्चा की गई। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में बताया था कि किस तरह संगम तट पर मेले की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। साथ ही उन्होंने मेले से पूर्व हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखने के अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि 'इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता'। मोदी ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' और दूसरे तरीके से कहूंगा 'गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा'। और इसी अपील के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने दिसम्बर माह में 4 बार महाकुंभ का निरीक्षण किया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2019 में आयोजित हुए कुंभ मेले की तुलना में इस बार पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक जनोपयोगी सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया। जाहिर है भारतीय मीडिया भी काफी पहले से महाकुंभ आयोजन का दिन रात प्रचार कर रहा था। सरकार द्वारा टीवी, समाचारपत्र-पत्रकाओं सहित लगभग सभी प्रचार माधयमों में सैकड़ों करोड़ के विज्ञापन दिए गए थे। हद तो यह है कि बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सरीखे नाममात्र प्रवचन कर्ताओं द्वारा यह तक कह दिया गया था कि इस महाकुंभ में स्नान न करने वाला देशद्रोही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरकार द्वारा हजारों की संख्या में विशेष रेलगाड़ियां, बसें, विमान आदि भी चलाए गए। इस तरह के व्यापक प्रचार प्रसार तथा धार्मिक आस्था के घालमेल में करोड़ों लोगों का प्रयागराज में इकट्ठा होना तो स्वभाविक था ही। परन्तु दुर्भाग्यवश इतना विशाल आयोजन प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक कुप्रबंधन का शिकार रहा। मेला क्षेत्र में 30 दिन के अंदर अलग अलग क्षेत्रों में पांच बार तो आगजनी की घटनायें घटीं। जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 350 से ज्यादा फायर ब्रिगेड, 2000 से अधिक प्रशिक्षित अग्निशामक, 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फायर पोस्ट बनाए गए थे साथ ही अखाड़ों और टेंट में अग्नि सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए थे। उसके बावजूद यह हादसे पेश आए? इसी तरह कुंभ मेला क्षेत्र में अनेक बार भगदड़ मची। जिसमें दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे। अभी भी कई लोगों को अपने खोये परिजनों की तलाश है। पूरा शहर कई दिनों तक जाम की चपेट में रहा। यहां तक कि वी आई पी पास निरस्त करने पड़े और प्रयागराज को 'नो वेहिकिल जोन' तक घोषित करना पड़ा। और आखिरकार श्रद्धालुओं के इस सैलाब ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ का रूप ले लिया। यहां भी 14 महिलाओं व 4 पुरुषों की मौत हो गई।


> **इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को 'महाकुंभ' के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला महाकुंभ है**




# योगी-अखिलेश आमने-सामने

गुरुवार, 20 फरवरी 2025







# महाकुंभ सरकार का नहीं समाज का है आयोजनः योगी

**बुधवार को लखनऊ में योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र के दौरान अपने भाषण में जबरदस्त तरीके से अखिलेश यादव पर निशाना साधा, जबकि अखिलेश यादव भी कहां पीछे रहने वाले थे। अखिलेश ने भी सीएम योगी को आड़ेहाथों लेते हुए खरी-खोटी सुना डाली।**

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि हम लोग जब यहां पर चर्चा कर रहे हैं तो करोड़ों लोग महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। यह आयोजन किसी सरकार का नहीं है, समाज का है।

सरकार केवल सेवक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही है। हमें अपनी जिम्मेदारियों का अहसास है। आयोजन के प्रति तमाम अफवाहों को दरकिनार करते हुए पूरी दुनिया ने इसमें सहभागिता दिखाई है। हमारी संवेदना उन लोगों के साथ है जिनकी भगदड़ में जान गई।

समाजवादी पार्टी पर हमला करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड में भी विपक्ष ने उपहास उठाया था। ये लोग वैक्सीन को बीजेपी की वैक्सीन कहा करते थे।

अब कुंभ का विरोध करना इनकी मजबूरी है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले यूपी के लोगों के सामने पहचान का संकट था, लेकिन पिछले 8 सालों में यूपी की छवि बदली है। अब यूपी के लोगों को सम्मान मिलता है। 5 हजार साल पहले भी कुंभ का जिक्र मिलता है पुराणों में।

## अगर यह अपराध है तो हम हैं अपराधीः योगी

यूपी विधानसभा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर फ्लोर लैंग्वेज विवाद पर बयान दिया। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदी इस सदन की भाषा है, उसे नहीं हटाया जा रहा है, ना ही किसी भाषा को थोंपा जा रहा है। आप लोग बस उर्दू-उर्दू कर रहे हैं। हमने फ्लोर लैंग्वेज में स्थानीय भाषाओं को ऐड किया है, ताकि ग्रामीण इलाकों से आने वालों को बोलने-समझने में आसानी हो।

## शायरी के साथ किया विपक्ष पर तंज

सीएम योगी ने विधानसभा में विपक्ष से कहा कि ध्यान देना यह उर्दू में नहीं है, यह शायरी हिंदी में है। वैसे भी सपा के संस्कार हैं, हर अच्छी चीज का विरोध करना।

इनका दोहरा चरित्र जग जाहिर है। सीएम ने शायरी पढ़ी-बड़ा हसीन है इनकी जुबान का जादू, लगा के आग बहारों की बात करते हैं। जिन्होंने रात को चुन-चुन के बस्तियों को लूटा वही अब बहारों की बात करते हैं।

सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया हैंडल की भाषा को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि यह किसी सभ्य समाज की भाषा नहीं हो सकती। उन्होंने यह भी कहा कि सपा के नेता अकबर के किले को जानते थे, लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप के महत्व से अनजान थे। यह इनका सामान्य ज्ञान है महाकुंभ और प्रयागराज को लेकर।

भतीजा गया, चच्चू नहीं जा पाए

सीएम ने तंज कसा कि महाकुंभ में भतीजा तो चला गया, नहा आया लेकिन चच्चू फिर नहीं जा पाए, अरे पाण्डेय जी (माता प्रसाद को) आप लेके जाइए चच्चू को, 2013 मे नहीं गए तो क्या हुआ, 2025 में जाइए। सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नहीं रहा, महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया।

प्रयागराज काशी अयोध्या ने अतिथि देवो भवः का प्रमाण प्रस्तुत किया, जो लोग इस पर दुष्प्रचार कर रहे हैं, वो जनता देख रही है,जनता जनार्दन तमाम दुष्प्रचार के बाद मान नहीं रही है।

# योगी सरकार 8 लाख करोड़ रुपये का पेश कर सकती है बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार का आम बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गुरुवार की सुबह विधानसभा में पेश किया जाएगा। इससे पहले इस बजट को अब कैबिनेट में अनुमोदित कराया जाएगा।

जिसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सुबह उनके आवास पर कैबिनेट की मीटिंग आयोजित की जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार इस बार करीब 8 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश करेगी। केंद्रीय बजट के अनुपात में बात की जाए, तो यह करीब 16 फीसदी होगा।

### यूपी से व्यापारी उद्यमी पलायन कर रहेः अखिलेश

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि व्यापारी और उद्यमी पलायन कर रहे हैं। गन्ना का मूल्य तो बढ़ाया नहीं गया। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य भी छुपाया जा रहा है। किसानों की फसल को एमएसपी दरों में खरीद पर चुप्पी साध ली गई है। बिजली महंगी है। बीजेपी की डबल इंजन सरकार की बेईमानी, झूठ और लूट की राजनीति ने प्रदेश को बहुत पीछे कर दिया है। यहां हर आदमी परेशान है। अखिलेश ने कहा कि राज्यपाल महोदय ने बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार पर एक शब्द नहीं कहा।

# जो एक-दो देश गए हों, उनका नजरिया कैसे बड़ा हो सकता हैः अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि दूसरों पर भाषागत प्रहार करके समाज में भेद उत्पन्न करने वालों में अगर क्षमता हो तो यूपी में ऐसे वर्ल्ड क्लास स्कूल विकसित करके दिखाएं कि लोग बच्चों को पढ़ने के लिए बाहर न भेजें, लेकिन इसके लिए विश्व दृष्टिकोण विकसित करना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आगे लिखा कि जो आज तक आसपास के एक-दो देश ही गए हों, उनका नजरिया कैसे इतना बड़ा हो सकता है कि वो इतना बड़ा काम कर पाएंगे।

**राज्यपाल के अभिभाषण पर भी जताई आपत्ति**

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने जारी एक बयान में राज्य विधान मंडल में राज्यपाल के अभिभाषण को सच्चाई से कोसों दूर बताया है। सपा मुखिया ने कहा कि यह नीरस और निराशाजनक है।

# जब सपा के षड्यंत्र से तंग आकर संसद में रोए थे योगी

## यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर लगाया था साजिश रचने का आरोप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाकथ एक बार लोकसभा में यूपी पुलिस की बर्बरता का वर्णन करते हुए रो पड़े थे। प्रखर एवं उग्र हिंदुत्व के पोषक माने जाने वाले आक्रामक बीजेपी नेताओं में गिने जाने वाले योगी आदित्यनाथ लोकसभा में जोर-जोर से रोने लगे थे। वर्ष 2006 में लोकसभा में पुलिस की प्रताड़ना का जिक्र करते हुए योगी रोने लगे थे, तब मुलायम सिंह यादव यूपी के सीएम थे।

### वर्ष 2006 का है पूरा मामला

वर्ष 2006 में गोरखपुर से बीजेपी सांसद योगी आदित्यनाथ ने अपनी बात रखने के लिए लोकसभा अध्यक्ष से विशेष अनुमति ली थी।

तब पूर्वांचल के कई कस्बों में सां. प्रदायिक हिंसा फैली थी। जब आदित्यनाथ अपनी बात रखने के लिए खड़े हुए तो फूट-फूट कर रोने लगे। कुछ देर तक वे कुछ बोल ही नहीं पाए और जब बोले तो कहा कि उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी की सरकार उनके खिलाफ षड्यंत्र कर रही है और उन्हें जान का खतरा है। योगी ने सपा के खिलाफ साजिश करने और उनके खिलाफ षड्यंत्र रचने के गंभीर आरोप लगाए थे।



# किसको क्या मिल सकता है



- 100 किलोमीटर लंबा यह लिंक एक्सप्रेसवे गंगा एक्सप्रेसवे और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को जोड़ने की घोषणा।
- प्रयागराज और वाराणसी को मिलाकर बनाया जाएगा धार्मिक क्षेत्र। इसमें सात जिलों को शामिल किया जाएगा।
- बौद्ध सर्किट के विकास को दी जाएगी रफ्तार।
- लखनऊ में मेट्रो रेल का विस्तार करने की है तैयारी। कुल 6 कॉरिडोर का होगा निर्माण।
- स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण में युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देने के लिए बजट के प्रावधान की है तैयारी।
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) को मिलेगा बड़ा बजट।
- प्राइवेट ट्यूबवैल पर मुफ्त बिजली का वादा किया गया था। बजट में इसको मंजूरी मिल सकती है।
- यूपी में अनस्किल्ड श्रमिकों की संख्या करीब 3 करोड़ से ज्यादा है। इनकी और परिवार की मदद के लिए सरकार की ओर से किसी योजना का ऐलान किया जा सकता है।
- यूपी के दसवीं और इंटरमीडिएट स्कूलों में 5 हजार से ज्यादा चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग से करने का फैसला किया जा सकता है। महिलाओं को भी खास योजना का तोहफा मिल सकता है।










स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज

भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।

फोन न0- 9756686426